

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 282 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) मंगलवार 21 जुलाई 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


## मानसून सत्र के पहले दिन विपक्ष के हंगामे से ठप रही संसद

लोकसभा-राज्यसभा की कार्यवाही मंगलवार तक स्थगित



नई दिल्ली। संसद के मानसून सत्र के पहले दिन सोमवार को विपक्ष के हंगामे के कारण लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही बार-बार बाधित रही। विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की मांग को लेकर हुए विरोध के बीच अंततः दोनों सदनों की कार्यवाही मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। हंगामे के बीच लोकसभा में सुप्रीम कोर्ट (न्यायाधीशों की संख्या) संशोधन विधेयक, 2026 पेश किया गया, जिसके तहत न्यायाधीशों की संख्या 33 से बढ़ाकर 37 करने का प्रस्ताव है। वहीं, राज्यसभा में 'वंदे मातरम' को राष्ट्रगान के समान सम्मान देने संबंधी विधेयक पेश नहीं हो सका। विपक्ष ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन, नीट और अन्य परीक्षाओं के पेपर लीक जैसे मुद्दों पर चर्चा की मांग की, जिसके चलते पूरे दिन कोई महत्वपूर्ण विधायी कार्य नहीं हो सका।

## राष्ट्रपति मुर्मु की मोल्दोवा यात्रा से भारत-मोल्दोवा संबंधों को मिलेगी नई मजबूती

नई दिल्ली। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की मोल्दोवा की राजकीय यात्रा से भारत और मोल्दोवा के बीच व्यापार, प्रौद्योगिकी, पर्यटन और प्रतिभा (4-टी) के क्षेत्रों में सहयोग को नई गति मिलेगी। विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज ने बताया कि यात्रा के दौरान संसदीय सहयोग, व्यापार और निवेश बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। राष्ट्रपति मुर्मु ने मोल्दोवा की संसद के स्पीकर से मुलाकात की और दोनों देशों के पहले भारत-मोल्दोवा बिजनेस फोरम को भी संबोधित किया। विदेश मंत्रालय के अनुसार, यह यात्रा दोनों देशों के आर्थिक, लोकतांत्रिक और रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

सोशल मीडिया पर सेना की तैनाती और प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई के झूठे दावे वायरल, भारतीय सेना और दिल्ली पुलिस ने कहा– राजधानी में कानून-व्यवस्था पूरी तरह पुलिस व CAPF के जिम्मे

# दिल्ली प्रदर्शन की आड़ में पाकिस्तान की दुष्प्रचार साजिश नाकाम !

## सेना और दिल्ली पुलिस ने मिनटों में किया फर्जी दावों का पदार्फाश

समाज जागरण

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में चल रहे विरोध प्रदर्शनों के बीच भारत विरोधी तत्वों ने सोशल मीडिया के जरिए दुष्प्रचार फैलाने की कोशिश की। पाकिस्तान से संचालित बताए जा रहे कई सोशल मीडिया हैंडल्स ने दावा किया कि प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने के लिए भारतीय सेना को दिल्ली की सड़कों पर उतार दिया गया है। इन पोस्टों में यह भी आरोप लगाया गया कि संसद क्षेत्र के आसपास सेना प्रदर्शनकारियों पर हथियार तानकर कार्रवाई कर रही है तथा कई लोगों की मौत और दर्जनों के घायल होने की बात कही गई।

हालांकि, भारतीय सेना के आधिकारिक फैक्ट-चेक तंत्र और दिल्ली पुलिस ने इन दावों को पूरी तरह निराधार और भ्रामक बताते हुए तत्काल खारिज कर दिया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि राजधानी में कानून-व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी केवल



दिल्ली पुलिस और निर्धारित केंद्रीय सुरक्षा बलों के पास है तथा भारतीय सेना की किसी भी प्रकार की तैनाती नहीं की गई है।

जांच में सामने आया कि सोशल मीडिया पर प्रसारित किए जा रहे कई वीडियो और तस्वीरें पुराने अथवा असंबंधित घटनाक्रमों से जुड़ी थीं, जिन्हें गलत संदर्भ के साथ साझा कर यह भ्रम फैलाने का प्रयास किया गया कि भारत अपने ही नागरिकों के खिलाफ सैन्य बल का इस्तेमाल कर रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार, इस तरह की भ्रामक सामग्री का उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की छवि को नुकसान पहुंचाना और देश में भ्रम तथा अस्थिरता का माहौल बनाना होता है।

### आधिकारिक स्पष्टीकरण

भारतीय सेना ने स्पष्ट किया कि दिल्ली में किसी भी प्रदर्शन को नियंत्रित करने के लिए सेना को नहीं बुलाया गया है। वहीं दिल्ली पुलिस ने भी कहा कि राजधानी में




सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह दिल्ली पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल और आवश्यकता अनुसार रैपिड एक्शन फोर्स के माध्यम से संचालित की जा रही है।

### फर्जी खबरों से सावधान रहने की अपील

दिल्ली पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर प्रसारित किसी भी अपुष्ट जानकारी पर विश्वास न करें और केवल आधिकारिक स्त्रोतों से जारी सूचनाओं पर ही भरोसा करें। साथ ही चेतावनी दी गई कि अफवाह फैलाने या भ्रामक सामग्री साझा करने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

*(नोटः यह समाचार उपलब्ध आधिकारिक स्पष्टीकरण और सार्वजनिक रूप से साझा की गई जानकारी के आधार पर तैयार किया गया है। सोशल मीडिया पर प्रसारित किसी भी दावे की पुष्टि संबंधित सरकारी एजेंसियों से किए बिना नहीं की जानी चाहिए।)*

## त्रिपुरा के पुलिस महानिदेशक अनुराग ढंकर का निधन

समाज जागरण

अगरतला। त्रिपुरा के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग ढंकर का सोमवार को निधन हो गया। उन्हें गंभीर अवस्था में अगरतला स्थित गोविंद बल्लभ पंत (जीबीपी) अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने लगभग 48 मिनट तक उन्हें पुनर्जीवित (रेससिटेशन) करने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली।

अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सकों के अनुसार, अनुराग ढंकर को अस्पताल लाए जाने के समय उनके शरीर में कोई स्पष्ट जीवन संकेत (वाइटल साइन) नहीं थे। चिकित्सकों ने सभी आवश्यक आपातकालीन प्रयास किए, जिसके बाद दोपहर 12:48 बजे उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

उनके निधन की खबर से पुलिस विभाग और प्रशासनिक हलकों में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन के कारणों को लेकर आधिकारिक जानकारी की प्रतीक्षा की जा रही है। (इनपुट : एजेंसी)

विदेश मंत्रालय ने की पुष्टि, एक भारतीय घायल; भारत ने नागरिक जहाज पर हमले की कड़ी निंदा की, यूक्रेन ने रूस पर लगाया आरोप

# ओडेसा बंदरगाह के पास मालवाहक जहाज पर हमला, चार भारतीय नाविकों की मौत

समाज जागरण

नई दिल्ली/कीव। यूक्रेन के ओडेसा बंदरगाह के निकट एक मालवाहक जहाज पर हुए भीषण हमले में चार भारतीय नागरिकों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य भारतीय गंभीर रूप से घायल हो गया। भारत के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि 19 जुलाई 2026 की शाम ओडेसा बंदरगाह से रवाना हो रहे एमवी गोल्डन लियो पर हमला हुआ। जहाज पर कुल 17 चालक दल के सदस्य सवार थे, जिनमें पांच भारतीय नागरिक शामिल थे।

विदेश मंत्रालय के अनुसार, हमले में चार भारतीय नाविकों की मौत हो गई, जबकि घायल भारतीय का अस्पताल में उपचार चल रहा है। यूक्रेन स्थित भारतीय दूतावास स्थानीय प्रशासन के संपर्क में है और प्रभावित भारतीयों तथा उनके परिजनों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

भारत सरकार ने मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए घायल भारतीय के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। साथ ही सरकार ने वाणिज्यिक जहाज पर हुए हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि निर्दोष नागरिक चालक दल को निशाना बनाना, समुद्री नौवहन की स्वतंत्रता और अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए गंभीर खतरा है।



### यूक्रेन ने रूस पर लगाया आरोप

घटना के बाद यूक्रेन ने इस हमले के लिए सीधे रूस को जिम्मेदार ठहराया है। यूक्रेन के विदेश मंत्री ने आरोप लगाया कि रूसी हमले में नागरिक मालवाहक जहाज को निशाना बनाया गया, जिस पर भारत और सीरिया के नागरिक मौजूद थे। उनके अनुसार, हमले में एक यूक्रेनी समुद्री पायलट और चार भारतीय चालक दल के सदस्यों की जान गई।

यूक्रेन का कहना है कि यह हमला केवल एक जहाज पर नहीं, बल्कि वैश्विक खाद्य आपूर्ति श्रृंखला और अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार की सुरक्षा पर भी गंभीर प्रहार है। कीव ने इस मामले को अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन और अपने सहयोगी देशों के समक्ष उठाने तथा रूस के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और नए प्रतिबंध लगाने की मांग की है।

### समुद्री सुरक्षा पर बढ़ी चिंता

यूक्रेन ने दावा किया कि इससे एक दिन पहले भी काला सागर में एक विदेशी मालवाहक जहाज पर हमला हुआ था, जिसमें एक व्यक्ति की मौत और तीन लोग घायल हुए थे। लगातार हो रहे इन हमलों ने रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच काला सागर में नागरिक जहाजों की सुरक्षा को लेकर नई चिंताएं पैदा कर दी हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि यह घटना वैश्विक समुद्री व्यापार और अंतरराष्ट्रीय नौवहन की सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती है। भारत के लिए भी यह मामला बेहद संवेदनशील है, क्योंकि हाल के वर्षों में विदेशी जलक्षेत्र में भारतीय नाविकों की मौत की यह सबसे गंभीर घटनाओं में से एक मानी जा रही है।

## यूपीआई से जुड़े 55.49 करोड़ उपयोगकर्ता, वित्त वर्ष 2025-26 में 314 लाख करोड़ रुपये से अधिक के लेनदेन

समाज जागरण

नई दिल्ली। देश में डिजिटल भुगतान प्रणाली का दायरा लगातार बढ़ रहा है। केंद्र सरकार ने सोमवार को लोकसभा में बताया कि जून 2026 तक यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) प्लेटफॉर्म पर 55.49 करोड़ उपयोगकर्ता पंजीकृत हो चुके हैं। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान यूपीआई के माध्यम से 24,161.69 करोड़ लेनदेन किए गए, जिनका कुल मूल्य 314.23 लाख करोड़ रुपये रहा।

वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में बताया कि पिछले पांच वर्षों में यूपीआई का उपयोग अभूतपूर्व गति से बढ़ा है और यह भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था की मजबूत आधारशिला बन चुका है।

### पांच वर्षों में कई गुना बढ़ा यूपीआई का उपयोग

सरकार के आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2021-22 में यूपीआई के जरिए 4,595.61 करोड़ लेनदेन हुए थे, जिनका कुल मूल्य 84.16 लाख करोड़ रुपये था। वहीं वित्त वर्ष 2025-26 तक यह संख्या बढ़कर 24,161.69 करोड़ लेनदेन और 314.23 लाख करोड़ रुपये के मूल्य तक पहुंच गई। यह वृद्धि देश में डिजिटल भुगतान के प्रति बढ़ते भरोसे और व्यापक




स्वीकार्यता को दशार्ती है।

### सुरक्षित डिजिटल भुगतान पर सरकार का फोकस

सरकार ने बताया कि यूपीआई लेनदेन को अधिक सुरक्षित और पारदर्शी बनाने के लिए केंद्र सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक और नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लगातार सुरक्षा उपायों को मजबूत कर रहे हैं। इन उपायों में जोखिम-आधारित लेनदेन सीमा, अनधिकृत मोबाइल नंबर परिवर्तन पर निगरानी, एसएमएस आधारित प्रमाणीकरण के दुरुपयोग को रोकने की व्यवस्था तथा यूपीआई एप्लीकेशनों के लिए उन्नत सुरक्षा मानकों को लागू किया गया है।

### सुरक्षा ढांचे को मिली नई मजबूती

एनपीसीआई ने कॉम्प्रिहेंसिव यूपीआई इंफॉर्मेशन सिक्योरिटी फ्रेमवर्क 2025 और मोबाइल एप्लीकेशन सुरक्षा ढांचा भी लागू किया है। सरकार का कहना है कि इन कदमों से यूपीआई इकोसिस्टम की सुरक्षा और विश्वसनीयता में और मजबूती आएगी तथा साइबर धोखाधड़ी की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण संभव होगा।

### दुनिया के कई देशों में पहुंचा यूपीआई

सरकार ने बताया कि एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड के माध्यम से यूपीआई का विस्तार वैश्विक स्तर पर भी तेजी से किया जा रहा है। वर्तमान में भूटान, सिंगापुर, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), फ्रांस, मॉरीशस, श्रीलंका, नेपाल, कतर, ग्रीस और कंबोडिया सहित कई देशों में यूपीआई आधारित भुगतान सेवाएं उपलब्ध हैं।

इससे भारतीय पर्यटकों, छात्रों और प्रवासी भारतीयों को विदेशों में डिजिटल भुगतान की सुविधा मिल रही है। साथ ही साझेदार देशों को आधुनिक डिजिटल भुगतान प्रणाली विकसित करने में भी सहयोग प्राप्त हो रहा है। (स्त्रोतः पीआईबी)

## नाथन स्मिथ बने जून 2026 के ICC पुरुष प्लेयर ऑफ द मंथ

समाज जागरण

नई दिल्ली। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज नाथन स्मिथ को जून 2026 के लिए ICC Men's Player of the Month चुना गया है। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन के दम पर उन्होंने भारत के कप्तान शुभमन गिल और बांग्लादेश के ऑलराउंडर मोसादेक हुसैन को पछाड़ते हुए यह सम्मान हासिल किया।




27 वर्षीय स्मिथ ने तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में 16 विकेट लेकर न्यूजीलैंड को इंग्लैंड में 2-1 से ऐतिहासिक सीरीज जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। लॉर्ड्स टेस्ट में उन्होंने दूसरी पारी में 6 विकेट लेकर मैच में कुल 9 विकेट झटके। पुरस्कार मिलने पर स्मिथ ने कहा कि टीम की जीत में योगदान के लिए मिली यह पहचान उनके लिए बेहद खास है। (इनपुट : एजेंसी)

## ISSF वर्ल्ड कप के लिए भारतीय शूटिंग टीम घोषित, मनु भाकर और स्वप्निल कुसाले करेंगे अगुवाई



समाज जागरण

नई दिल्ली। चीन के हांगझोऊ में 20 से 29 जुलाई तक होने वाले ISSF वर्ल्ड कप (राइफल/पिस्टल/शॉटगन) के लिए भारत ने 36 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर और स्वप्निल कुसाले भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे।

भारतीय दल में राइफल, पिस्टल और शॉटगन वर्ग के अनुभवी खिलाड़ियों के साथ कई युवा शूटरों को भी जगह दी गई है। टीम में ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, ईशा सिंह, इलावेनिल वलारिवन, सिफ्ट कौर सामरा, अनीश भनवाला, राही सरनोबत, गनेमत सेखों और अनंत जीत सिंह नरुका जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं। प्रतियोगिता में 10 मीटर एयर राइफल, एयर पिस्टल, 25 मीटर पिस्टल, 50 मीटर राइफल, ट्रैप, स्कीट और विभिन्न मिक्स्ड टीम स्पधाओं में भारतीय निशानेबाज पदकों के लिए चुनौती पेश करेंगे।

## रोबोटिक्स में चीन की बड़ी छलांग, 400 से अधिक ह्यूमनॉइड मॉडल विकसित

समाज जागरण

बीजिंग। रोबोटिक्स और हाई-टेक तकनीक के क्षेत्र में चीन ने बड़ा दावा करते हुए बताया है कि उसके पास अब 400 से अधिक ह्यूमनॉइड रोबोट मॉडल हैं, जो वैश्विक स्तर पर उपलब्ध मॉडलों का आधे से अधिक हिस्सा बताए जा रहे हैं। चीन के उद्योग और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अनुसार, दुनिया में बिकने वाले चार पैरों वाले रोबोटों में लगभग 70 प्रतिशत चीन में निर्मित हैं।

चीन का झेजियांग प्रांत रोबोटिक्स का प्रमुख केंद्र बनकर उभरा है। हांगझोउ शहर में 700 से अधिक रोबोटिक्स कंपनियां कार्यरत हैं, जबकि वर्ष की पहली छमाही में इस प्रांत से 1 अरब युआन से अधिक के रोबोट निर्यात किए गए। स्मार्ट बायोनिक रोबोट के निर्यात में झेजियांग की हिस्सेदारी करीब 60 प्रतिशत रही।

रोबोटिक्स के साथ-साथ चीन डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर का भी तेजी से विस्तार कर रहा है। जून 2026 तक देश में 51 लाख से अधिक 5G बेस स्टेशन स्थापित किए जा चुके हैं। चीन अब 5G-A, 10-गीगाबिट ब्रॉडबैंड और 6G तकनीक के दूसरे चरण के परीक्षणों पर भी तेजी से काम कर रहा है।

# शून्य उत्सर्जन की दिशा में भारतीय रेलवे का सफर

**महेन्द्र तिवारी**

भारतीय रेल नेटवर्क दुनिया के सबसे बड़े और व्यस्ततम रेल नेटवर्कों में से एक है। अपनी स्थापना के समय से लेकर आज तक भारतीय रेलवे ने समय के साथ अपनी तकनीक और कार्यप्रणाली में कई बड़े और परिवर्तनकारी बदलाव किए हैं। कोयले से चलने वाले भाप इंजनों से लेकर डीजल और फिर व्यापक विद्युतीकरण तक का सफर रेलवे की निरंतर तकनीकी प्रगति को दशार्ता है। इसी विकास यात्रा में अब एक और ऐतिहासिक अध्याय जुड़ गया है। भारत ने अपनी पहली हाइड्रोजन ईंधन सेल आधारित ट्रेन का सफलतापूर्वक संचालन शुरू कर दिया है। नमो ग्रीन रेल के नाम से जानी जाने वाली यह अत्याधुनिक ट्रेन हरियाणा के जींद से सोनीपत के बीच पटरियों पर उतरी है। यह केवल एक नई ट्रेन का उद्घाटन मात्र नहीं है बल्कि यह ऊर्जा के स्वच्छ विकल्पों की ओर भारत के एक बड़े और निर्णायक कदम का प्रतीक है।

इस महत्वाकांक्षी परियोजना की सबसे बड़ी खासियत इसका पूरी तरह से स्वदेशी होना है। इस ट्रेन का निर्माण भारतीय रेलवे की चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री में किया गया है जो भारत की आत्मनिर्भरता और इंजीनियरिंग क्षमता का एक उत्कृष्ट उदाहरण पेश करता है। इस ट्रेन के स्वरूप और क्षमता की बात करें तो इसमें दो विशेष रूप से डिजाइन की गई हाइड्रोजन ड्राइविंग पावर कार और आठ वातानुकूलित यात्री कोच शामिल किए गए हैं। अपनी पूरी क्षमता के साथ यह ट्रेन एक बार में लगभग छब्बीस सौ यात्रियों को उनके गंतव्य तक सुरक्षित और सुगमता से पहुंचाने में सक्षम है। गति के मोर्चे पर भी यह ट्रेन काफी उन्नत है। हालांकि इसकी अधिकतम डिजाइन गति एक सौ दस किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित की गई है लेकिन वर्तमान प्रायोगिक चरण में इसे पचहत्तर किलोमीटर प्रति घंटे की सुरक्षित रफ्तार से संचालित किया जा रहा है।

इस ट्रेन के काम करने का तरीका पारंपरिक रेलगाड़ियों से बिल्कुल अलग और विज्ञान का एक अद्भुत चमत्कार है। डीजल इंजनों में जहां जीवाश्म ईंधन जलाया जाता है और इलेक्ट्रिक ट्रेनों में ऊपर लगे तारों से बिजली ली जाती है वहीं यह हाइड्रोजन ट्रेन अपनी बिजली खुद बनाती है। ट्रेन की छतों या विशेष डिब्बों में उच्च दबाव वाले मजबूत टैंक लगे होते हैं जिनमें हाइड्रोजन गैस सुरक्षित रूप से भरी होती है। यह गैस ट्रेन में लगे अत्याधुनिक फ्यूल सेल के भीतर जाती है। वहां यह गैस वायुमंडल से खींची गई ऑक्सीजन के साथ एक इलेक्ट्रो रासायनिक प्रतिक्रिया करती है। इस पूरी रासायनिक प्रक्रिया के परिणामस्वरूप भारी मात्रा में बिजली पैदा होती है और यही वह बिजली है जो ट्रेन की भारी भरकम मोटरों को चलाकर उसे पटरियों पर आगे बढ़ाती है।

इस पूरी प्रक्रिया का सबसे खूबसूरत और पर्यावरण के अनुकूल पहलू यह है कि इसमें कोई हानिकारक धुआं या कार्बन गैस वातावरण में नहीं घुलती है। बिजली बनने की इस प्रक्रिया के अंत में केवल शुद्ध जलवाष्प और थोड़ी सी ऊष्मा ही बाहर आती है जिसे पूरी तरह से शून्य उत्सर्जन वाली हरित तकनीक कहा जाता है। ऊर्जा को और अधिक कुशल बनाने के लिए इस ट्रेन में हाइब्रिड ऊर्जा प्रणाली का भी बेहतरीन उपयोग किया गया है। फ्यूल सेल के अलावा इस ट्रेन में उच्च क्षमता वाली लिथियम आयरन फॉस्फेट बैटरियां भी लगाई गई हैं। जब ट्रेन एक समान गति से चल रही होती है तो अतिरिक्त बिजली इन बैटरियों में जमा हो जाती है। इसके अलावा जब चालक ब्रेक लगाता है तो उस घर्षण से पैदा होने वाली ऊर्जा भी बेकार नहीं जाती बल्कि वह सीधे इन बैटरियों को चार्ज कर देती है। जब ट्रेन को अचानक तेजी से आगे बढ़ना होता है तो ये बैटरियां अतिरिक्त ताकत प्रदान करके ऊर्जा की खपत को बेहद संतुलित कर देती हैं।

भारत जैसे विशाल और भौगोलिक विविधताओं वाले देश में इस नई तकनीक की प्रासंगिकता बहुत अधिक हो जाती है। यह सच है कि भारतीय रेलवे ने अपने अधिकतर मुख्य मार्गों पर बिजली के तार बिछा दिए हैं लेकिन आज भी देश में कई ऐसे दुर्गम इलाके मौजूद हैं जहां ऐसा करना न तो आर्थिक रूप से संभव है और न ही भौगोलिक रूप से आसान है। ऊंचे पहाड़ी क्षेत्रों से गुजरने वाले मार्ग ऐतिहासिक महत्व के रेलवे ट्रैक और घने जंगलों के बीच से निकलने वाले रास्तों पर बिजली के खंभे और तार लगाना पर्यावरण को नुकसान पहुंचा सकता है। ऐसे गैर विद्युतीकृत और कठिन मार्गों पर यह हाइड्रोजन ट्रेन डीजल इंजनों का एक बहुत ही शानदार और स्वच्छ विकल्प बनकर उभर सकती है जिससे दूरदराज के इलाकों में भी बिना प्रदूषण फैलाए आधुनिक रेल सेवा की पहुंच सुनिश्चित की जा सकेगी।

आर्थिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो इस परियोजना के दो बिल्कुल अलग अलग पहलू हैं। आम जनता की सुविधा और इस नई तकनीक को लोकप्रिय बनाने के लिए रेलवे ने यात्रियों का किराया सामान्य डीजल ट्रेनों के बराबर ही रखा है ताकि किसी भी नागरिक पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ न पड़े। लेकिन सच यह है कि पर्दे के पीछे इस तकनीक को विकसित करने और लागू करने की प्रारंभिक लागत बहुत अधिक है। हाइड्रोजन गैस को सुरक्षित रखने वाले कार्बन फाइबर के टैंक आयातित और महंगे फ्यूल सेल उन्नत बैटरियां और ऊर्जा प्रबंधन का पूरा सॉफ्टवेयर करोड़ों रुपये के भारी निवेश की मांग करता है। इसके साथ ही इस ट्रेन को चलाने के लिए सिर्फ डिब्बों की जरूरत नहीं है बल्कि पूरे देश में एक नया बुनियादी ढांचा भी खड़ा करना होगा जो अपने आप में एक खचीर्ली प्रक्रिया है।

जींद रेलवे स्टेशन पर इस ट्रेन में गैस भरने के लिए एक विशेष रिफ्यूलिंग स्टेशन बनाया गया है जो इंजीनियरिंग का एक जटिल नमूना है। भविष्य में अगर इन ट्रेनों को पूरे देश में चलाना है तो ऐसे सैकड़ों स्टेशन बनाने होंगे। इसके लिए हरित हाइड्रोजन का उत्पादन बड़े पैमाने पर बढ़ाना होगा और उसे सुरक्षित रूप से देश के कोने कोने तक ले जाने के लिए विशेष टैंकरों की व्यवस्था करनी होगी। भंडारण की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित किए बिना इस तकनीक का विस्तार संभव नहीं है। जब तक हाइड्रोजन के उत्पादन से लेकर उसके अंतिम वितरण तक का एक सस्ता और सुलभ तंत्र पूरी तरह से विकसित नहीं हो जाता तब तक इस तकनीक का व्यावसायिक रूप से पूरे भारत में विस्तार करना एक बड़ी आर्थिक और व्यावहारिक चुनौती बनी रहेगी।

रखरखाव और सुरक्षा के मामले में भी यह नई तकनीक रेलवे के कर्मचारियों के लिए एक बिल्कुल नया अनुभव और चुनौती लेकर आई है। डीजल इंजनों के भारी भरकम यांत्रिक पुर्जों और तेल से अलग इस ट्रेन का रखरखाव मुख्य रूप से इलेक्ट्रॉनिक और रासायनिक प्रणालियों की सटीकता पर निर्भर करता है। हाइड्रोजन गैस बहुत ही अधिक ज्वलनशील होती है इसलिए इसके जरा से भी रिसाव का पता लगाने के लिए ट्रेन के चप्पे चप्पे पर अति संवेदनशील सेंसर लगाए गए हैं। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए स्वचालित प्रणालियां स्थापित की गई हैं। इन सब अत्याधुनिक उपकरणों की नियमित जांच और मरम्मत के लिए भारतीय रेलवे को अपने तकनीकी कर्मचारियों और इंजीनियरों को सिरे से नया प्रशिक्षण देना होगा ताकि सुरक्षा मानकों के साथ किसी भी स्तर पर कोई समझौता न हो सके।

अंततः इस पूरी कवायद का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को बचाना और जलवायु परिवर्तन की खतरनाक रफ्तार को धीमा करना है। पूरी दुनिया आज ग्लोबल वार्मिंग के गंभीर संकट से जूझ रही है और पारंपरिक परिवहन क्षेत्र इसमें बहुत बड़ा भागीदार है। ऐसे समय में धुएं के बजाय केवल जलवाष्प उगलने वाली यह ट्रेन भविष्य के लिए एक बड़ी उम्मीद की किरण है। यदि इसमें इस्तेमाल होने वाली हाइड्रोजन गैस को भी सौर या पवन ऊर्जा जैसी अक्षय ऊर्जा की मदद से पानी को तोड़कर बनाया जाए तो यह सच में शत प्रतिशत प्रदूषण मुक्त परिवहन का एक आदर्श साधन बन जाएगी। भारत सरकार ने वर्ष दो हजार सत्तर तक नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन का जो लक्ष्य रखा है

# पारिवारिक विवाद में योगी ने दी मयार्दा और संवाद की सीख

**संजय सक्सेना,लखनऊ**



'घर के झगड़े घर में ही बड़े-बुजुर्गों के साथ सुलझाइए

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनता दर्शन कार्यक्रम का सीधा प्रसारण और उसमें होने वाली बातचीत अक्सर प्रदेश की सामाजिक नब्ज को समझने का एक बड़ा माध्यम बन जाती है। 20 जुलाई को आयोजित जनता दर्शन में भी कुछ ऐसा ही हुआ, जब दर्जनों फरियादी अपनी समस्याओं की गठरी लेकर लखनऊ में मुख्यमंत्री आवास पहुंचे। इन फरियादियों में से एक बड़ा वर्ग उन लोगों का था, जो पारिवारिक कलह, संपत्ति के विवाद या रिश्तों की तल्खी से जूझ रहे थे। दरअसल, आमतौर पर जब हम किसी सत्ता के केंद्र की ओर रुख करते हैं, तो उम्मीद यही होती है कि वहां से कोई कड़ा आदेश निकलेगा या कोई प्रशासनिक कार्रवाई होगी, लेकिन योगी आदित्यनाथ ने इस बार जिस तरह से इन पारिवारिक उलझनों को संबोधित किया, वह किसी भी सरकारी आदेश से कहीं अधिक प्रभावी और मानवीय था। उन्होंने जो नसीहत दी, वह केवल एक मुख्यमंत्री की सलाह नहीं थी, बल्कि एक अभिभावक की वह चिंता थी, जो समाज की सबसे छोटी और महत्वपूर्ण इकाई, यानी परिवार, को बिखरने से बचाने के लिए जरूरी है।

पारिवारिक विवाद लेकर अपने आवास पहुंचे परिवार को सीएम ने बहुत स्पष्ट शब्दों में कहा कि पारिवारिक विवादों को सड़कों पर या सरकारी दफ्तरों की फाइलों में घसीटने से मामला सुलझने के बजाय और अधिक उलझ जाता है। जब कोई व्यक्ति अपने घर की चारदीवारी के अंदर की बात को बाहर लाता है, तो वह अनजाने में उन लोगों को भी उस विवाद का हिस्सा बना लेता है, जिनका उस रिश्ते या उस संपत्ति से कोई लेना-देना नहीं होता। बहरहाल, योगी की यह बात बहुत गहराई रखती है कि निजी मामलों में बाहरी लोगों की दखलंदाजी अक्सर आग में घी का काम करती है। समाज में कई बार ऐसे तत्व होते हैं, जो अनजाने या स्वार्थवश विवादों को सुलझाने के बजाय उन्हें हवा देते हैं, जिससे परिवार के सदस्यों के बीच अहंकार की दीवार और ऊंची हो जाती है। योगी ने उन लोगों को आईना दिखाते हुए कहा कि जो विवाद घर के बड़े-बुजुर्गों के साथ बैठकर हल किए जा सकते थे, उन्हें पुलिस थानों या कचहरी की चौखट तक ले जाना वक्त, पैसा और मानसिक शांति को गंवाना है।

गौरतलब हो, संपत्ति के बंटवारे के विवाद आजकल पारिवारिक कलह की सबसे बड़ी जड़ बने हुए हैं। अक्सर देखा जाता है कि भाई-भाई या पिता-पुत्र के बीच जमीन या मकान को लेकर हुआ मामूली मतभेद देखते ही देखते एक बड़ी कानूनी लड़ाई में तब्दील हो जाता है। मुख्यमंत्री ने ऐसे मामलों में संवाद की महत्ता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संपत्ति तो आती-जाती रहती है, लेकिन खून के रिश्ते एक बार बिखर जाएं, तो उन्हें जोड़ना नामुमकिन हो जाता है। योगी ने फरियादियों से कहा कि वे एक बार ठंडे दिमाग से अपने परिवार के बड़ों को बैठाएं, क्योंकि बड़ों का अनुभव और उनकी मध्यस्थता कई बार उस समस्या का हल निकाल लेती है, जो सालों की कानूनी कार्यवाही भी नहीं कर पाती। उनका यह दृष्टिकोण समाज के उन लोगों के लिए एक सबक है, जो छोटी-छोटी बातों पर मान-मयार्दा भूलकर कोर्ट-कचहरी के चक्कर काटते हैं। यह नसीहत न केवल परिवारों को टूटने से बचा सकती है, बल्कि समाज में सद्भाव की एक नई संस्कृति को भी जन्म दे सकती है, जहां विवाद समाधान के लिए नहीं, बल्कि आपसी सहमति की तलाश के लिए चर्चा की जाती है। योगी आदित्यनाथ ने जो सबसे महत्वपूर्ण बात कही, वह आने वाली पीढ़ी के भविष्य से जुड़ी है। उन्होंने बहुत संवेदनशीलता के साथ रेखांकित किया कि परिवार के भीतर का क्लेश केवल उन दो व्यक्तियों तक सीमित नहीं रहता, जो लड़ रहे हैं, बल्कि उसका सीधा और गहरा असर घर के बच्चों पर पड़ता है। जिस घर में दिन-रात कलह हो, वहां बच्चों के कोमल मन पर जो नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, उसकी भरपाई किसी भी धन-संपत्ति से नहीं हो सकती। बच्चों के मानसिक विकास, उनकी पढ़ाई और उनके आत्मविश्वास पर इसका जो दुष्प्रभाव पड़ता है, वह उन्हें जीवन भर के लिए पीछे धकेल सकता है। योगी की यह चिंता दशार्ती है कि वे केवल एक राजनेता की भूमिका में नहीं, बल्कि एक समाज सुधारक की भूमिका में बात कर रहे थे। उन्होंने यह संदेश दिया कि अगर हम वास्तव में अपने बच्चों के बेहतर भविष्य की कामना करते हैं, तो हमें अपने व्यक्तिगत अहंकार को त्यागकर शांति और संवाद का मार्ग अपनाना होगा। धैर्य का अर्थ हार मान लेना नहीं, बल्कि रिश्तों को सहेजने के लिए दी गई एक और कोशिश है।

लब्बोलुआब यह है कि मुख्यमंत्री की इन बातों का समाज पर व्यापक असर हो सकता है, बशर्ते लोग इसे गंभीरता से लें। आज के भागदौड़ भरे दौर में सहनशीलता और धैर्य की कमी ने परिवारों को कमजोर कर दिया है। सोशल मीडिया और बाहरी दुनिया के प्रभाव में आकर लोग अपने घर की बातें सार्वजनिक करने में संकोच नहीं करते, जिससे गोपनीयता खत्म हो जाती है और विवाद सार्वजनिक संपत्ति बन जाते हैं। योगी की यह नसीहत लोगों को आत्मचिंतन के लिए प्रेरित करती है। यदि लोग यह समझने लगें कि घर के मसले घर में ही रहकर बातचीत से सुलझाए जा सकते हैं, तो न केवल अदालतों का बोझ कम होगा, बल्कि परिवारों में भी प्रेम और विश्वास की वापसी होगी। यह एक प्रकार का सामाजिक सुधार है, जो कानून के डंडे से नहीं, बल्कि समझदारी और मानवीय संवेदनाओं के मेल से ही संभव है। मुख्यमंत्री का यह जनता दर्शन कार्यक्रम न केवल फरियाद सुनने का केंद्र बना, बल्कि यह लोगों को एक साथ जीने और एक-दूसरे को समझने का अनमोल पाठ भी पढ़ा गया। अंततः, एक स्वस्थ समाज का निर्माण स्वस्थ परिवारों से ही होता है, और योगी जी की यह पहल उसी स्वस्थ समाज की दिशा में एक साहसी और दूरदर्शी कदम है।

# क्रिकेट टीम के चयन पर उठती उंगलियां



भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) इन दिनों एक ऐसे चौराहे पर खड़ा है, जहाँ मैदान के प्रदर्शन से कहीं ज्यादा चर्चा मैदान के बाहर की जा रही है। प्रशंसकों, पूर्व क्रिकेटरों और खेल विशेषज्ञों के बीच टीम चयन का मुद्दा एक बड़ा सवालिया निशान बन चुका है। क्या भारतीय टीम का चयन वास्तव में योग्यता के आधार पर हो रहा है, या इसके पीछे कोई अन्य समीकरण काम कर रहे हैं? यह बहस केवल सोशल मीडिया तक सीमित नहीं है, बल्कि अब मुख्यधारा की चचाओं में भी जगह बना चुकी है।भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों के बीच सबसे बड़ी टीस इस बात की है कि चयन का कोई स्पष्ट पैमाना (क्राइटेरियन) दिखाई नहीं देता। अक्सर देखा जाता है कि खिलाड़ी अपनी फॉर्म के चरम पर होने के बावजूद नजरअंदाज कर दिए जाते हैं, जबकि कुछ को उनके खराब दौर में भी निरंतर समर्थन मिलता है। जब टीम मैनेजमेंट और चयनकताओं के बीच मतभेद की खबरें सामने आती हैं, तो यह भ्रम और गहरा हो जाता है।टीम चयन में उपेक्षा के सबसे चर्चित मामलों में कुलदीप यादव का नाम प्रमुखता से लिया जा रहा है। एक ऐसे स्पिनर, जिसने अपनी विविधता और विकेट लेने की क्षमता से दुनिया भर में लोहा मनवाया है, उसे अक्सर प्लेइंग इलेवन से बाहर रखा जाना प्रशंसकों के गले नहीं उतरता। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि कुलदीप को लगातार मौके नहीं मिलते, तो यह न केवल खिलाड़ी का आत्मविश्वास तोड़ता है, बल्कि टीम को एक मैच-विनर से भी दूर रखता है। बल्लेबाजी की गहराई के नाम पर अक्सर गेंदबाजों के साथ जो तिगड़म बिठाया जाता है, वह खेल की मूल आत्मा के साथ समझौता जैसा लगता है।

हाल के समय में सबसे अधिक चर्चा अनुभवी दिग्गजों, रोहित शर्मा और विराट कोहली, के साथ बोर्ड के व्यवहार को लेकर रही है। चाहे कप्तानी से हटाए जाने का नाटकीय घटनाक्रम हो या फिर संन्यास की खबरों के बीच उनकी भूमिका पर स्पष्टता का अभाव, इन दिग्गज खिलाड़ियों के सम्मान और भविष्य को लेकर बोर्ड की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए जा रहे हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री अमीषा पटेल जैसी सार्वजनिक हस्तियों का इस पर खुलकर बोलना यह दशार्ता है कि क्रिकेट अब केवल बोर्ड का निजी मामला नहीं रहा।बोर्ड के भीतर की राजनीति पर भी लगातार सवाल उठते रहे हैं। चयन समिति की बैठकों में बोर्ड पदाधिकारियों के कथित हस्तक्षेप की खबरें अक्सर मीडिया की सुर्खियां बनती हैं। जब चयनकताओं को यह हिदायत दी जाती है कि वे खिलाड़ियों के भविष्य या टीम संयोजन से जुड़ी बातें सार्वजनिक न करें, तो यह पारदर्शिता के बजाय रहस्यमयता पैदा करता है। इसके अलावा, संजू सैमसन जैसे खिलाड़ियों का टीम से अंदर-बाहर होना भी चयन समिति की रणनीति पर सवाल उठाता है।एक तरफ युवा खिलाड़ी, जैसे वैभव सूर्यवंशी, को लेकर उम्मीदें हैं, तो दूसरी ओर उनके व्यवहार और प्रदर्शन के बीच संतुलन बनाने में बोर्ड का संघर्ष भी दिख रहा है। ऐसा लगता है कि 'भारतीय क्रिकेट में सब कुछ ठीक नहीं है' का अहसास केवल एक अफवाह नहीं, बल्कि चयन में दिख रही निरंतर असंगति का परिणाम है।यदि बीसीसीआई को प्रशंसकों का भरोसा बनाए रखना है और टीम को विश्व स्तर पर एक अविजित इकाई के रूप में स्थापित करना है, तो चयन प्रक्रिया में स्पष्टता और योग्यता को सर्वोपरि रखना होगा। खिलाड़ियों को यह महसूस होना चाहिए कि उनका चयन उनके प्रदर्शन की बदौलत है, न कि किसी के पसंदीदा होने या बोर्ड की अंदरूनी राजनीति के कारण। टीम इंडिया के लिए आगे का रास्ता तभी आसान होगा, जब चयन का पैमाना सिर्फ और सिर्फ 'मैच जिताने की क्षमता' हो, न कि कोई और आधार।

## पी. वी. सिंधु की स्वर्णिम उड़ान...!

रैकेट में था साहस, आँखों में विश्वास,
हर स्मैश में गूँजा भारत का उल्लास।
जापान की धरा पे ऐसा कमाल किया,
सिंधु ने देश का "मस्तक" ऊँचा किया।

हर कदम संघर्षों की "लौ" जलती रही,
मेहनत की कथा चुपचाप पलती रही।
हाँ, विश्व विजेता भी उनके सामने आई,
यूं सिंधु की दृढ़ता हर चुनौती पर छाई।

हर अंक में धैर्य, प्रत्येक प्रहार में जान,
तिरंगे की शान बनी हैं उनकी पहचान।
इतिहास के पन्नों पे स्वर्णाक्षर लिख गए,
देश के सपनों को पुनः से सच कर गए।

बेटियों की शक्ति का ये अनुपम सम्मान,
देश को तुम पर है सदा-सदा अभिमान।
यूँ ही बढ़ती रहो, छूती रहो हरेक शिखर,
पी. वी. सिंधु, तुमसे रोशन है यह सफर।



संजय एम. तराणेकर (कवि, लेखक व समीक्षक)

संजय एम तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)
इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश)
मो. 98260 25986

(स्व-रचित, मौलिक व अप्रकाशित)

# मैं ही सब कुछ, यह मिथ्या भाव व्यक्तित्व के विनाश का बड़ा कारण।

भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने अहंकार को मनुष्य के पतन का प्रमुख कारण बताया है। गीता का संदेश है कि मनुष्य कर्म करे, किंतु कर्तापन का अहंकार न पालें। जब व्यक्ति स्वयं को हर कार्य का केंद्र मान लेता है, तब उसके भीतर विनम्रता समाप्त होने लगती है। वह दूसरों के योगदान को कमतर आंकने लगता है और यहीं से उसके व्यक्तित्व का अवनयन प्रारंभ हो जाता है। संत कबीर ने भी कहा है

जब मैं था तब हरि नहीं, अब हरि हैं मैं नाहिं।
सब अँधियारा मिट गया, जब दीपक देखा माहिं।। यह दोहा केवल आध्यात्मिक सत्य नहीं, बल्कि सामाजिक जीवन का भी सार है। जहाँ अहंकार है, वहाँ सहयोग नहीं टिकता; जहाँ विनम्रता है, वहाँ संबंध भी मजबूत होते हैं और सफलता भी स्थायी बनती है।

मनुष्य के व्यक्तित्व का सबसे बड़ा शत्रु बाहरी परिस्थितियाँ नहीं, बल्कि उसके भीतर बैठा हुआ मैं है। यह वही मैं है, जो धीरे-धीरे अहंकार का रूप धारण कर लेता है और व्यक्ति को यह भ्रम होने लगता है कि उसके बिना परिवार नहीं चल सकता, समाज ठहर जाएगा, उसका व्यवसाय समाप्त हो जाएगा या जिस संस्था में वह कार्यरत है, वह उसके अभाव में बिखर जाएगी। वस्तुतः यह एक मिथ्या-भाव है, जिसका वास्तविकता से बहुत कम संबंध होता है। प्रकृति का सबसे बड़ा सत्य परिवर्तन है। संसार का प्रत्येक कार्य किसी एक व्यक्ति पर नहीं टिका है। सूर्य प्रतिदिन उदित होता है, नदियाँ निरंतर बहती हैं, ऋतुएँ बदलती रहती हैं और समय अपनी गति से चलता रहता है। किसी एक व्यक्ति के होने या न होने से प्रकृति का क्रम नहीं रुकता। यही नियम समाज, परिवार और संस्थाओं पर भी लागू होता है।

इतिहास साक्षी है कि जिन व्यक्तियों को अपने समय में अपरिहार्य समझा जाता था, उनके जाने के बाद भी समाज आगे बढ़ता रहा। बड़े-बड़े सम्राट,




उद्योगपति, वैज्ञानिक और नेता आए और चले गए, लेकिन जीवन का प्रवाह कभी नहीं रुका। इसलिए यह मान लेना कि "मेरे बिना कुछ नहीं होगा", स्वयं को धोखा देने जैसा है। आज का मनुष्य अपने पद, प्रतिष्ठा, धन और अधिकार के कारण स्वयं को अत्यधिक महत्वपूर्ण समझने लगता है। वह सोचता है कि कार्यालय में वही सबसे अधिक सक्षम है, परिवार उसी पर निर्भर है या समाज उसके बिना अधूरा है। किंतु यदि वह कुछ समय के लिए स्वयं को इन सब से अलग कर ले, तो उसे अनुभव होगा कि व्यवस्था अपने ढंग से चलती रहती है। लोग कुछ दिन उसकी कमी अवश्य महसूस करते हैं, परंतु धीरे-धीरे परिस्थितियों के अनुरूप स्वयं को ढाल लेते हैं। यही जीवन का स्वाभाविक नियम है।

परिवार हो या समाज, प्रत्येक व्यवस्था सामूहिक सहयोग पर आधारित होती है। माता-पिता, जीवनसाथी, संतान, सहकर्मी और मित्र सभी का अपना-अपना योगदान होता है। यदि कोई व्यक्ति स्वयं को ही सब कुछ मानने लगे, तो वह दूसरों के महत्व को नकारने लगता है। परिणामस्वरूप संबंधों में दूरी, कार्यस्थल पर तनाव और जीवन में अकेलापन बढ़ने लगता है। वास्तव में मनुष्य का मूल्य उसके पद या अधिकार से नहीं, बल्कि उसके व्यवहार, संवेदनशीलता और विनम्रता से आँका जाता है। जो व्यक्ति जितना अधिक बड़ा होता है, वह उतना ही अधिक सरल और सहज दिखाई देता है। फल से लदा वृक्ष झुक जाता है; उसी प्रकार ज्ञान और अनुभव से समृद्ध व्यक्ति में अहंकार नहीं, बल्कि विनय का भाव होता है। इसलिए समय-समय पर स्वयं का आत्ममूल्यांकन आवश्यक है। कुछ समय के लिए स्वयं को केंद्र से हटाकर यह देखना चाहिए कि संसार अपनी गति से चलता रहता है। इससे व्यक्ति के भीतर का मिथ्या 'मैं' धीरे-धीरे समाप्त होने लगता है और उसके स्थान पर कर्तव्य, सहयोग और सेवा की भावना विकसित होती है।

मूल रूप से यही कहा जा सकता है कि मैं ही सब कुछ हूँ का भाव मनुष्य को वास्तविकता से दूर ले जाता है, जबकि मैं भी सबके साथ हूँ का भाव उसे समाज से जोड़ता है। जीवन की सार्थकता स्वयं को सबसे बड़ा सिद्ध करने में नहीं, बल्कि अपने हिस्से का श्रेष्ठ योगदान देकर विनम्रतापूर्वक आगे बढ़ जाने में है। यही परिपक्व व्यक्तित्व की पहचान है और यही सुखी, संतुलित तथा सफल जीवन का मूल मंत्र भी।

संजीव ठाकुर,वरिष्ठ पत्रका,लेखक, चिंतक, स्तंभकार, रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415,

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# 22 जुलाई को विकास भवन में होगी महिला जनसुनवाई

## राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. मीनाक्षी भराला सुनेंगी महिलाओं की शिकायतें

गौतमबुद्ध नगर, 20 जुलाई। जनपद की महिलाओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. मीनाक्षी भराला की अध्यक्षता में 22 जुलाई (बुधवार) को महिला जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। यह जनसुनवाई प्रातः 10:30 बजे से विकास भवन सभागार में आयोजित होगी।

जिला प्रोबेशन अधिकारी मनोज कुमार पुष्कर ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान महिलाओं से संबंधित विभिन्न शिकायतों, समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुना जाएगा तथा उनके प्रभावी निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे।

उन्होंने जनपद की महिलाओं से अपील की है कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अधिक से अधिक संख्या में जनसुनवाई में पहुंचकर इस अवसर का लाभ उठाएं।

महिला जनसुनवाई का उद्देश्य महिलाओं को न्याय दिलाना, उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना तथा शासन की महिला हितैषी योजनाओं और सेवाओं को प्रभावी ढंग से आमजन तक पहुंचाना है। (सौजन्य : सूचना विभाग, गौतमबुद्ध नगर)

# फर्जी रजिस्ट्री कर तीन करोड़ रुपये से अधिक की ठगी करने वाला वांछित आरोपी गिरफ्तार

## जारचा पुलिस की कार्रवाई, मामले में अब तक 10 आरोपी गिरफ्तार

समाज जागरण/संदीप गर्ग

ग्रेटर नोएडा, 20 जुलाई। थाना जारचा पुलिस ने फर्जी रजिस्ट्री के माध्यम से तीन करोड़ रुपये से अधिक की ठगी करने वाले गिरोह के एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई लोकल इंटेलिजेंस एवं बीट पुलिसिंग की सहायता से करते हुए आरोपी को गाजियाबाद के लालकुआं क्षेत्र से दबोचा।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान शशिरंजन प्रसून (54 वर्ष) पुत्र गया प्रसाद, निवासी करमनटोला, आरा, थाना नवादा, जनपद भोजपुर (बिहार) के रूप में हुई है। आरोपी के विरुद्ध थाना जारचा में दर्ज छह मुकदमों में वह वांछित चल रहा था।




पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर फर्जी रजिस्ट्री तैयार कर पीड़ित से तीन करोड़ रुपये से अधिक की ठगी की थी। इस मामले में थाना जारचा पुलिस इससे पहले गिरोह के नौ आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। शशिरंजन प्रसून की गिरफ्तारी के साथ इस प्रकरण में अब तक कुल 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध दर्ज सभी मामलों में विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है। मामले में फरार अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। (सौजन्य : मीडिया सेल, पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर)

### गौवध अधिनियम के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

जेवर पुलिस ने बस स्टैंड से दबोचा, विधिक कार्रवाई जारी

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा, 20 जुलाई। थाना जेवर पुलिस ने गौवध निवारण अधिनियम के एक मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई लोकल इंटेलिजेंस एवं बीट पुलिसिंग की सहायता से की गई।




पुलिस के अनुसार, मुस्तकीम पुत्र फज्जर, निवासी ग्राम जंगावली शेरगढ़ बांगर, जनपद मथुरा, को खुर्जा-जेवर बस स्टैंड, कस्बा जेवर से गिरफ्तार किया गया। आरोपी थाना जेवर में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 14/2026 में उत्तर प्रदेश गौवध निवारण अधिनियम की धारा 5/8 के तहत वांछित था।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है तथा मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। (सौजन्य : मीडिया सेल, पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर)

# पीएम यशस्वी टॉप क्लास कॉलेज छात्रवृत्ति योजना हेतु 31 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन करें

## अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग एवं विमुक्त, घुमंतू तथा अर्द्धघुमंतू जनजातियों के पात्र विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर, 20 जुलाई। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रधानमंत्री यशस्वी (पीएम यशस्वी) टॉप क्लास कॉलेज छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) तथा विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्धघुमंतू जनजाति (डीएनटी) के पात्र विद्यार्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना के अंतर्गत विभिन्न शिक्षण संस्थानों के लिए सीटों का आवंटन भी कर दिया गया है।

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी लवेश कुमार सिसोदिया ने बताया कि भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित इस योजना के लिए राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल (एनएसपी) पर ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया जारी है। नवीन एवं नवीनीकरण श्रेणी के विद्यार्थी 31 अगस्त, 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि शिक्षण संस्थानों द्वारा आवेदन-पत्रों के सत्यापन की अंतिम तिथि 15 सितम्बर, 2026 तथा मंत्रालय स्तर पर सत्यापन की अंतिम तिथि 30 नवम्बर, 2026 निर्धारित की गई है। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने जनपद के समस्त संबंधित शिक्षण संस्थानों से अपेक्षा की है कि उन्हें आवंटित सीटों के अनुरूप पात्र विद्यार्थियों के आवेदन निर्धारित समय-सीमा के भीतर राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर अनिवार्य रूप से कराना सुनिश्चित करें, जिससे अधिकाधिक विद्यार्थी इस छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्राप्त कर सकें। (सौजन्य : सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

# 12 साल पुराने चालक ने उड़ाए 9 लाख रुपये, सेक्टर-20 पुलिस ने किया गिरफ्तार

## चोरी की पूरी रकम बरामद, आरोपी के पास से अवैध चाकू भी मिला

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा, 20 जुलाई। थाना सेक्टर-20 पुलिस ने चोरी की एक वारदात का सफल खुलासा करते हुए वादी के चालक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी किए गए 9 लाख रुपये नकद तथा एक अवैध चाकू बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार, अलीगढ़ निवासी एक व्यक्ति ने थाना सेक्टर-20 में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह अपने परिवार के साथ नोएडा स्थित एक मॉल में खरीदारी करने आए थे। इसी दौरान उनके चालक कपिल ने कार में रखा 9 लाख रुपये से भरा बैग चोरी कर लिया। शिकायत के आधार पर थाना सेक्टर-20 में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई।



लोकल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की सहायता से पुलिस ने आरोपी कपिल पुत्र सत्यभान (34 वर्ष) निवासी ग्राम नादा वाजिदपुर, थाना रोरावर, जनपद अलीगढ़ को लाल पैथ लैब के सामने स्थित पार्क से गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह पिछले करीब 12 वर्षों से वादी के यहां चालक के रूप में कार्यरत था। कार में बड़ी रकम देखकर उसके मन में लालच आ गया और उसने रुपये चोरी कर लिए।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 9 लाख रुपये नकद और एक अवैध चाकू बरामद किया है। आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं के साथ आर्म्स एक्ट के अंतर्गत भी मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

(सौजन्य : मीडिया सेल, पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर)

# नोएडा में अवैध शराब की होम डिलीवरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

## 27 बोतल आयातित शराब, स्कूटी और मोबाइल बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा, 20 जुलाई। गौतमबुद्धनगर आबकारी विभाग ने अवैध शराब की होम डिलीवरी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार के निर्देशन में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 एवं क्षेत्र-4 की संयुक्त टीम ने थाना सेक्टर-113 पुलिस के सहयोग से सेक्टर-73 स्थित सफाबाद में की।

आबकारी विभाग के अनुसार, आरोपी मोबाइल फोन पर ऑर्डर लेकर अवैध रूप से विदेशी शराब की होम डिलीवरी कर रहा था। छापेमारी के दौरान अनिल (निवासी हाथरस) को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर किराए के एक फ्लैट से 27 बोतल आयातित विदेशी मदिरा, एक स्कूटी तथा दो मोबाइल फोन बरामद किए गए।

बरामद शराब में जेम्सन, ब्लैक एंड व्हाइट, एब्सोल्यूट वोडका, बॉम्बे सैफायर, जॉनी वॉकर डबल ब्लैक, रोकू जिन और बेलीज जैसे ब्रांड शामिल हैं। जांच में पाया गया कि इन बोतलों पर उत्तर प्रदेश का अनिवार्य क्यूआर



कोड अंकित नहीं था। प्रारंभिक जांच में शराब हरियाणा से लाकर अवैध रूप से बेचे जाने के संकेत मिले हैं।

इस मामले में गिरोह के फरार संचालक की तलाश जारी है। थाना सेक्टर-113 में एफआईआर संख्या 0349 दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि जनपद में अवैध शराब के निर्माण, तस्करी और बिक्री के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# वरिष्ठ पत्रकार सुरेश चौरसिया की पुस्तक 'दहकते अंगारे' का भव्य विमोचन

## समाज के ज्वलंत मुद्दों पर आधारित कृति को सराहा, कवि सम्मेलन में कवियों ने बांधा समां

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा, 20 जुलाई। नोएडा के सेक्टर-6 स्थित एनईए भवन के सभागार में वरिष्ठ पत्रकार सुरेश चौरसिया की पुस्तक 'दहकते अंगारे' का भव्य विमोचन समारोह आयोजित किया गया। समाज के ज्वलंत मुद्दों और समकालीन चुनौतियों पर केंद्रित इस पुस्तक का विमोचन शहर की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियों, साहित्यकारों, पत्रकारों और बुद्धिजीवियों की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ।




कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि वरिष्ठ पत्रकार सुरेश चौरसिया अपनी निर्भीक लेखनी और निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए जाने जाते हैं। उनकी नई पुस्तक 'दहकते अंगारे' समाज के अनछुए पहलुओं को उजागर करने के साथ-साथ पाठकों में नई चेतना और सकारात्मक सोच का संचार करेगी।

इस अवसर पर ठाकुर एन.पी. सिंह, स्वामी पद्मनारायणाचार्य (पीठाधीश्वर, हनुमंत कृपाधाम, वृंदावन), शालिनी सिंह (अध्यक्ष, नोएडा सिटीजन फोरम), विपिन मल्हन (अध्यक्ष, एनईए), आलोक द्विवेदी (अध्यक्ष, नोएडा मीडिया सेंटर), अशोक चौहान, यू.एस. शर्मा एवं कपिल शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए। मंच संचालन हास्य-व्यंग्यकार शशि पांडेय ने प्रभावी ढंग से किया। समारोह के उत्तरार्ध में सभी विशिष्ट अतिथियों एवं शहर के गणमान्य नागरिकों को स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके बाद आयोजित भव्य कवि सम्मेलन में वरिष्ठ कवि साहित्य कुमार चंचल 'साधक', कवयित्री किरण सिंह, अंजली करण 'सरधना' तथा रजनीश त्यागी (पूर्व एनएसजी कमांडो) ने अपनी कविताओं और गजलों की शानदार प्रस्तुति देकर श्रोताओं की खूब सराहना बटोरी।

# टीएमयू के रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट सेंटर का एक बरस बेमिसाल, सौ प्लस मरीजों ने अपने अनुभव किए साझा

**खास बातें**

- टीएमयू के रोबोटिक ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सेंटर की प्रथम वर्षगांठ पर वॉकाथॉन
- कुलाधिपति श्री सुरेश जैन और ईडी श्री अक्षत जैन रहे जश्न में सम्मिलित
- रोबोटिक तकनीक बेहद किफायती, उम्दा चिकित्सा के लिए टीएमयू प्रतिबद्ध
- केक काटकर मनाया उपलब्धि का जश्न, 50 मीटर वॉक में कपिल रहे अव्वल
- सबसे पहली सफल सर्जरी कराने वाली चंद्रवती रही विशेष आकर्षण का केंद्र
- चक्कर की मिलक की गीता द्वितीय, बिजनौर के चंद्रपाल सैनी रहे तृतीय
- पीतल नगरी की शीला अदम्य साहस के लिए प्रेरक पुरस्कार से सम्मानित

समाज जागरण/संदीप गर्ग

तीर्थंकर महावीर हॉस्पिटल के एडवांस्ड रोबोटिक ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सेंटर की प्रथम वर्षगांठ का जश्न अविस्मरणीय रहा। न केवल केक काटकर घुटना प्रत्यारोपित कराने वालों का मुंह मीठा कराया गया, बल्कि कैंपस में 50 मीटर वॉकाथॉन भी हुई। वॉकाथॉन में




संभल के कपिल अव्वल रहे। चक्कर की मिलक की गीता द्वितीय और बिजनौर के चंद्रपाल सैनी तृतीय स्थान पर रहे। पीतल नगरी की शीला को उनके अदम्य साहस और प्रेरणादायी जीवन यात्रा के लिए प्रेरक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इससे पूर्व टीएमयू के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन ने बतौर मुख्य अतिथि एवम् एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन ने हरी झंडी दिखाकर वॉकाथॉन को रवाना किया। कुलाधिपति श्री सुरेश जैन ने संबोधित करते हुए कहा, रोबोटिक तकनीक से मरीजों को बेहद किफायती दरों में बेहतर चिकित्सा सुविधाएं देने के लिए टीएमयू प्रतिबद्ध है। आधुनिक चिकित्सा और सकारात्मक सोच के साथ घुटनों के दर्द पर विजय पाकर जीवन को नई ऊर्जा और नई गति दी जा सकती है। उल्लेखनीय है, टीएमयू हॉस्पिटल का रोबोटिक ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सेंटर अत्याधुनिक तकनीक के साथ मरीजों को विश्वस्तरीय चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रहा है।

वॉकाथॉन में शाहजहाँपुर, बिजनौर, बदायूँ, संभल, मुरादाबाद, रामपुर, अमरोहा, धामपुर, नैनीताल और हिमाचल प्रदेश से आए 100 से अधिक सफल ज्वाइंट रिप्लेसमेंट मरीजों ने अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में विशेष आकर्षण ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सेंटर की स्थापना के बाद सबसे पहली सफल सर्जरी कराने वाली प्रेमनगर लाइनपार निवासी चंद्रवती रहीं। उन्होंने बताया, सर्जरी के बाद उनके जीवन में अभूतपूर्व परिवर्तन आया है। अब वे बिना दर्द के सामान्य जीवन जी रही हैं। टीएमयू के चिकित्सकों ने कहा, रोबोटिक तकनीक के जरिए ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी अधिक सटीक, सुरक्षित और प्रभावी हो गई है, जिससे मरीजों को कम दर्द, शीघ्र रिकवरी और बेहतर गतिशीलता प्राप्त हो रही है। इस अवसर पर एमएस मेजर जनरल डॉ. सीके जखमोला, डिप्टी एमएस डॉ. विनम्र तिवारी, ज्वाइंट रिप्लेसमेंट हेड डॉ. रवीन्द्र सिंह, ऑर्थोपेडिक विभाग से डॉ. अमित सराफ, डॉ. मनमोहन शर्मा, डॉ. संजीव चिंचोली, हॉस्पिटल के चीफ मैनेजर वैभव जैन, चीफ मैनेजर प्रशासन श्री अनिल गुप्ता के संग-संग डॉक्टर्स, नर्सिंग स्टाफ आदि उपस्थित रहे। संचालन डॉ. माधव शर्मा ने किया।

# शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान पर डॉ. विशेष कुमार गुप्ता को 'भारत प्रतिभा सम्मान'

## राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान परिषद करेगी सम्मानित, चार दशकों से शिक्षा, बाल संरक्षण और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में दे रहे हैं सेवाएं

समाज जागरण/संदीप गर्ग

मुरादाबाद। शिक्षा, बाल संरक्षण एवं सामाजिक न्याय के क्षेत्र में चार दशकों से उल्लेखनीय योगदान देने वाले वरिष्ठ शिक्षाविद डॉ. विशेष कुमार गुप्ता को 'भारत प्रतिभा सम्मान पुरस्कार' से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान परिषद की ओर से शिक्षा एवं समाज सेवा श्रेणी में प्रदान किया जाएगा।

नई दिल्ली स्थित कॉन्स्टिट्यूशनल क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित समारोह में डॉ. गुप्ता को यह राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर उनके परिवार को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। डॉ. विशेष कुमार गुप्ता ने अपने शैक्षणिक एवं सामाजिक जीवन में युवा शक्ति के विकास, बाल अधिकार संरक्षण और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के माध्यम से युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का कार्य किया तथा उत्तर प्रदेश बाल



अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष के रूप में वंचित एवं जरूरतमंद बच्चों के संरक्षण के लिए अनेक प्रभावी पहल कीं। कोविड-19 महामारी के दौरान उन्होंने असहाय बच्चों के पुनर्वास में सक्रिय भूमिका निभाई और महामारी के सामाजिक प्रभावों पर आधारित पुस्तक 'कोरोना का सामाजिक-आर्थिक रोल' का भी लेखन किया।

राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान परिषद की चार माह लंबी चयन प्रक्रिया में देशभर से लगभग 6,000 आवेदन प्राप्त हुए थे। साक्षात्कार के बाद विभिन्न क्षेत्रों की 14 श्रेणियों में चयन किया गया, जिनमें शिक्षा एवं समाज सेवा श्रेणी के लिए उत्तर प्रदेश से डॉ. विशेष कुमार गुप्ता का चयन हुआ।

डॉ. गुप्ता उत्तर प्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व अध्यक्ष, महाराजा हरिश्चंद्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य तथा उत्तर प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग में विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) सहित कई महत्वपूर्ण दायित्व निभा चुके हैं। उन्होंने अब तक 25 राष्ट्रीय एवं 5 अंतरराष्ट्रीय शोध-पत्र, 5 पुस्तकों का प्रकाशन, 13 शोधार्थियों को पीएचडी तथा 10 स्नातकोत्तर शोध का निर्देशन किया है। इसके अलावा उन्होंने अमेरिका, सिंगापुर, दुबई, पेरिस और लॉस एंजिल्स सहित कई देशों में शोध-पत्र प्रस्तुत किए हैं।

तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सुरेश जैन सहित देश के अनेक शिक्षाविदों एवं सामाजिक संगठनों ने डॉ. गुप्ता को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए इसे उत्तर प्रदेश और देश के लिए गौरव का विषय बताया है।

# भारतीय किसान संघ ने 9 सितंबर को प्रदेशव्यापी ज्ञापन और 21 सितंबर को शक्ति प्रदर्शन का किया आह्वान

## जिला कार्यकारिणी की बैठक में किसानों की समस्याओं पर चर्चा, संगठन विस्तार के साथ कई पदाधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर, 20 जुलाई। भारतीय किसान संघ जनपद गौतमबुद्धनगर की जिला कार्यकारिणी की बैठक सोमवार को ग्राम जोनचाना में उत्तर प्रदेश के प्रदेश महामंत्री राज सिंह के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक में प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं जनपद प्रभारी अनुराग तथा प्रदेश महिला प्रमुख अर्चना का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष योगेंद्र त्यागी ने की, जबकि संचालन जिला मंत्री डॉ. उमेश शर्मा ने किया।

बैठक में प्रदेश महामंत्री राज सिंह ने किसानों एवं कार्यकताओं से उनकी समस्याओं की जानकारी ली और उनके समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर 9 सितंबर को जनपद के तीनों विकास खंडों सहित प्रदेश के 826 विकास खंडों में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

इसके अलावा 21 सितंबर को



गौतमबुद्धनगर में जिला अधिकारी कार्यालय पर किसानों का विशाल शक्ति प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा, जिसमें लगभग पांच हजार किसानों की भागीदारी का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि यदि इसके बाद भी शासन, प्रशासन एवं यमुना प्राधिकरण किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं करते हैं, तो भारतीय किसान संघ प्रदेशभर में आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

बैठक में प्रांतीय उपाध्यक्ष अनुराग ने जिले की प्रमुख किसान समस्याओं से प्रदेश नेतृत्व को अवगत कराया। प्रदेश महामंत्री ने लखनऊ में आयोजित प्रतिनिधि सम्मेलन में पारित किसान हितों से जुड़े प्रस्तावों की भी जानकारी दी।

इस अवसर पर संगठन का विस्तार करते हुए देवेंद्र को जिला सह-कोषाध्यक्ष, मनोज को जिला सह-युवा प्रमुख तथा सचिन, सुखपाल एवं शिव कुमार को खंड कार्यकारिणी सदस्य का दायित्व सौंपा गया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष धीरेंद्र सिंह, जितेंद्र त्यागी, भोलू शर्मा, जिला सह मंत्री पुष्पेंद्र सिंह छोकर, भूपेश भाटी, जिला कार्यकारिणी सदस्य देशराज, कपिल, जेवर खंड अध्यक्ष दीपक, दादरी खंड अध्यक्ष सरवन शर्मा, मिश्र खंड अध्यक्ष मीना सिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में किसान एवं संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# संसद मार्च के बाद जंतर-मंतर से हटाया गया सीजेपी का प्रदर्शन स्थल, आंदोलन जारी रखने का ऐलान

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नई दिल्ली। संसद मार्च के बाद सोमवार को दिल्ली पुलिस ने कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के जंतर-मंतर स्थित प्रदर्शन स्थल को हटा दिया। पुलिस कार्रवाई के दौरान मंच, टेंट, गद्दे, कालीन और अन्य सामान हटाया



गया। हालांकि प्रदर्शनकारियों ने दोबारा जंतर-मंतर पर एकत्र होकर आंदोलन जारी रखने की घोषणा की। प्रदर्शनकारियों के एक प्रतिनिधि ने दावा किया कि उनकी एक प्रमुख मांग केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा के साथ हुई वार्ता के बाद पूरी हो गई है। इसके बावजूद उन्होंने कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे तक आंदोलन जारी रहेगा। सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दिपके ने जंतर-मंतर पर लाउडस्पीकर लगे वाहन से प्रदर्शनकारियों को संबोधित किया। इससे पहले, हजारों प्रदर्शनकारियों ने संसद की ओर मार्च करने का प्रयास किया, लेकिन सुरक्षा बलों ने उन्हें संसद मार्ग के निकट रोक दिया। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हुई तथा भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोले छोड़े गए।

सीजेपी ने 6 जून को जंतर-मंतर पर एक दिवसीय प्रदर्शन शुरू किया था, जो बाद में अनिश्चितकालीन धरने में बदल गया। आंदोलनकारी परीक्षा संबंधी कथित अनियमितताओं की जांच और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। (इनपुट : एजेंसी)

# नोएडा के पार्कों और हरित क्षेत्रों के विकास पर मंथन, नागरिक सुविधाएं बढ़ाने पर जोर

## फॉनरवा और नोएडा प्राधिकरण के उद्यान विभाग की संयुक्त बैठक में कई अहम निर्णय

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा, 20 जुलाई। नोएडा प्राधिकरण के उद्यान निदेशक आनंद मोहन सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को फेडरेशन ऑफ नोएडा रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (फॉनरवा) के प्रतिनिधिमंडल और उद्यान विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर के पार्कों, हरित क्षेत्रों और नागरिक सुविधाओं के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में शहर के पार्कों के बेहतर रखरखाव, हरित क्षेत्रों के विस्तार एवं संरक्षण, ओपन जिम की मरम्मत और नई सुविधाओं के विकास, आगामी पौधरोपण अभियान, सुरक्षा एवं सौंदर्यीकरण



के दृष्टिकोण से वृक्षों की छंटाई तथा आधुनिक सुविधाओं के साथ पार्कों के पुनर्विकास जैसे विषयों पर विचार-विमर्श हुआ।

उद्यान विभाग के अधिकारियों ने फॉनरवा की ओर से प्राप्त सुझावों पर प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। वहीं फॉनरवा के प्रतिनिधियों ने विश्वास व्यक्त किया कि इन प्रयासों से नोएडा के पार्क और हरित क्षेत्र अधिक सुंदर, सुरक्षित एवं नागरिकों के लिए सुविधाजनक बनेंगे।

# किसानों का फूटा गुस्सा, समस्याओं के समाधान के लिए एसडीएम को सौंपा ज्ञापन; आंदोलन की चेतावनी

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

जसराना । अपनी विभिन्न मांगों और समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (किसान) के बैनर तले किसानों ने लामबंद होकर एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने उपजिलाधिकारी (एसडीएम) रिषभ पुंडीर को एक ज्ञापन सौंपा और व्यवस्था में सुधार न होने पर दो दिन बाद बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है।



पानी, खाद और बिजली के लिए जूझ रहे किसान भाकियू (किसान) के जिलाध्यक्ष कर्मवीर सिंह के नेतृत्व में पहुंचे किसानों ने अपनी समस्याओं को विस्तार से रखा। उन्होंने कहा कि इस समय किसान धान की फसल की बुवाई और देखभाल में जुटा है, लेकिन माइनर और नहरों में पानी की भारी कमी है। इसके अलावा, बिजली आपूर्ति की बदहाली और सरकारी समितियों पर डीएपी व यूरिया खाद की अनुपलब्धता ने किसानों की कमर तोड़ दी है। अवैध कब्जे और शिकायतों के फर्जी निस्तारण का आरोप ज्ञापन में मुख्य रूप से गांवों में किसानों की जमीनों पर हो रहे अवैध कब्जों का मुद्दा उठाया गया। किसानों ने आरोप लगाया कि सक्षम अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति हो रही है। ऑनलाइन शिकायतों के निस्तारण में भी बड़े पैमाने पर फर्जी रिपोर्ट लगाई जा रही है, जिससे किसानों का विश्वास तंत्र से उठ चुका है।

समाधान नहीं तो होगा आंदोलन किसानों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि प्रशासन ने अगले दो दिनों के भीतर इन समस्याओं का सकारात्मक समाधान नहीं किया, तो किसान सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। इस मौके पर विकास यादव, उपदेश यादव, अनिल कुमार, धर्मेंद्र सिंह, राजेश कुमार, देवेंद्र, महेश चंद्र, इरशाद, आकाश और चरन सिंह सहित भारी संख्या में किसान एवं भाकियू पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पुलिस पर फायरिंग करने वाला 25 हजार का इनामी सत्ता मुठभेड़ में दबोचा

## जवाबी कार्रवाई में पैर में लगी गोली, तमंचा और बिना नंबर की अपाचे बाइक बरामद; मध्य प्रदेश में भी घोषित है इनाम

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। बसई मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र में पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में पुलिस पर फायरिंग करने वाले 25 हजार रुपये के इनामी हिस्ट्रीशीटर सत्यप्रकाश उर्फ सत्ता को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे पुलिस अभिरक्षा में अस्पताल में भर्ती कराया गया।





पुलिस के मुताबिक, 16 जून को लूट और डकैती के आरोपियों के सत्यापन के दौरान मालीपट्टी गांव में गई पुलिस टीम पर सत्यप्रकाश उर्फ सत्ता और उसके साथियों ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग की थी। इस मामले में बसई मोहम्मदपुर थाने में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही थी। उसकी गिरफ्तारी पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। इसके अलावा आरोपी पर मुरैना (मध्य प्रदेश) से 10 हजार और भिंड से पांच हजार रुपये का इनाम भी घोषित है।

रविवार को मुखबिर की सूचना पर एसओजी और सर्विलांस टीम ने आरोपी की घेराबंदी की। नगला चूरा फीडर के पास पुलिस से घिरने पर उसने फिर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें उसके पैर में गोली लग गई। घायल अवस्था में उसे गिरफ्तार कर अस्पताल भेजा गया। आरोपी के कब्जे से 315 बोर का अवैध तमंचा, दो जिंदा और दो खोखा कारतूस तथा बिना नंबर प्लेट की अपाचे मोटरसाइकिल बरामद हुई है। पुलिस के अनुसार सत्यप्रकाश उर्फ सत्ता पर उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के विभिन्न थानों में लूट, डकैती, हत्या के प्रयास, गैंगस्टर और आर्म्स एक्ट समेत 18 से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस उसके अन्य साथियों की तलाश में जुटी है।

# सुबह से होने वाली बारिश ने सुहागनगरी को किया जलमग्न

## सड़को से लेकर जिला अस्पताल व निगम परिसर में हुए जलभराव ने खोली नगर निगम की पोल।

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। सुहागनगरी में पड़ने वाली भीषण गर्मी के कारण हर कोई परेशान था लेकिन आज सोमवार भोर से होने वाली मूसलाधार बारिश ने सड़को , कार्यालयों और रेलवे अंडरपास आदि को जलमग्न कर दिया जिसके कारण



आमजन को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा मौसम विभाग लखनऊ के द्वारा दी गयी ऑरेंज अलर्ट के बाद गरज के साथ तेज बारिश और तेज हवा चलने की जानकारी दी गयी थी। उसी के अनुसार सोमवार की भोर में सुहागनगरी में इन्द्र भगवान मेहरबान हो गये। और मूसलाधार बारिश होने लगी। जिसके कारण नगर के अधिकांश स्थानों पर कमर-कमर तक जलभराव हो गया। स्कूल जाने के लिए बच्चे तैयार हो गये लेकिन बारिश बन्द न होने की बजह से बहुत से बच्चे स्कूल नही जा पाये।

स्मार्ट सिटी की मुख्य सड़के जलमग्न दिखाई देने लगी। जिसके कारण दिनचर्या अस्त व्यस्त सी दिखाई देने लगी। सुभाष तिराहे से लेकर गाँधी पार्क चौराहा, जिला अस्पताल, नगर निगम कार्यालय परिसर, चन्द्रवार गेट पर बना रेलवे अण्डरपास, व निचले स्थानों पर बने मोहल्लों व घरों में बारिश के पानी की बजह से काफी जलभराव हो गया। और लोग गन्दे पानी के बीच से निकलने को मजबूर दिखाई दिये।

# वंदे भारत से छूटा बैग जीआरपी ने खोजकर लौटाया, नकदी और दस्तावेज सुरक्षित मिलने पर महिला ने जताया आभार।

## टूंडला जंक्शन के प्लेटफॉर्म नंबर-7 पर लावारिस मिला था बैग, मोबाइल नंबर के आधार पर स्वामिनी तक पहुंची जीआरपी

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। टूंडला जंक्शन रेलवे स्टेशन पर जीआरपी की सतर्कता से एक महिला यात्री का खोया हुआ बैग सुरक्षित वापस मिल गया। बैग में नकदी, बैंक एटीएम कार्ड, पैन कार्ड, नेपाली मुद्रा समेत अन्य जरूरी सामान सुरक्षित मिलने पर महिला ने जीआरपी टीम की सराहना की।





जीआरपी के अनुसार, 17 जुलाई को प्लेटफॉर्म नंबर-7 पर चेकिंग के दौरान हेड कांस्टेबल रिंकू कुमार को एक काला बैग लावारिस हालत में पड़ा मिला। प्लेटफॉर्म पर मौजूद यात्रियों और स्टॉल संचालकों से पूछताछ के बावजूद बैग के मालिक का पता नहीं चल सका। इसके बाद बैग को थाना जीआरपी लाकर उसकी तलाशी ली गई।

तलाशी के दौरान बैग में मिले एक कार्ड पर दर्ज मोबाइल नंबर के जरिए महिला से संपर्क किया गया। महिला ने बताया कि वह ट्रेन संख्या 20176 वंदे भारत एक्सप्रेस से टूंडला से वाराणसी की यात्रा के दौरान अपना बैग प्लेटफॉर्म पर भूल गई थीं।

19 जुलाई को महिला जीआरपी थाना पहुंचीं। उनके सामने बैग खुलवाकर जांच कराई गई तो उसमें पैन कार्ड, बैंक एटीएम कार्ड, 4,210 रुपये नकद, 225 नेपाली रुपये, पावर बैंक और मोबाइल चार्जिंग लीड सुरक्षित मिली। सामान की पुष्टि होने के बाद जीआरपी ने बैग महिला को सौंप दिया।

महिला ने अपना पूरा सामान सुरक्षित मिलने पर जीआरपी टूंडला पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए उनकी ईमानदारी और तत्परता की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

# पुलिस ने दुष्कर्मी को किया गिरफ्तार।

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। थाना जसराना के गांव कोरारा बजुर्ग निवासी एक दुष्कर्मी युवक को नाबालिक किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा है



कोरारा बुजुर्ग निवासी सिंटू उर्फ अभय पुत्र वीरपाल ने गांव की ही एक नाबालिक किशोरी को बहला फुसलाकर 21 दिसंबर 2025 को अपने घर बुलाया और उसने उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया और वीडियो भी बनाई इसके बाद आरोपी ने ब्लैकमेलिंग कर किशोरी के साथ कई बार दुष्कर्म किया परंतु किशोरी ने लोकलाज के भय से अपने घर नहीं बताया जिसका फायदा उठाकर वह किशोरी को अपनी हवस का शिकार बनाता रहा जब किशोरी परेशान हो गई तो उसने अपनी मां को घटना के संबंध में जानकारी दी परिजन 14 जून को गांव छोड़कर फिरोजाबाद आ गए परंतु युवक ने फोन द्वारा किशोरी को डराया धमकाया इसके बाद परिजन किशोरी को लेकर थाने पहुंचे और उन्होंने घटना से पुलिस कोअवगत कराया पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 64(1)115(2)352 और 3/4 मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# जनपद में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का भव्य आयोजन आज

## - जिलाधिकारी ने दिया तैयारियों को अंतिम रूप

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश सरकार की अत्यंत महत्वाकांक्षी और लोक कल्याणकारी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का आयोजन कल जे०एम०आर० रिजॉर्ट इनदूमई में आयोजित होगा। कार्यक्रम को गरिमामई और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी के नेतृत्व में प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली है। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने कार्यक्रम स्थल का संबंधित अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया और सभी अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन मुस्तैदी से करने के निर्देश दिए।



कल कुल 337 जोड़ों का चयन मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत किया गया है, जो कल एक ही मंडप के नीचे परिणय सूत्र में बनेंगे सर्व धर्म सम्भाव की मिसाल पेश करते हुए इस आयोजन में कुल 63 मुस्लिम जोड़े शामिल है, जिनका निकाह पूरे रीति रिवाज से कराया जाएगा, इसके साथ ही अन्य सभी हिंदू जोड़ों का विवाह वैदिक मंत्रोच्चार और परंपरा के अनुसार संपन्न होगा।

वर्तमान में बारिश के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी निर्देश दिए हैं कि यह पूरा कार्यक्रम एक कवर्ड एरिये में आयोजित किया जाए, ताकि किसी भी लाभार्थी के परिवार, रिश्तेदार या अतिथि को मौसम की वजह से कोई असुविधा न हो।

जैसा कि विदित है कि इस योजना में प्रत्येक जोड़े पर सरकार द्वारा कुल व्यय एक लाख किया जा रहा है, ताकि गरीब कन्याओं का विवाह पुरी भव्यता से हो सके।

अंत में जिलाधिकारी ने कहा कि यह मुख्यमंत्री की अत्यंत महत्वपूर्ण लोक कल्याणकारी योजना है, जिसका सीधा उद्देश्य समाज के हर गरीब और जरूरतमंद परिवार को संबल देना है, सभी अधिकारी इसे पूरी निष्ठा के साथ संपन्न कराए।

# जमीन के विवाद में दो पक्षों की महिलाएं भिड़ीं, तीन घायल, वीडियो वायरल

**समाज जागरण**

बबराला थाना क्षेत्र के गांव भगतानगला में बुधवार शाम जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों की महिलाओं के बीच जमकर मारपीट हो गई। लाठी-डंडे चलने से दोनों पक्षों की तीन महिलाएं घायल हो गईं। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर क्रॉस एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, बुधवार शाम करीब साढ़े पांच बजे गांव में पैतृक जमीन के बंटवारे को लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। कहासुनी देखते ही देखते गाली-गलौज और फिर मारपीट में बदल गई। आरोप है कि दोनों ओर से लाठी-डंडे चले, जिससे महिलाएं घायल हो गईं।

एक पक्ष के विकास पुत्र सत्यपाल ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि उसकी मां राजेश्वरी और चाची सूरजश्री घर के बाहर खड़ी थीं। इसी दौरान दूसरे पक्ष की माया देवी, गिरजा और अनीता ने जमीन को लेकर विवाद करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। आरोप है कि हमले में राजेश्वरी के सिर में गंभीर चोट आई और वह मौके पर ही बेहोश हो गईं। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

वहीं दूसरे पक्ष के हरवेश पुत्र सुरेश ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि उसकी मां माया देवी और पत्नी गिरजा घर जा रही थीं। तभी विपक्षी पक्ष की राजेश्वरी और सूरजश्री ने उन्हें रोककर गाली-गलौज की। विरोध करने पर दोनों के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की गई, जिससे माया देवी और गिरजा के सिर में चोटें आईं। गिरजा के बेहोश होने का भी आरोप लगाया गया है। मारपीट में कुल तीन महिलाओं के घायल होने की जानकारी सामने आई है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है।थाना बबराला पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष लवनीश कुमार का कहना है कि वायरल वीडियो, चिकित्सीय परीक्षण और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है। जांच के बाद दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# कार्यालय नगर पंचायत मक्खनपुर, (फिरोजाबाद)

पत्रांकः- 405/न0पं0म0/2026-27 दिनांक : 20/07/2026

## निविदा सूचना

राज्य वित्त अयोग के अन्तर्गत वेतन, पेशन, सेवानिवृत्त देयों के भुगतान उपरान्त अवशेष/पंचायत निधि के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यों के लिये मुहरबन्द निविदाये समस्त फर्म/पंचायत के पंजीकृत ठेकेदारो से दिनांक 10/08/2026 को अहराह्न 3.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन उपस्थित ठेकेदारो के समक्ष अहराह्न 3.30 बजे खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य जमा कराकर दिनांक 10/08/2026 को सम्बन्धित कार्यालय से दोपहर 2.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है। सशर्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा बिना बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष महोदय नगर पंचायत मक्खनपुर को होगा।

| क्र.सं. | मद का नाम | कार्यो के नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर राशि | निविदा शुल्क | कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राज्य वित्त आयोग/ पंचायत निधि | नगर पंचायत मक्खनपुर के वार्ड न0-03 में राम के मकान से पवन के मकान तक नाली एवं सी०सी० सड़क निर्माण एवं पाइप लाइन बिछाने का कार्य। | 4.96 | 2 प्रतिशत | 496.0 | 02 माह |
| 2. | | नगर पंचायत मक्खनपुर के वार्ड न0-06 राधेश्याम ज्वैलर्स के पास आर०सी०सी० नाला एवं पुलिया का निर्माण कार्य । | 4.99 | 2 प्रतिशत | 499.0 | 02 माह |
| 3. | | नगर पंचायत मक्खनपुर के वार्ड नं0-3 दिनेश के सामने आर०सी०सी० नाला एवं पुलिया का निर्माण कार्य। | 2.91 | 2 प्रतिशत | 291.0 | 02 माह |

नोट- विस्तृत विवरण किसी भी कार्य दिवस पर निर्माण विभाग में आकार देखा जा सकता है।

**शर्तेः-**

1. निविदा शुल्क नगद के माध्यम से प्रत्येक कार्य के अनुसार पृथक-पृथक देय होगा, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मक्खनपुर के नाम में बन्धक कर धरोहर राशि नगद / एन०एस०सी०/एफ०डी०आर० के रूप में देय होगी।
2. अपराधिक रिकार्ड वाले निविदादाता को निविदा प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नही होगी।
3. निविदादाता को प्रत्येक निविदा प्रपत्र के साथ सारी सूचनाऐं जी०एस०टी० प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, आधार कार्ड, जिलाधिकारी द्वारा निर्गत हैसियत प्रमाण पत्र, जिलाधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र एवं आई०डी०प्रफू, प्लास्टिक फाइबर रीइंफोसेंड कंक्रीट (पी०एफ०आर०सी०) का प्रमाण पत्र एवं बिड सम्बन्धी अन्य प्रपत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा।
4. शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के क्रम में निर्माण कार्यों में प्रयुक्त उपखनिजों की देय रायल्टी का भुगतान से सम्बन्धित वैध प्रपत्र एम0एम0-11/आई०एस०टी०पी०/फार्म-सी उपलब्ध कराये जाने के उपरान्त ही फर्म को भुगतान किया जायेगा। माँगे गये पपत्र अवैध पाये जाते है तो विभाग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।
5. शासनोदश संख्या 1319/नौ-9-21-45ज/21 नगर विकास अनुभाग-9 लखनऊ दिनांक 30 जून, 2021 के प्रस्तर 5.8 के अनुसार संविदा की प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए 10 प्रतिशत की राशि जमानत के रूप में एफ०डी०आर०/ एन0एस0सी0 01 वर्ष तक लिये नगर पंचायत मक्खनपुर कार्यालय में जमा रहेगी।
6. उक्त कार्यों के भुगतान हेतु कोई माँग सम्बन्धित ठेकेदार नहीं करेगा, न ही दबाव बनायेगा और न ही मा० न्यायालय आदि की शरण लेगा।
7. निविदा प्रकाशन दिनांक के बाद का कोई भी दस्तावेज/प्रमाण पत्र फर्मदाता अपलोड करता है तो निविदा अवैध मानी जायेगी इसकी पूर्ण जिम्मेदारी फर्मदाता की होगी।
8. संक्शन-3 (क्वालीफिकेशन प्रमाण पत्र) एवं समस्त सम्बन्धित शपथपत्र अनिवार्य रूप से अपलोड एवं वैद्य तिथि तक प्रस्तुत करने होगे अन्यथा निविदा निरस्त मानी जायेगी।
9. प्रत्येक निविदादाता को वित्तीय वर्ष 2025-26 में किसी एक माह का जी०एस०टी० चालान या टी०आर०-3 या उबी फार्म में से किसी एक प्रकार का प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. वर्तमान में वैध हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, जी०एस०टी० प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, निविदा जारी होने की तिथि से पूर्व का श्रम विभाग का पंजीकरण प्रमाण पत्र, विगत 03 वर्षों का आईटीआर, सी०ए० द्वारा निर्गत 03 वर्षों का टर्नओवर व 03 वर्ष की वैलेंसशीट, 03 वर्ष का अनुभव प्रमाण पत्र, टी0-6 प्रमाण पत्र (निविदा सूचना संख्या व निविदा प्रकाशन दिनांक अंकित होना चाहिये अन्यथा की स्थिति में टेण्डर निरस्त कर दिया गया जायेगा, जिसकी जिम्मेदारी स्वयं फर्म प्रदाता की होगी।)
11. निविदा स्वीकृति होने के उपरान्त 03 दिन के अन्दर निर्धारित स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध करानें के उपरान्त कार्यदेश जारी होगा। एवं मानकों के अनुरूप कार्य पूर्ण करना होगा।
12. समय-समय पर निर्गत निर्माण कार्यों से सम्बन्धित शासनादेशों पालन करना होगा, निर्माण कार्यो का 01 वर्ष का अनुरक्षण कार्यदायी फर्म को करना होगा।

**(आशुतोष त्रिपाठी)**
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत मक्खनपुर
फिरोजाबाद।

**(गीता देवी)**
अध्यक्ष
नगर पंचायत मक्खनपुर
फिरोजाबाद।

# गौशाला दिलाने और नौकरी का झांसा देकर ठगी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण**
**कैराना।(फुरकान जंग)**
गौशाला दिलाने और नौकरी लगवाने का झांसा देकर लोगों से ठगी करने के मामले में पुलिस ने वांछित एक आरोपी और एक आरोपी महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस मामले में फरार अन्य आरोपी की तलाश में जुटी है।पुलिस के अनुसार, शामली कोतवाली क्षेत्र के गांव बलवा गुजरान निवासी एक महिला ने उसके पति को गौशाला दिलाने के नाम पर ठगी किए जाने का आरोप लगाया था। वहीं, मुजफ्फरनगर जनपद के गांव सोहजनी निवासी गौरव मलिक ने अपने भाई की नौकरी लगवाने का झांसा देकर रुपये हड़पने की शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप है कि अभियुक्तों ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर दोनों पीड़ितों से धोखाधड़ी



कर रकम ऐंठ ली थी। इस संबंध में कैराना थाने में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था।पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के नेतृत्व में थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वांछित आरोपी नदीम पुत्र उमरदीन निवासी ग्राम मामौर, थाना कैराना तथा नीरज शर्मा पुत्री कृष्णपाल निवासी ग्राम गोटरा, थाना खेकड़ा, जनपद बागपत को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले में शामिल फरार अन्य आरोपी की तलाश के लिए पुलिस टीमों को लगाया गया है। पुलिस का दावा है कि उसे भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# 48 लाख रुपये की स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

### --ऑपरेशन सवेरा' के तहत झिंझाना पुलिस की कार्रवाई, आरोपी के खिलाफ पहले भी दर्ज हैं एनडीपीएस के मुकदमे

**समाज जागरण**
झिंझाना (फुरकान जंग)। जनपद में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन सवेरा अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शातिर मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 214 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 48 लाख रुपये बताई गई है।पुलिस के अनुसार, सहारनपुर परिक्षेत्र में पुलिस उपमहानिरीक्षक के निर्देशन में चल रहे अभियान के क्रम में पुलिस



अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला तथा क्षेत्राधिकारी कैराना हेमंत कुमार के नेतृत्व में झिंझाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फारूक उर्फ गांधी पुत्र अख्तर निवासी ग्राम भूरा, थाना कैराना को गिरफ्तार किया।गिरफ्तारी के बाद आरोपी के खिलाफ थाना झिंझाना में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अब आरोपी के मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्क के फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंक की जांच कर रही है, ताकि पूरे गिरोह का पदार्फाश किया जा सके।पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी के खिलाफ पहले भी आबकारी अधिनियम तथा एनडीपीएस अधिनियम के तहत कई मुकदमे दर्ज हैं, जिससे उसके लंबे समय से नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त होने की बात सामने आई है।

# छात्राओं पर अश्लील फब्तियां कसने वाला गिरफ्तार, मिशन शक्ति टीम की कार्रवाई

**समाज जागरण**
**शामली।(फुरकान जंग)**

थाना आदर्श मंडी पुलिस ने छात्राओं और महिलाओं पर अश्लील फब्तियां कसने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। न्यायालय ने आरोपी को जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह के निर्देश पर



महिलाओं के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम और वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति टीम गश्त एवं चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान वीवीपीजी डिग्री कॉलेज के पास छात्राओं और महिलाओं से अभद्रता कर अश्लील फब्तियां कसने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार आरोपी की पहचान रोहित कुमार पुत्र अशोक कुमार निवासी मुड़ाला पट्टी, थाना खेकड़ा, जनपद बागपत के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया न्यायालय ने आरोपी को जेल भेज दिया।पुलिस अधीक्षक ने बताया कि महिला सुरक्षा को लेकर अभियान लगातार जारी है। उन्होंने महिलाओं और बालिकाओं से अपील की है कि यदि उनके साथ छेड़छाड़, अभद्रता या किसी भी प्रकार का अपराध होता है तो तत्काल 1090 महिला हेल्पलाइन, 112 आपात कालीन सेवा अथवा निकटतम थाना या महिला हेल्प डेस्क पर सूचना दें। शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

# बारिश से तीन मकानों की छत गिरी, लाखों का सामान मलबे में दबा

**समाज जागरण कांधला।**
क्षेत्र में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश लोगों के लिए आफत बन गई है। विकासखंड क्षेत्र की देहात कॉलोनी इदरीस बैग बिहार में सोमवार को एक विधवा महिला सहित उसके दो बेटों के मकानों की छत भरभराकर गिर गई। हादसे के समय परिवार के सदस्य घर से बाहर निकल गए, जिससे बड़ा हादसा टल गया। हालांकि मलबे में दबकर घरेलू सामान नष्ट हो गया और लाखों रुपये का नुकसान हो गया। पीड़ित परिवार ने मुआवजे की गुहार लगाई है। विकासखंड क्षेत्र की देहात कॉलोनी इदरीस बैग बिहार कलोनी निवासी विधवा महिला शाहिना पत्नी खलील व उसके दो पुत्र आबिद और सद्दाम के मकान एक-दूसरे के समीप है। परिजनों के अनुसार लगातार हो रही बारिश का पानी मकानों की नींव में भर गया, जिससे नींव कमजोर होकर



धंस गई। और तीनो मकानों की छत अचानक भरभराकर गिर गई।छत गिरते ही परिवार के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सभी ने समय रहते बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन मलबे में दबकर घरेलू सामान क्षतिग्रस्त हो गया। पीड़ित परिवार का कहना है कि इस घटना में उनका लाखों रुपये का नुकसान हुआ है और अब उनके सिर से छत का सहारा भी छिन गया है।पीड़ित परिवार ने प्रदेश सरकार और प्रशासन से आर्थिक सहायता एवं मुआवजा दिलाने की मांग की है। उधर, क्षेत्र में रविवार शाम से शुरू हुई मूसलाधार बारिश सोमवार को भी जारी रही। बारिश से जहां लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली, वहीं कई स्थानों पर जलभराव और कच्चे मकानों को नुकसान की खबरें सामने आई हैं।

# गंगापुत्र प्रो. जी.डी. अग्रवाल की जयंती पर विद्यार्थियों ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**
कस्बे के आर्य बाल विद्यालय जूनियर हाई स्कूल में गंगापुत्र एवं प्रसिद्ध पर्यावरणविद् प्रो. जी.डी. अग्रवाल की जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को उनके जीवन, संघर्ष और पर्यावरण संरक्षण के प्रति किए गए योगदान से अवगत कराया गया तथा प्रकृति संरक्षण का संकल्प दिलाया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्या रूपा रानी ने की, जबकि



संचालन शिक्षक डॉ. दीपक कुमार ने किया। प्रधानाचार्या ने कहा कि कांधला की पावन धरती पर जन्मे प्रो. जी.डी. अग्रवाल ने अपनी प्रतिभा, कर्मनिष्ठा और दृढ़ संकल्प के बल पर देश-विदेश में विशिष्ट पहचान बनाई। उन्होंने बताया कि प्रो. अग्रवाल का जन्म 20 जुलाई 1932 को हुआ था। प्रारंभिक शिक्षा यहीं प्राप्त करने के बाद उन्होंने इंजीनियरिंग की उच्च शिक्षा हासिल की और देश के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों में महत्वपूर्ण सेवाएं दीं।डॉ. दीपक कुमार ने कहा कि प्रो. जी.डी. अग्रवाल ने गंगा की स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को अपना जीवन समर्पित कर दिया। गंगा की अविरलता और निर्मलता बनाए रखने के लिए उन्होंने कई बार अनशन किया और अंतिम समय तक इस अभियान से जुड़े रहे। 11 अक्टूबर 2018 को उनका निधन हो गया, लेकिन पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उनका योगदान आज भी प्रेरणास्रोत बना हुआ है। इस दौरान कार्यक्रम में दर्जनों छात्र,छात्राएं और स्कूल स्टाफ सहित अभिभावक मौजूद रहे।

# भाजपा समाज में विभाजन की राजनीति कर रही है : महम्मूद अली खान

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**
कस्बे के बाईपास मार्ग स्थित पूर्व जिला अध्यक्ष जाहिद यामीन के आवास पर सोमवार को कांग्रेस कार्यकताओं ने बैठक आयोजित की। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने तथा कांग्रेस नेता राहुल गांधी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस के नेशनल कोऑर्डिनेटर एवं अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश प्रभारी



महम्मूद अली खान ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार गरीबों, मजदूरों और किसानों के हितों की अनदेखी कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा समाज में विभाजन की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार अंग्रेजों ने फूट डालो और राज करो की नीति अपनाई थी, उसी तर्ज पर भाजपा भी कार्य कर रही है। उन्होंने कार्यकताओं से अधिक से अधिक लोगों को कांग्रेस से जोड़ने और राहुल गांधी की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया।बैठक में संगठन के विस्तार, बूथ स्तर तक कार्यकताओं को सक्रिय करने तथा आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर भी चर्चा की गई। वक्ताओं ने संगठन की मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करने पर बल दिया।इस अवसर पर डॉ. जफरुल्लाह खान (पीसीसी सदस्य, उत्तर प्रदेश), रियाज उल्लाह खान (प्रदेश महासचिव), मेहराजुल हसन (लीगल इंचार्ज, पश्चिम उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग), तौफीक मकरानी (प्रवक्ता), जाहिद यामीन (पूर्व जिला अध्यक्ष, अहमदुल्लाह खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नहर की पटरी टूटी, सैकड़ों बीघा फसल जलमग्न; किसानों ने मांगा मुआवजा

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

थाना क्षेत्र की नाला नहर की पटरी टूटने से दर्जनों किसानों की सैकड़ों बीघा फसल जलमग्न हो गई। अचानक खेतों में पानी भर जाने से किसानों को लाखों रुपये के नुकसान की आशंका है। वहीं, नहर की पटरी टूटने से मार्ग भी अवरुद्ध हो गया, जिससे राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सोमवार को किसान रोशन सिंह, संजीव कुमार, आशीष सैनी और बृजपाल सहित अन्य किसानों ने बताया कि नहर की पटरी के नीचे किसी स्थान पर छोटा छेद होने के कारण धीरे-धीरे पानी का रिसाव हो रहा था। देखते ही देखते पानी का दबाव बढ़ने से पटरी टूट गई और तेज बहाव के साथ नहर



का पानी आसपास के खेतों में फैल गया। इससे धान समेत अन्य फसलें पानी में डूब गईं। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में किसान मौके पर पहुंचे और सिंचाई विभाग को जानकारी दी। सूचना पर विभागीय टीम भी मौके पर पहुंची और पटरी की मरम्मत का कार्य शुरू कराया।पटरी टूटने से रास्ता बंद होने के कारण राहगीरों को अपने वाहन लेकर दूसरे मार्गों से होकर गुजरना पड़ा। किसानों का कहना है कि फसल जलमग्न होने से उन्हें लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने प्रशासन से नुकसान का सर्वे कराकर उचित मुआवजा की मांग की है।

# घर में निकला सांप, युवक ने साहस दिखाकर सुरक्षित जंगल में छोड़ा

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**
कस्बे के एक मकान में सोमवार को अचानक सांप निकल आने से परिवार में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि मकान स्वामी ने सूझबूझ और साहस का परिचय देते हुए सांप को बिना नुकसान पहुंचाए एक डिब्बे में सुरक्षित बंद



किया और बाद में उसे जंगल में छोड़ दिया।कस्बा निवासी आंसू ने बताया कि वह परिवार के साथ घर में मौजूद थे। इसी दौरान आंगन में अचानक एक सांप दिखाई दिया। सांप को देखते ही परिवार के लोग घबरा गए और शोर मच गया। इसके बाद उन्होंने हिम्मत दिखाते हुए एक डिब्बे की मदद से सांप को जीवित पकड़ लिया।आंसू ने बताया कि वह जीव-जंतुओं को नुकसान पहुंचाना उचित नहीं मानते। इसलिए सांप को मारने के बजाय उसे जंगल में सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया।उनके इस कदम की आसपास के लोगों ने भी सराहना की।

# लुहारी गांव से लापता युवक का शव गन्ने के खेत में मिला, परिजनों ने हत्या की जताई आशंका

### कोताना खेडी प्रधान के जंगल में पड़ा मिला शव, पोस्टमार्टम के लिए भेजा, पुलिस कर रही जांच

**समाज जागरण बड़ौत।**
बड़ौत तहसील क्षेत्र के लुहारी गांव से लापता युवक का शव रविवार देर शाम कोताना खेडी प्रधान के जंगल में गन्ने के खेत में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्राम वासियों ने पुलिस को सूचना दी कि गन्ने के खेत में एक शव पड़ा है। मौके पर पहुंची बोहला चौकी प्रभारी संजीव कुमार और पुलिस बल ने शव की पहचान की तो वह लुहारी गांव निवासी अंकुर पुत्र राम मेहर के रूप में हुई।



घटनास्थल का निरीक्षण कर फील्ड यूनिट और फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। टीम ने साक्ष्य संकलित कर परीक्षण के लिए सुरक्षित किए। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए बड़ौत कोतवाली में अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी दीक्षित कुमार त्यागी ने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उसी आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# शराब के लिए रुपये नही देने पर पत्नी और साले से मारपीट, कार्रवाई की मांग

**समाज जागरण कांधला।**
थाना क्षेत्र के गांव डून्डूखेड़ा में शराब पीने के लिए रुपये नही देने पर एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और साले के साथ मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। पीड़ितों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सीय परीक्षण कराने के बाद आरोपी के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र के गांव डून्डूखेड़ा निवासी महिला मोनिका ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पति शराब पीने का आदी है।आरोप है कि विगत देर रात वह घर पहुंचा और शराब पीने के लिए रुपये मांगने लगा। रुपये देने से इनकार करने पर उसने गाली-गलौज करते हुए पत्नी के साथ मारपीट शुरू कर दी।महिला को बचाने के लिए उसका भाई राजू बीच-बचाव करने पहुंचा तो आरोपी ने उसके साथ भी मारपीट कर दी, जिससे वह भी घायल हो गया। शोर-शराबा होने पर आरोपी मौके से फरार हो गया।पीड़ित महिला और उसके भाई ने अपना चिकित्सीय परीक्षण कराने के बाद आरोपी के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने घायल महिला और उसके भाई को कार्रवाई का आश्वासन देते हुए आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# बागपत के डॉ महेन्द्र सिंह धामा बने हरियाणा प्रदेश के प्रभारी

**समाज जागरण बागपत।**
क्रांतिनायक धनसिंह कोतवाल शोध संस्थान द्वारा राष्ट्रीय, प्रदेश एवं जनपद स्तरीय पदाधिकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम-2026 का आयोजन मेरठ में किया गया।

कार्यक्रम में संगठन के विस्तार और आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर शोध संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष तस्वीर सिंह चपराना ने संगठन विस्तार के क्रम में महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए बागपत के सुप्रसिद्ध समाजसेवी एवं उत्तर प्रदेश राज्य में शोध संस्थान के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ महेन्द्र सिंह



धामा- पीएचडी, एचडीसी को हरियाणा प्रदेश का प्रभारी नियुक्त किया। उनके नाम की घोषणा होते ही उपस्थित पदाधिकारियों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका स्वागत किया और शुभकामनाएं दीं। अपनी नियुक्ति पर डॉ महेन्द्र सिंह धामा ने शोध संस्थान के राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वह पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे। कार्यक्रम में शोध संस्थान के संस्थापक निदेशक डॉ उमेश कुमार पटेल, प्रदेश अध्यक्ष जयप्रकाश धामा सहित शोध संस्थान के राष्ट्रीय, प्रदेश एवं जनपद स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# वर्षों पुराने पुश्तैनी सार्वजनिक मार्ग को अवैध बाउंड्री निर्माण कर बंद कर दिये जाने को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

### डीएम से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर रास्ता बहाल कराने की मांग

**समाज जागरण/**
**अवधेश कुमार गुप्ता**
गुरमा/सोनभद्र। सदर विकासखंड के न्याय पंचायत सलखन अन्तर्गत मारकुंडी समेत आसपास के इलाके के ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान उधम सिंह यादव के नेतृत्व में गांव के वर्षों पुराने सार्वजनिक आवागमन मार्ग को अवैध बाउंड्री निर्माण कर बंद कर दिये जाने को लेकर सोमवार को कलेक्ट में धरना-प्रदर्शन कर मामले की निष्पक्ष जांच कराकर रास्ता बहाल कराने की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार मारकुण्डी, बलुई, बजरटोला, मधुबन, मह अरिया और गुरदह गांवों के लोग कई पीढ़ियों से रास्ते का उपयोग आवागमन के लिए करते आ रहे हैं। आरोप है कि रॉबर्ट्सगंज निवासी प्रशांत शुक्ला पुत्र स्व. प्रेम कुमार शुक्ला द्वारा पक्की बाउंड्री बनाकर इस मार्ग को बंद कर दिया गया, जबकि बाउंड्री के किनारे मौजूद वैकल्पिक रास्ते को भी घेर दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि यही मार्ग बच्चों के विद्यालय आने-जाने, महिलाओं के मजदूरी पर जाने, राशन लेने, बाजार और अस्पताल पहुंचने का प्रमुख साधन है। उनका यह भी कहना है कि अन्य दिशा में नहर, गहरे गड्ढे, पहाड़ी और बरसाती नाला होने के कारण वहां से सुरक्षित आवागमन संभव नहीं है।

बाउण्ड्री निर्माण कार्य शुरू होते हुए ग्रामीणों द्वारा जिलाधिकारी सोनभद्र, एसओसी चकबंदी अधिकारी व उप जिलाधिकारी राबर्ट्सगंज को प्रार्थना पत्र दिया गया। जिस पर कार्य रोकवाने हेतु थानाध्यक्ष चोपन चकबंदी अधिकारी सोनभद्र तथा एसओसी व लेखपाल को आदेशित किया गया है, लेकिन चकबंदी अधिकारी एसओसी कानूनगों, व



लेखपाल पैसे के प्रभाव में आकर आज तक बाउण्ड्री निर्माण कार्य रोकने नहीं आये तथा चोपन थाने में एसआई पद पर तैनात मनोज कुमार सिंह व महिला पुलिस आये एवं बाउण्ड्री निर्माण रोकने हेतु धरने पर गाँव की 200 से अधिक महिला, पुरूष, बच्चे बैठे थे। प्रार्थना पत्र में उल्लेखित है कि एस आई द्वारा जातिसूचक अपशब्दों का प्रयोग करते हुए धमकाने लगे कि सभी पर मुकदमा लाद दूंगा, कौन कौन नेता बन रहे है तथा सबको मौके से भगा दिये। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य रोकने के निर्देश के बावजूद इसके प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। धरना प्रदर्शन के दौरान पुलिसकर्मियों द्वारा अभद्र व्यवहार और धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। आरोप लगाया है कि प्रशान्त शुक्ला,तेजधारी यादव पुत्र गुपुत व राजकुमार मिश्रा पुत्र अज्ञात निवासी मारकण्डी, द्वारा मौके पर बैठकर बाउण्डी निर्माण कराते हुए रास्ता बन्द कराया गया। जिस कारण बच्चे विद्यालय नहीं जा पा रहे है एवं महिलाए मजदूरी करने दवा इलाज कराने सामान लेने कोटा का गल्ला लेने नहीं आ जा पा रहे है। बाउण्ड्री का उत्तरी हिस्सा पहाडी नाला गाटा संख्या- 1772 व 1755 नक्शे में 8 मीटर चौडा नाला है. व मौके परु भी नाला है नाला में मिट्टी पाटकर 5 मीटर चौडा नाले के भूमि में 80 मीटर लम्बा बाउण्ड्री बनवाकर रास्ता रोक दिया गया है।

ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि संबंधित भूमि की पैमाइश कराकर यदि नाले या सार्वजनिक मार्ग की भूमि पर अतिक्रमण पाया जाए तो उसे हटवाया जाए तथा मारकुण्डी मुख्य मार्ग से बलुई गांव तक आवागमन का रास्ता पुनः बहाल कराया जाए। इस मौके पर ग्राम प्रधान मारकुंडी उधम सिंह यादव, ग्राम प्रधान केवटा शीला देवी, श्यामसिंह गोड़, कौलेश्वर,

अमरनाथ, रामलखन, राजकुमार, बनारसी, लीलावती देवी, सुनीता, सीता,पार्वती, राधिका, कमलावती, राजकुमारी फुलवंती, सुगवंती, पूनम, चंद्रावती, लखवंती आदि सैकड़ो महिला पुरुष मौजूद रहे।

# रटौल आम पार्टी में पहुंचे सपा जिला अध्यक्ष मनोज चौधरी

### कहा - आगामी विधानसभा चुनाव में सपा की सरकार बनना निश्चित

**समाज जागरण**
चांदीनगर। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष मनोज चौधरी ने कहा कि सपा में सभी वर्गों का हित सुरक्षित है। कार्यकर्ता आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी रखें, अबकी बार सपा की सरकार बनना तय है। वे रटौल में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता डा. बाबू खान के आवास पर आयोजित आम पार्टी में शामिल होने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि रटौल का आम बागपत की पहचान है। आम के शौकीन लोग रटौल आम से परिचित हैं। हर वर्ष दिल्ली आम महोत्सव हो या लखनऊ आम महोत्सव, सभी जगह रटौल आम अपनी खास पहचान बनाए रखता है। मनोज चौधरी ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी लोग जमीनी स्तर पर मेहनत करें और पार्टी को मजबूत करें। इस मौके पर अवेश खान, नवाब पठान, मुस्तफा कांचा, मुजीब खान सहित बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ऑल मनीमाजरा रेजिडेंट्स एंड वेलफेयर एसोसिएशन के चेयरमैन बने सुभाष धीमान

**समाज जागरण बागपत।**

ऑल मनीमाजरा रेजिडेंट्स एंड वेलफेयर एसोसिएशन के नवनियुक्त चेयरमैन एवं वरिष्ठ समाजसेवी सुभाष धीमान ने अपने मनोनयन पर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजबीर सिंह भारतीय व एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों, क्षेत्रवासियों व शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह दायित्व उनके लिए किसी सम्मान से कम नहीं, बल्कि जनता की सेवा करने की एक नई जिम्मेदारी है, जिसे वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ



निभाएंगे। मीडिया से बातचीत के दौरान सुभाष धीमान ने अपने सामाजिक, राजनीतिक और जनसेवा के लंबे सफर को साझा करते हुए कहा कि उनका संपूर्ण जीवन समाजहित और जनकल्याण के कार्यों को समर्पित रहा है। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है और इसी विश्वास ने उन्हें निरंतर समाज सेवा के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने भावुक शब्दों में कहा, व्यस्तताओं के कारण मैं हर व्यक्ति से व्यक्तिगत रूप से नहीं मिल पाता, लेकिन मेरे मन में अपने प्रत्येक साथी, शुभचिंतक और मित्र के प्रति अपार सम्मान है। मैं अपने सभी साथियों को हृदय की गहराइयों से नमन करता हूँ।

# गुरु पूर्णिमा पर श्री हरि बांध धाम में 23 से 29 जुलाई तक सजेगा सात दिवसीय गुरु पूजा महोत्सव

## रासलीला, श्रीमद्भागवत कथा और विशेष गुरु पूजन में उमड़ेगी आस्था की अविरल धारा

**समाज जागरण**

बबराला गंगा तट के पावन खादर क्षेत्र में स्थित श्री हरि बांध धाम एक बार फिर गुरु भक्ति और आध्यात्मिक चेतना के अनुपम उत्सव का साक्षी बनने जा रहा है। गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व के उपलक्ष्य में 23 से 29 जुलाई तक आयोजित होने वाले सात दिवसीय गुरु पूजा महोत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। पूरे धाम परिसर को आकर्षक विद्युत सज्जा, रंग-बिरंगे पुष्पों और धार्मिक प्रतीकों से भव्य रूप दिया जा रहा है। श्रद्धालुओं के ठहरने, भोजन, पेयजल, चिकित्सा, सुरक्षा तथा यातायात की व्यापक व्यवस्थाएं की जा रही हैं ताकि दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

श्री हरि बांध धाम ट्रस्ट के मंत्री रामाकांत पाठक एवं उपमंत्री विशंभर पाठक ने बताया कि महोत्सव का शुभारंभ 23 जुलाई की प्रातः श्री हरि महाराज की पूजा-अर्चना, वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों के साथ होगा। सात दिनों तक धाम परिसर भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर रहेगा। महोत्सव का समापन 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर विशेष गुरु पूजन, आरती और आशीर्वचन के साथ किया जाएगा।

महोत्सव के दौरान प्रतिदिन वृंदावन की सुप्रसिद्ध श्री गोरांग कृष्ण लीला मंडल द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की मनोहारी रासलीलाओं का मंचन किया जाएगा, जिससे श्रद्धालु ब्रज की दिव्य लीलाओं का साक्षात आनंद प्राप्त कर सकेंगे। वहीं प्रसिद्ध कथा व्यास दीपक कृष्ण उपाध्याय श्रीमद्भागवत कथा का अमृतमय प्रवचन करेंगे। कथा, भजन, संकीर्तन और सत्संग के माध्यम से श्रद्धालुओं को गुरु महिमा, भक्ति, धर्म और मानव जीवन के आध्यात्मिक मूल्यों का संदेश दिया जाएगा।

आयोजकों का कहना है कि इस वर्ष महोत्सव में संभल, बदायूं, अलीगढ़, बुलंदशहर, अमरोहा, मुरादाबाद सहित आसपास के जिलों के अलावा दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। लाखों श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए स्वयंसेवकों की विशेष टीमें भी सेवा कार्य में जुटी हुई हैं।

हरिबाबा महाराज की तपोभूमि, जनआस्था और जनसेवा का प्रतीक है श्री हरि बांध धाम

गंगा के पवित्र तट पर स्थित श्री हरि बांध धाम केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि जनआस्था, सेवा और लोककल्याण का जीवंत प्रतीक माना जाता है। श्री हरिबाबा महाराज के देश-विदेश में लाखों श्रद्धालु हैं, किंतु खादर क्षेत्र के लोगों के हृदय में उनके प्रति विशेष श्रद्धा और विश्वास आज भी अटूट है। स्थानीय जनश्रुतियों के अनुसार हरिबाबा महाराज के मार्गदर्शन तथा क्षेत्रवासियों के सहयोग से मात्र छह माह में लगभग 34 किलोमीटर लंबे बांध का निर्माण कराया गया था। इस बांध के बनने से वर्षों तक गंगा की बाढ़ से जूझने वाले खादर क्षेत्र को स्थायी राहत मिली और हजारों किसानों की खेती तथा गांव सुरक्षित हो सके। क्षेत्र के लोग आज भी इस परिवर्तन को हरिबाबा महाराज की दिव्य प्रेरणा और कृपा का प्रतिफल मानते हैं।

इसी गहरी आस्था के कारण प्रत्येक वर्ष गुरु पूर्णिमा पर श्रद्धालु बड़ी संख्या में धाम पहुंचकर अपने सद्गुरु के श्रीचरणों में श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हैं, आशीर्वाद प्राप्त करते हैं तथा गुरु-शिष्य परंपरा के इस पावन पर्व को भक्ति और सेवा भाव के साथ मनाते हैं। सात दिवसीय गुरु पूजा महोत्सव को लेकर पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक उत्साह का वातावरण बना हुआ है और श्रद्धालु इस दिव्य आयोजन की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

# एमजीएम डिग्री कॉलेज में यातायात जागरूकता अभियान, छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियम बताए

**समाज जागरण**



संभल। पुलिस अधीक्षक कुशल निर्देशन में और क्षेत्राधिकारी यातायात स्तुति सिंह के निर्देशन में महात्मा गांधी मेमोरियल डिग्री कॉलेज में एक यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य मुख्य रूप से छात्र छात्राओं को जागरूक करके दुर्घटनाओं में कमी लाना है जिसमें यातायात नियमों का पालन करने के बारे में बताया गया, जैसे दोपहिया वाहन पर हेलमेट अवश्य पहने ,तीन सवारी न बैठाये, और चार पहिया वाहन पर सीट बेल्ट अवश्य लगाए और वाहन चलाते समय नशे का सेवन न करें, तेज गति से वाहन न चलाए और नींद आने पर वाहन न चलाए, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करें और भी कई यातायात नियमों के बारे में बताया गया । मुख्य आरक्षी सचिन कुमार द्वारा विस्तार से आदेशात्मक, चेतावनी, सूचनात्मक सड़क चिन्हों के बारे में बताया गया। सड़क पर लगे किलोमीटर के पत्थर के रंगों द्वारा एक्सप्रेसवे ,नेशनल हाईवे, राज्य मार्ग ओर शहर और गांव की सड़क की पहचान के बारे में बताया गया और मुख्य रूप से गुड समेरिटन योजना के बारे में भी बताया गया। जिसमें किसी घायल व्यक्ति की मदद करने हेतु प्रेरित किया गया। बरसात के मौसम में वाहन चलाते समय क्या-क्या सावधानी रखनी चाहिए के बारे में भी विस्तार से बताया गया । छात्र छात्राओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर शालीनता से दिए गए बताया कि जीवन अनमोल है "सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा"और ये जागरूकता अभियान लगातार जारी रहेंगे । कार्यक्रम के दौरान प्रभारी यातायात जगरोशन सिंह आदि अन्य कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# बसंती माता मंदिर पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, संपन्न हुआ वार्षिक मेला

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद आषाढ़ माह के प्रत्येक सोमवार को लगने वाले वार्षिक मेले के क्रम में रविवार 20 जुलाई को बसंती माता मंदिर में भव्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में हजारों श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की।



श्रद्धालुओं का मंदिर पहुंचना रात करीब 2 बजे से ही शुरू हो गया था। सुबह होते-होते मंदिर परिसर और आसपास की गलियों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जयकारों और भजन-कीर्तन से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। मंदिर के मठाधीश नीलम गिरी के नेतृत्व में यह वार्षिक मेला आयोजित किया जाता है। प्राचीन काल से ही बसंती माता मंदिर पर हर वर्ष आषाढ़ माह में हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं और मन्नतें मांगते हैं। मान्यता है कि यहां मांगी गई मन्नतें अवश्य पूरी होती हैं।

मेले के दौरान मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना के साथ-साथ प्रसाद वितरण और भंडारे का भी आयोजन किया गया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात रहा। भक्तों का कहना है कि बसंती माता की कृपा से ही उनके घरों में सुख-शांति बनी रहती है। मेले में दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने भी माता के दरबार में हाजिरी लगाकर आशीर्वाद लिया।

# विधानसभा नगीना बूथ सम्मेलन को लेकर शक्तिकेंद्र संयोजक व शक्तिकेंद्र प्रभारियों की बैठक आयोजित

**समाज जागरण अजमल अंसारी**



जनपद बिजनौर किरतपुर मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष नीरज बिश्नोई जी, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती रजनी कालरा जी,पूर्व विधायक सतीश गौतम जी, प्रांतीय पार्षद रोहित रवि जी, बूथ सम्मेलन के मंडल प्रभारी अनुज अग्रवाल जी रहे।

मंडल किरतपुर नगर के भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष गौरव पाराशर द्वारा नगीना में होने जा रहे हैं बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को सफल बनाने के लिए पार्टी पदाधिकारी को आश्वस्त किया व सभी मंडल पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक, शक्ति केंद्र प्रभारी को निर्देशित कर सम्मेलन को सफल बनाने का आवाह्न किया बैठक में मुख्य रूप से मंडल महामंत्री बृजमोहन सिंह मंडल उपाध्यक्ष विकास चौहान अवनीश राठी सूरज वाल्मीकि मंडल कोषाध्यक्ष अशोक सैनी मंडल मंत्री अमरीश कुमार रुक्मणी कश्यप नीरू कश्यप किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष नवनीत राजपूत महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष बिना राणा शक्ति केंद्र संयोजक प्रभारी डॉक्टर बेगराज सिंह एडवोकेट अमित अग्रवाल राजेंद्र सिंह यशपाल सिंह तोमर मोहम्मद अजीम घसीटा सिंह तोमर मोहम्मद इकरार सुधीर गिरी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे

# तीसरे मेले में बहुत बड़ी संख्या में श्रृद्धालुओं की भीड़ उमड़ी

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नगीना। आषाढ़ मास के प्रत्येक रविवार को ग्राम कोटकादर स्थित श्री कल्याणमल देवता मंदिर पर लगने वाले मेलों के तीसरे मेले में बहुत बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी तथा प्रसाद चढ़ाकर अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना की ।

कल्याण मल देवता के मंदिर पर लगने वाले मेले में अधिक भीड़ भाड़ होने पर मार्गों पर जाम की स्थिति बनी रही , अषाढ़ माह में पड़ने वाले प्रत्येक रविवार को तहसील क्षेत्र के गांव कोटकादर स्थित श्री कल्याणमल देवता मंदिर पर सैकड़ों वर्षो से मेला लगता आ रहा है ,यहां नवदंपत्ति सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मेले में पहुंचकर मंदिर में प्रसाद चढ़ाकर अपनी व अपने परिवार की खुशहाली व सुख समृद्धि की कामना करते हैं आषाढ़ माह में लगने वाले इस मेले का बहुत अधिक महत्व हैं , ऐसी मान्यता है कि इस मेले में जो भी श्रद्धालू सच्चे मन से मन्नत मांगता हैं उसकी मन्नत पूरी होती है तीसरे रविवार को लगे मेले में भी श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में पहुंचकर मंदिर में प्रसाद चढ़ाया।

# एबीपीएसएस ने पर्यावरण संरक्षण व जागरूकता के उद्देश्य से मंडी समिति परिसर मे वृक्षारोपण किया

## वृक्ष हमें प्राण वायु ऑक्सीजन, फल और फूल देते हैं.....मंडी सचिव सचिन शर्मा

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**





जनपद बिजनौर नजीबाबाद। अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति की ओर से केन्द्र व प्रदेश सरकार की महत्तवकांशी योजना वृक्षारोपण महायज्ञ अभियान 2026 के अंतर्गत मंडी समिति परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष हाशिम अहमद ने कहा कि पौधे हमें प्राणवायु आक्सीजन, फल और फूल प्रदान करते हैं। इस लिए हम सब को प्रतिवर्ष कम से कम से तीन पौधे लगाकर उनका लालन-पालन करना चाहिए।

सोमवार को नजीबाबाद कोटद्वार रोड़ स्थित नवीन मंडी समिति परिसर में अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति की ओर से पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडी सचिन सचिन शर्मा ने कहा कि वृक्षो से कार्बन संचयन भी बढ़ेगा और पक्षियों को रहने और भोजन की प्राप्ति होगी व पर्यावरण की सुरक्षा भी बढ़ेगी। उन्होंने यह भी कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का सबसे अमूल्य ऑक्सीजन भंडार का आधार है इस से हम लोग आसानी से सांस ले पाते हैं। इस लिए अपने और आनी वाली नस्लो के लिए हर व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक वर्ष अपने और अपनी माँ के नाम पर वृक्ष लगाना आवश्यक है। जिलाध्यक्ष हाशिम अहमद ने कहा कि आज जो संगठन के लोगों की ओर से वृक्षारोपण किया गया है वह आने वाले समय के लिए संजीवनी बनेगा क्योंकि यह एक सरकार द्वारा आज वर्तमान समय में बड़ा अभियान पूरे उत्तर प्रदेश में चलाया जा रहा है। ये ही पेड कल हमें स्वच्छ वातावरण, आक्सीजन, फल और फूल देगे। हमें पेड़ लगाने के साथ ही इनकी देखभाल का संकल्प भी लेना चाहिए।

आप को बता दे कि प्रदेश के मुख्यमंत्री महंत योगी आदित्यनाथ ने पूरे प्रदेश में संकल्प लेते हुए 35 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य लिया गया है। उसे पूरा करने में सहयोग देने वाले सभी वन विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों एवं प्रदेश सरकार के सभी विभागों आम जनमानस एवं सामाजिक संगठनों, मीडियाकर्मियो के द्वारा वृक्षारोपण कर इस अभियान को गति दी जा रही है।

इस अवसर पर मंडी सचिव सचिन शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार हाशिम अहमद, नौशाद सैफी, मरगूब हुसैन नासिर, अशरफ अली, शादाब जफर, डॉक्टर वसीम बारी, आफताब आलम, अल्ताफ रजा, मयंक कश्यप, शमीम सिद्दीकी, नसीम उस्मानी, सुहेल राजू, जूनियर रिपोर्टर अमन और हंजला उस्मानी आदि संगठन के लोग मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने जनपद बिजनौर में कावड़ यात्रा की तैयारी के संबंध में मुख्य सचिव को अवगत कराया

**समाज जागरण मुस्कान खान**



जनपद बिजनौर कांवड़ यात्रा को सकुशल, सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश शासन द्वारा लगातार तैयारियों की समीक्षा की जा रही है। इसी क्रम मे उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव एस.पी. गोयल एवं पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण की संयुक्त अध्यक्षता में मेरठ मंडलायुक्त सभागार में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मेरठ, सहारनपुर, अलीगढ़ एवं मुरादाबाद मंडलों के वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ-साथ उत्तराखंड, दिल्ली, हरियाणा एवं राजस्थान के अधिकारियों ने भी सहभागिता की।

बैठक से पूर्व मुख्य सचिव ने बाबा औघड़नाथ मंदिर पहुंचकर कांवड़ यात्रा से संबंधित सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा जलाभिषेक किया। बैठक के दौरान विभिन्न मंडलों द्वारा कांवड़ यात्रा की तैयारियों, संभावित चुनौतियों एवं उनके समाधान संबंधी कार्ययोजना का प्रस्तुतीकरण किया गया।

जनपद बिजनौर के एनआईसी कक्ष से जिलाधिकारी जसजीत कौर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी वर्चुअल माध्यम से बैठक में शामिल हुए। जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि जनपद में कांवड़ यात्रा की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा संबंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जा चुके हैं।

मुख्य सचिव एस.पी. गोयल ने कहा कि कांवड़ यात्रा का सुरक्षित एवं निर्विघ्न संचालन शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी विभागों को अपने दायित्वों का शत-प्रतिशत निर्वहन सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि कांवड़ मार्गों पर साफ-सफाई, स्वच्छता, सैनिटेशन, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, मोबाइल शौचालय एवं चिकित्सा सुविधाएं पूरी तरह उपलब्ध रहें।

उन्होंने निर्देश दिए कि कांवड़ शिविरों का संचालन निर्धारित मानकों के अनुरूप किया जाए तथा विद्युत, अग्नि सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक अनुमतियों का समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। स्नान घाटों, प्रमुख मंदिरों एवं जलाभिषेक स्थलों पर सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन, चिकित्सा सहायता एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुदृढ़ रखी जाएं। आवश्यकता के अनुसार चिकित्सा शिविर, बाइक एम्बुलेंस, एम्बुलेंस सेवा तथा अस्पतालों में पर्याप्त बेड आरक्षित रखने की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने 'जीरो इंसीडेंट एवं जीरो एक्सीडेंट' के लक्ष्य के साथ कार्य करने पर बल दिया।

मुख्य सचिव ने ट्रैफिक डायवर्जन को लेकर सीमावर्ती राज्यों एवं जनपदों के बीच बेहतर समन्वय, संयुक्त रूट प्लानिंग तथा प्रभावी कम्युनिकेशन प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही ग्राम स्तर तक सुरक्षा समितियों के साथ संवाद स्थापित कर संवेदनशील स्थलों पर पूर्व से आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा।

उन्होंने विद्युत पोलों को पॉलीथीन से कवर करने, ट्रांसफार्मरों की बैरिकेडिंग, गोताखोर एवं मोटरबोट की तैनाती, होटल-ढाबों पर रेट लिस्ट प्रदर्शित करने, मीट एवं शराब की दुकानों के संचालन पर प्रतिबंध, सड़क मरम्मत, सीसीटीवी कैमरे, ड्रोन निगरानी, साइनेज, जल निकासी, प्लास्टिक मुक्त वातावरण एवं कानून-व्यवस्था सहित सभी बिंदुओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान उत्पन्न होने वाली किसी भी चुनौतीपूर्ण स्थिति पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। राष्ट्रीय एवं राज्य मार्गों के प्रवेश एवं निकास बिंदुओं पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। सीमावर्ती राज्यों के साथ सतत समन्वय बनाए रखने तथा सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान के भी निर्देश दिए गए।

उन्होंने डीजे संचालन को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित ध्वनि मानकों के अनुरूप संचालित कराने, डीजे की ऊंचाई निर्धारित मानक के अनुसार रखने तथा डीजे संचालकों का पूर्व सत्यापन एवं चिन्हांकन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही स्टंटबाजी, बिना साइलेंसर के वाहन संचालन एवं अन्य अवांछनीय गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखने के निर्देश भी दिए। डीजीपी ने कहा कि कांवड़ यात्रा से संबंधित आवश्यक सूचनाएं समय-समय पर मीडिया एवं सोशल मीडिया के माध्यम से आमजन तक पहुंचाई जाएं तथा अफवाहों, भ्रामक समाचारों एवं फेक नैरेटिव पर सतत निगरानी रखते हुए तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखते हुए आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाए।

बैठक के अंत में मुख्य सचिव ने सभी मंडलों एवं सीमावर्ती राज्यों के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ शासन की मंशा के अनुरूप कांवड़ यात्रा को सुरक्षित, व्यवस्थित एवं भव्य रूप से संपन्न कराने के निर्देश दिए।

# बिजनौर मे 22 जुलाई से 8 सितंबर तक चलेगा निःशुल्क खुरपका -मुंहपका टीकाकरण अभियान, 570000 पशुओं को लगेगा टीका

## एफएमडी नियंत्रण को लेकर बिजनौर में विशेष अभियान शुरू, ३० टीमें घर-घर जाकर करेंगी पशुओं का टीकाकरण

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

बिजनौर. 20.07.2026/मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डा. लोकेश कुमार अग्रवाल ने अवगत कराया है कि पशुओं में होने वाले खुरपका-मुँहपका रोग के नियन्त्रण हेतु केन्द्र सरकार द्वारा संचालित एफ०एम०डी०सी०पी० योजना के तहत अष्टम चरण में पशुओं में टीकाकरण कार्य जनपद में दिनांक 22.07.2026 से 08.09.2026 तक विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जायेगा। इस दौरान जनपद के ५७०००० गोवंशीय एवं महिषवंशीय पशुओं का निःशुल्क टीकाकरण किया जायेगा। अभियान को सफल बनाने के लिए जनपद के सभी ११ विकास खण्डों में स्थित सभी पशु चिकित्सालयों के माध्यम से टीकाकरण सम्पादित किया जायेगा। इसके लिए ३० टीकाकरण टीमें गठित की गयी है। जो गाँव-गाँव और घर-घर पहुँचकर पशुओं को निःशुल्क टीका लगायेगी। 04 माह से कम आयु के बच्चों तथा 08 माह से अधिक गर्भित गाय एवं भैसों को छोडकर सभी पात्र पशुओं को टीकाकरण किया जायेगा।

उन्होंने जनपद के समस्त पशुपालकों से अपील की है कि वह अपने गौवंशीय एवं महिषवंशीय पशुओं में टीकाकरण कार्य करायें एवं इस भयंकर बीमारी की रोकथाम में अपना सहयोग प्रदान करें। जनपद के सभी ग्राम प्रधानों / अन्य जनप्रतिनिधियों से भी अपील की जाती है कि पशुपालन विभाग की ग्राम में जा रही टीकाकरण हेतु टीमों का सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें। इस कार्यक्रम की अधिक जानकारी हेतु जनपद के समस्त पशुपालक अपने-अपने क्षेत्र के निकटस्थ पशुचिकित्सालय से सम्पर्क स्थापित कर सकते है ।

# पुरातन-दिव्य-भव्य काशी बनेगी हाईटेक, उच्च तकनीक से होगा भीड़ प्रबंधन, गलियां बताएंगी बाबा के द्वार का रास्ता

**- एआई सेंसर व कैमरे, जेनरेटिव एआई, डिजिटल साइनेज, कलर कोडिंग आदि से होगा भीड़ प्रबंधन**

**- 4 घंटे पहले ही अनुमानित भीड़ का चलेगा पता, समय रहते पुलिस कर पाएगी भीड़ प्रबंधन का कार्य**

**- रियल-टाइम डेटा और एआई भीड़ वाले मार्गो से बचाते हुए वैकल्पिक गलियों का देगा सुझाव**

**- काशी की सड़कें-गलियां रंगों के जरिये दिखाएंगी बाबा विश्वनाथ का द्वार और ऐतिहासिक गंगा घाट का मार्ग**

**- अस्सी से मणिकर्णिका घाट तक दिव्यांगजन, वृद्धों और गर्भवती महिलाओं के सुगम आवागमन का समाधान विकसित किया जाएगा**

**समाज जागरण**

वाराणसी,20 जुलाई । काशी आने वाले पर्यटकों को अब भीड़ या यातायात में फंसने पर एआई, सड़क और गलियां उनको रास्ता दिखाकर गंतव्य तक पहुचाएंगे। डिजिटल साइनेज और पारम्परिक म्यूरल साइनेज के साथ ही एआई पर आधारित पैदल नेविगेशन और क्राउड इंटेलिजेंस एप द्वारा भी मार्गदर्शन किया जायेगा। इस योजना को विशेष रूप से वाराणसी जैसे घनी आबादी और ऐतिहासिक धरोहरों वाले शहरों को ध्यान में रख कर बनाया गया है, पायलट प्रोजेक्ट के बाद अब इसका विस्तार किया जा रहा है। इसके लिए टोयोटा मोबिलिटी फाउंडेशन की 'सस्टनैबले सिटीज चैलेंज' के तहत वाराणसी को दुनिया भर के सैकड़ों शहरों में से चुना गया था। इस चुनौती में वेनिस और डेट्रॉइट जैसे वैश्विक शहरों के साथ वाराणसी को भी शामिल किया गया था। शुरूआती दौर में वाराणसी के लिए इस प्रतियोगिता में 10 कंपनियां चुनी गईं, अब 4 विजेता कंपनियां के कार्यो की घोषणा की गई है। जो अलग अलग तरीके से काशी के यातायात, क्राउड मैनेजमेंट और अन्य समाधानों पर योजना बनाने का विस्तृत काम करेगी ।

काशी के कायाकल्प के बाद यहां आने वाले पर्यटकों की संख्या में कई गुना वृद्धि हुई है जो योगी सरकार के मूलभूत सुविधाओं के विकास और विस्तार के बाद लगातार बढ़ती जा रही है। यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए मोदी-योगी की सरकार एलिवेटेड रोड, फ्लाईओवर का जाल ,सड़कों का चौड़ीकरण, रिंग रोड ,रोपवे ,पार्किंग आदि का निर्माण करवाने के साथ ही अब आधुनिक तकनीक का भी इस्तमाल कर रही है।

काशी में क्राउड मैनेजमेंट के लिए विशेष तकनीक का इस्तमाल होगा जिससे 4 घंटे पहले ही अनुमानित भीड़ का पता चल जाएगा और पुलिस समय रहते ही इस भीड़ से बचने के उपाय और डाइवर्जन कर सकेगी। सिटी डेटा के सीईओ अपूर्व कुमार ने बताया कि सिटीफ्लो बिग डेटा ,जेनरेटिव एआई का उपयोग करके भीड़ प्रबन्धन किया जाएगा, पायलट प्रोजेक्ट के तहत अभी तक 8 एआई सेंसर लगे हैं जो आने वाले समय में करीब 50 से अधिक हो जाएंगे। यह भीड़ और ट्रैफिक बेहेवियर का अध्ययन करके बताएगा की किस जगह पर आने वाले समय में कितनी भीड़ होगी और किस स्थान पर मौजूदा समय में कितनी भीड़ यातायात का दबाव है। इसकी पल-पल की जानकारी काशी इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर को मिलती रहेगी जिससे प्रशासनिक और पुलिस को त्वरित कार्रवाई करने में मदद मिलती है।

काशी की सड़कें बाबा विश्वनाथ के द्वार का रास्ता खुद बताएंगी। यही नहीं, काशी के ऐतिहासिक गंगा घाट का मार्ग भी यही की सड़कें और गालियां दिखाएंगी, आदि योगी के दर्शन और गंगा से लौटने का मार्ग भी सड़कें और गालियां बताएंगी। 'जनजात्रा' कंपनी की वंशिका शाह बताती है कि सड़कों पर विभिन्न गंतव्य तक जाने के लिए अलग अलग रंगों का इस्तमाल किया गया है ,पीले रंग की लाइन पर चलकर श्री काशी विश्वनाथ मंदिर और नीले रंग की लाइन पर चलकर कोई भी श्रद्धालु गंगा के घाट पर पहुंच सकता है। इसके साथ ही लाल रंग की लाइन पर चलकर व वापस पिकअप पॉइंट पर पहुंच जायेगा। इसके साथ ही गलियों में म्यूरल पेंटिंग के माध्यम से भी आने जाने के रास्ते सुझाए गए हैं। कंपनी के डायरेक्टर धरन ने बताया कि सड़कों पर डिजिटल साइनेज भी लगाए जाएंगे जो यात्रियों को एक स्थान पर भीड़ होने पर वैकल्पिक मार्ग का सुझाव भी देंगे। क्राउड मैनेजमेंट में अहम भूमिका निभाने वाले एआई कैमरे भी इंस्टाल किये जाएंगे। अत्यधिक भीड़ होने पर इसकी सूचना कण्ट्रोल रूम में तक जाएगी। जिसके बाद प्रभावी कार्रवाई की जा सकेगी। सिद्धि सोनी ने बताया कि पायलट प्रोजेक्ट के बाद अब कंपनी के चयनित होने के बाद तकनीक और क्षेत्र का विस्तार किया जायेगा। जंगमबाड़ी से मैदागिन तक डिजिटल साइनेज और एआई कैमरों की संख्या जरूरतों के अनुसार बढ़ाई जाएगी ।

काशी की गलियों एवं यातायात पर रिसर्च और ऐप डेवलप करने वाली एक और संस्था वोजिक एआई के सीइओ अर्जित विश्वास ने बताया कि पारंपरिक ऐप से अलग, "बेहतर-वे" एप रियल-टाइम डेटा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से भीड़-भाड़ वाले मार्गों से बचाते हुए वैकल्पिक गलियों और नजदीकी दर्शनीय स्थलों की जानकारी देगा है। पर्यटकों को सांस्कृतिक रूप से समृद्ध क्षेत्रों तक पहुंचने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने ने बताया कि ऐप के माध्यम से भीड़ को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। ऐप में स्थानीय गलियों में स्थित दुकानों के बारे में भी जानकारी मिलेगी, जिससे उनको भी आर्थिक लाभ मिलने की संभावना बढ़ेग।

प्रमेया कंसल्टिंग की सीईओ रिद्धि शाह ने बताया कि 'नई चाल' एक एआई-संचालित इकोसिस्टम है, जो मोबिलिटी डैशबोर्ड, नेविगेशन ऐप और वे-फाइंडिंग नेटवर्क के माध्यम से काशी में नागरिकों के लिए सुरक्षित, सुगम एवं सहज आवागमन सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य कर रहा है। यह विशेष रूप से दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिकों और गर्भवती महिलाओं की सुगमता एवं नेविगेबिलिटी में सुधार पर केंद्रित है। आने वाले समय में अस्सी घाट से मणिकर्णिका घाट तक इन सभी के लिए निर्बाध आवागमन का समाधान विकसित किया जाएगा। पायलट प्रोजेक्ट के तहत गोदौलिया से दशाश्वमेध घाट तक शौचालयों एवं अन्य सुविधाओं पर रैंप, चेंजिंग रूम, व्हीलचेयर जैसी सुविधाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के लिए सूचना केंद्र विकसित किए गए हैं।

# तेज रफ्तार बाईकों की भिड़ंत में दो युवक घायल

**समाज जागरण मुस्कान खान**



जनपद बिजनौर नगीना। पोस्ट ऑफिस के सामने तेज रफ्तार बाईकों की भिड़ंत में दोनों बाईकों पर सवार युवक घायल हो गए। सीएचसी में दोनों घायलों का उपचार कर छुट्टी दे दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली और बाईकों को कब्जे में ले लिया।

सोमवार की सुबह आठ बजे मनिहारी सराय निवासी मौहम्मद शादान ( 18 वर्ष)पुत्र अमीर अहमद बाइक से स्टेशन रोड पर जा रहा था। ग्राम बघाला निवासी अतखाब ( 30 वर्ष )पुत्र मैनुद्दीन अपनी बाइक से बाजार की तरफ जा रहा था। पोस्ट ऑफिस के सामने दोनों की बाईकों की टक्कर हो गई। जिसमें दोनों घायल हो गए और दोनों की बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। शादान का मोबाइल भी टूट गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों की बाइक तेज रफ्तार में थी। आसपास के दुकानदारों ने दोनों को पास ही में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया।सीएचसी में डॉक्टर ने दोनों घायलों की मरहम पट्टी कर छुट्टी दे दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना के संबंध में जानकारी ली और बाईकों को कब्जे में ले लिया।

# यूपी टी-20 लीग: लखनऊ के इकाना स्टेडियम में लॉन्च हुआ सीजन-4 के उद्घाटन समारोह का टिकट

**समाज जागरण**

लखनऊ 20 जुलाई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश खेलों के क्षेत्र में लगातार नई पहचान बना रहा है। आधुनिक खेल अवसंरचना, खिलाड़ियों को प्रोत्साहन और बड़े खेल आयोजनों को बढ़ावा देने की नीति के चलते प्रदेश अब राष्ट्रीय स्तर के प्रमुख खेल केंद्र के रूप में उभर रहा है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश टी-20 लीग के चौथे सीजन का शंखनाद सोमवार को लखनऊ के इकाना स्टेडियम में हो गया। भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित समारोह में लीग के उद्घाटन समारोह के टिकटों की लॉन्चिंग की गई।

**14 अगस्त को होगा भव्य उद्घाटन**

कार्यक्रम के दौरान उद्घाटन की 4000 टिकट रियायती रेट पर लांच की गई है। इसमें अपर ब्लाक की टिकट 349 रुपए व लोअर विंग की टिकट 499 रुपए की होंगी, जो पहले आओ पहले पाओ के आधार पर उपलब्ध होगा। यह टिकट ई- ड्रिस्टिट एप पर भी मिलेंगे।

## बेहतर इलाज और कम रेफरल की दिशा में बड़ा कदम, सरकारी अस्पतालों में ही मिलेगा गुणवत्तापूर्ण उपचार

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

20 जुलाई। जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की दिशा में जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण पहल की है। सोमवार को जिला पदाधिकारी नवीन कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय रेफरल अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सदर अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिए गए।

बैठक में जिला पदाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का उद्देश्य केवल उपचार उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि मरीज को सही समय पर सही स्वास्थ्य संस्थान में बेहतर इलाज उपलब्ध कराना भी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अनावश्यक रेफरल से मरीजों के समय और धन की बबार्दी होती है, वहीं बड़े अस्पतालों पर भी अतिरिक्त दबाव बढ़ता है। इसलिए अब रेफरल व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और तकनीक आधारित बनाया जाएगा।

डीएम ने निर्देश दिया कि सदर अस्पताल के सभी विशेषज्ञ एवं सामान्य चिकित्सकों का ड्यूटी रोस्टर तैयार कर अस्पताल के प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित किया जाए। साथ ही नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल कर्मियों और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों का रोस्टर भी सार्वजनिक किया जाए, ताकि मरीजों एवं उनके परिजनों को चिकित्सकों और कर्मियों की उपलब्धता की जानकारी आसानी से मिल सके।

उन्होंने कहा कि किसी भी मरीज को रेफर करने से पहले संबंधित स्वास्थ्य संस्थान अपनी उपलब्ध सभी चिकित्सीय सुविधाओं का पूरा उपयोग करेगा। यदि आवश्यक उपचार स्थानीय स्तर पर उपलब्ध नहीं होगा, तभी मरीज को उच्च चिकित्सा संस्थान भेजा जाएगा। प्रत्येक रेफरल का कारण स्पष्ट रूप से दर्ज करना अनिवार्य होगा। साथ ही मरीज को रेफरल से पहले चिकित्सकीय रूप से स्थिर (स्टेबलाइज) कर सरकारी एएलएस एवं बीएलएस एम्बुलेंस के माध्यम से सुरक्षित भेजने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

बैठक में निर्देश दिया गया कि जिले के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में भाव्या पोर्टल का शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित किया जाए। ओपीडी, आईपीडी तथा आपातकालीन सेवाओं में आने वाले प्रत्येक मरीज का पंजीकरण, चिकित्सकीय परामर्श, जांच एवं दवा वितरण डिजिटल माध्यम से दर्ज किया जाएगा। भर्ती मरीजों का आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (ABHA) बनाकर उनका इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा, जिससे भविष्य में किसी भी सरकारी अस्पताल में उनका उपचार अधिक सरल और प्रभावी हो सके।

सिविल सर्जन डॉ. राज कुमार चौधरी ने बताया कि राज्य सरकार के निदेर्शानुसार सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में दुर्घटना एवं आपातकालीन सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाएगा। आपातकालीन मरीजों को बिना किसी विलंब के प्राथमिक उपचार, आवश्यक जांच और चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही रेफरल की स्थिति में मरीज की संपूर्ण उपचार प्रक्रिया का डिजिटल रिकॉर्ड भी तैयार किया जाएगा।

जिला पदाधिकारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि अनावश्यक रेफरल अथवा उपचार में लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा। अस्पताल प्रबंधक, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों की संयुक्त जिम्मेदारी तय की गई है। किसी भी स्तर पर लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। विशेषज्ञ चिकित्सकों की अनुपलब्धता की स्थिति में जिले के अन्य सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों से ऑन-कॉल विशेषज्ञ सेवाएं भी ली जाएंगी।

उन्होंने बताया कि सिविल सर्जन प्रत्येक सप्ताह रेफरल मामलों की समीक्षा करेंगे, जबकि जिला स्तरीय समिति प्रत्येक माह बैठक कर रेफरल व्यवस्था, उपचार सेवाओं एवं सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करेगी और इसकी रिपोर्ट राज्य स्वास्थ्य समिति को भेजेगी।

बैठक के अंत में डीएम नवीन कुमार ने आमजन से सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध सुविधाओं पर विश्वास करने तथा अनावश्यक रेफरल की मांग नहीं करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से जिले में एक सुदृढ़, पारदर्शी और जनहितैषी स्वास्थ्य व्यवस्था स्थापित की जा सकती है।

बैठक में अपर समाहर्ता ब्रजेश कुमार, सिविल सर्जन डॉ. राज कुमार चौधरी, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. अनवर हुसैन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. मुनाजिम सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## 'सबका सम्मान-जीवन आसान' को लेकर डीएम ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



20 जुलाई। बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के अंतर्गत 'सबका सम्मान-जीवन आसान (Ease of Living)' कार्यक्रम को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी नवीन कुमार ने रविवार को आमजनों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

डीएम ने निर्देश दिया कि प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को सभी विभागीय पदाधिकारी अपने-अपने कार्यालयों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे, ताकि आम लोगों की शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

उन्होंने सभी सरकारी कार्यालयों में आगंतुकों के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था, पेयजल, शौचालय सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही प्रत्येक कार्यालय में आगंतुक पंजी का नियमित संधारण करते हुए प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा।

डीएम ने प्रखंड, पंचायत एवं जिला स्तर पर प्रतिदिन आगंतुकों की संख्या की रिपोर्ट तैयार करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर संबंधित पदाधिकारी तत्काल अपने वरीय अधिकारी को इसकी सूचना दें।

उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी परिस्थिति में आम लोगों को कार्यालयों में असुविधा नहीं होनी चाहिए। यदि संबंधित पदाधिकारी किसी कारणवश अनुपस्थित हों तो उनके स्थान पर अधिकृत अधिकारी लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनेंगे। वहीं, एक से अधिक कार्यालयों का प्रभार संभाल रहे पदाधिकारी सोमवार एवं शुक्रवार को निर्धारित समय के अनुसार सभी कार्यालयों में उपस्थित रहकर जनसमस्याओं का समाधान सुनिश्चित करेंगे।

डीएम ने चेतावनी दी कि निदेर्शों की अवहेलना अथवा अधिकृत पदाधिकारी की अनुपस्थिति पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## राष्ट्रीय सुरक्षा के मद्देनजर किशनगंज एयरपोर्ट के रनवे का होगा विस्तार, भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई तेज

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**




20 जुलाई। राष्ट्रीय सुरक्षा और सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण किशनगंज एयरपोर्ट के रनवे विस्तार की दिशा में प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है। आपात प्रक्रिया के तहत भूमि अधिग्रहण का कार्य शुरू हो गया है। जिला प्रशासन ने जमीन की पैमाइश, मूल्यांकन और प्रभावित रैयतों की पहचान की प्रक्रिया में तेजी ला दी है।

वर्तमान में किशनगंज एयरपोर्ट परिसर में लगभग 25 एकड़ भूमि उपलब्ध है। रनवे विस्तार के लिए वार्ड संख्या 31 स्थित ढेंका भिन्जा और जुलजुली मौजा में करीब 24 एकड़ अतिरिक्त भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा। इससे लगभग 60 से 70 रैयत प्रभावित होंगे।

प्रशासन द्वारा भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई तेज कर दी गई है और प्रभावित रैयतों की सूची तैयार की जा रही है। साथ ही अधिग्रहित की जाने वाली भूमि की पैमाइश तथा उसके कृषि, आवासीय और व्यावसायिक स्वरूप का आकलन किया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार प्रभावित रैयतों को अधिग्रहित भूमि के बदले सरकारी निर्धारित दर का दोगुना मुआवजा दिया जाएगा। इस परियोजना के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 में 5.45 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

**चिकन नेक की सुरक्षा होगी और मजबूत**

किशनगंज देश के सामरिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण सिलीगुड़ी कॉरिडोर (चिकन नेक) के मुहाने पर स्थित है। यहां से बांग्लादेश की सीमा लगभग 20 किलोमीटर दूर है, जबकि नेपाल की सीमा भी निकट है। इसी रणनीतिक महत्व को देखते हुए सरकार इस क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने में जुटी है। रनवे विस्तार के बाद आवश्यकता पड़ने पर यहां सैन्य विमानों की आपातकालीन लैंडिंग और संचालन संभव हो सकेगा।

**फिलहाल बागडोगरा है सबसे निकटतम एयरपोर्ट**

वर्तमान में किशनगंज के लोगों के लिए सबसे निकटतम नागरिक हवाई अड्डा पश्चिम बंगाल स्थित बागडोगरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा है, जो किशनगंज से लगभग 60झ्70 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। हालांकि, फिलहाल इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करना और सैन्य उपयोग के लिए रनवे का विस्तार करना है। नागरिक उड़ानों के संचालन को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

## लोकसभा के पहले दिन सांसद का प्रदर्शन, एएमयू केंद्र के लिए फंड और पदों की मांग

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



20 जुलाई। लोकसभा के मानसून सत्र के पहले दिन किशनगंज के सांसद डॉ. मोहम्मद जावेद ने संसद परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के किशनगंज केंद्र से जुड़े लंबित मुद्दों को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के दौरान सांसद डॉ. जावेद ने "फंड जारी करो, एएमयू किशनगंज केंद्र को बचाओ" लिखी तख्ती हाथ में लेकर केंद्र सरकार से एएमयू किशनगंज केंद्र के लिए तत्काल फंड जारी करने तथा आवश्यक शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक पदों को स्वीकृति देने की मांग की।

उन्होंने कहा कि एएमयू का किशनगंज केंद्र सीमांचल ही नहीं, बल्कि पूर्वोत्तर भारत के हजारों विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा का एक महत्वपूर्ण केंद्र है। पर्याप्त वित्तीय सहायता और आवश्यक पदों की स्वीकृति के अभाव में केंद्र का समुचित संचालन और विकास प्रभावित हो रहा है, जिससे क्षेत्र के विद्यार्थियों का भविष्य भी प्रभावित हो रहा है।

डॉ. मोहम्मद जावेद ने कहा कि वे लंबे समय से संसद के भीतर और बाहर एएमयू किशनगंज केंद्र के मुद्दे को लगातार और मजबूती से उठाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब तक केंद्र सरकार फंड जारी कर केंद्र के समुचित संचालन एवं विकास के लिए आवश्यक कदम नहीं उठाती, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा।

सांसद डॉ. जावेद ने केंद्र सरकार से शिक्षा और सीमांचल के समग्र विकास के हित में एएमयू किशनगंज केंद्र से जुड़े सभी लंबित मामलों का शीघ्र समाधान करने, पर्याप्त फंड उपलब्ध कराने तथा आवश्यक शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक पदों को तत्काल स्वीकृति देने की मांग की। उन्होंने कहा कि इससे सीमांचल सहित आसपास के क्षेत्रों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा का बेहतर अवसर मिल सकेगा।

## किशनगंज में 21 सहायक अवर निरीक्षक व दो हवलदारों का पद अलंकरण समारोह आयोजित

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



20 जुलाई। पुलिस सभागार, किशनगंज में सोमवार को नव प्रोन्नत 21 सहायक अवर निरीक्षकों (एएसआई) एवं दो हवलदारों के सम्मान में पद अलंकरण (पिपिंग) समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह किशनगंज पुलिस परिवार के लिए गौरव, सम्मान और उत्साह का विशेष अवसर रहा, जिसमें नव प्रोन्नत पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने अपने नए दायित्वों का औपचारिक रूप से कार्यभार ग्रहण किया।

समारोह में प्रभारी पुलिस अधीक्षक हरिमोहन शुक्ला ने नव प्रोन्नत 21 सहायक अवर निरीक्षकों के कंधों पर एक-एक स्टार लगाकर तथा दो हवलदारों को तीन-तीन फीता (चेवरॉन) पहनाकर पद अलंकृत किया।

इस अवसर पर प्रभारी पुलिस अधीक्षक श्री शुक्ला ने सभी नव प्रोन्नत पदाधिकारियों एवं कर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि पदोन्नति केवल पद में वृद्धि नहीं, बल्कि जिम्मेदारियों का विस्तार भी है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मी पुलिस मुख्यालय तथा वरीय अधिकारियों के निदेर्शों का विधिसम्मत, अनुशासित एवं ईमानदारीपूर्वक पालन करें तथा जनता को बेहतर, संवेदनशील और गुणवत्तापूर्ण पुलिस सेवा उपलब्ध कराने के लिए सदैव तत्पर रहें।

समारोह में उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने नव प्रोन्नत साथियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## नहीं रुक रहा है चापड़बाजी, आरआईटी मोड़ के समीप एक युवक पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला

**अभय कुमार मिश्रा, समाज जागरण, ब्यूरो चीफ**



सरायकेला खरसावां (झारखंड) 20 जुलाई 2026: सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत आदित्यपुर में एक बार फिर सरेआम हिंसा की घटना से दहल उठा है, आरआईटी मोड़ के समीप शाम के व्यस्त समय में एक युवक पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला किए जाने की घटना ने पूरे इलाके में भय और आक्रोश का माहौल पैदा कर दिया.

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दो युवकों के बीच विवाद चल रहा था, देखते ही देखते विवाद हिंसा में बदल गया और एक युवक ने धारदार हथियार निकालकर दूसरे युवक पर ताबड़तोड़ वार शुरू कर दिए, हमलावर सड़क पर घायल युवक का पीछा करता रहा और लगातार हमला करता रहा, यह भयावह दृश्य देखकर आसपास मौजूद लोग स्तब्ध रह गए.

गंभीर रूप से घायल युवक को स्थानीय लोगों ने तत्काल आरआईटी मोड़ स्थित गंगोत्री अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी हालत चिंताजनक देखते हुए उसे टाटा मुख्य अस्पताल रेफर कर दिया गया, राहत की बात यह रही कि घायल युवक के साथ मौजूद एक छोटा बच्चा इस हमले की चपेट में नहीं आया, अन्यथा घटना और भी दर्दनाक हो सकती थी.

लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाएं कानून-व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर रही हैं, आखिर सार्वजनिक स्थानों पर अपराधियों का मनोबल इतना बढ़ कैसे रहा है? क्या अपराधियों में कानून का भय समाप्त हो चुका है? यह सवाल अब आम लोगों के बीच चर्चा का विषय बन चुका है.

स्थानीय नागरिकों ने पुलिस और जिला प्रशासन से संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त बढ़ाने, असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है, फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और आरोपी की तलाश जारी है.

## पुलिस की छापेमारी, महिला तस्कर शराब के साथ गिरफ्ता

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**




नबीनगर (बिहार)नवीनगर प्रखंड के नरारी कला खुर्द थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के सोहदा गांव में छापेमारी कर एक महिला को शराब के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिला की पहचान सोहदा गांव निवासी सरिता कुमारी के रूप में की गई है। पुलिस ने उसके कब्जे से 10 लीटर देशी महुआ चुलाई शराब तथा 900 एमएल टनाका देशी शराब बरामद की है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सोहदा गांव में छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी का नेतृत्व एएसआई मीरा कुमारी एवं एएसआई गंगा मेहता ने सशस्त्र पुलिस बल के साथ किया। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर तलाशी ली, जहां से अवैध शराब बरामद होने के बाद सरिता कुमारी को गिरफ्तार कर लिया गया।

उन्होंने बताया कि बरामद शराब को जब्त कर लिया गया है तथा गिरफ्तार महिला के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।थानाध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और तस्करी के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि कहीं भी अवैध शराब के निर्माण या बिक्री की सूचना मिले तो तत्काल पुलिस को जानकारी दें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

## नवीनगर में प्रेम विवाह के बाद पति के छोड़ जाने से आहत युवती ने की आत्महत्या

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार)नवीनगर थाना क्षेत्र में एक 23 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मृतका की पहचान झारखंड के जपला निवासी स्वर्गीय मनोज चंद्रवंशी की पुत्री शितानी कुमारी के रूप में हुई है।परिजनों के अनुसार शितानी कुमारी अपने नाना बनवारी प्रसाद के घर नवीनगर रोड स्टेशन में रहती थी। रविवार की रात उसने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में शोक की लहर दौड़ गई।जानकारी के अनुसार शितानी ने करीब दो वर्ष पूर्व कानपुर निवासी एक गुपचुप( गोलगप्पा)विक्रेता से प्रेम विवाह किया था। विवाह के कुछ महीने बाद ही उसका पति उसे छोड़कर चला गया। इसके बाद न तो उसने कभी फोन किया और न ही पत्नी का हाल-चाल लिया।

पिछले दो सालों से शितानी मानसिक तनाव से गुजर रही थी। इसी अवसाद के कारण उसने यह कदम उठाया होने की आशंका जताई जा रही है।

नवीनगर थानाध्यक्ष मृत्युंजय उपाध्याय ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने कहा, "अभी तक इस मामले में कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने के बाद विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। आत्महत्या के पीछे के वास्तविक कारणों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।"फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## पटना के दानापुर में 21वीं बिहार बटालियन ने मनाया अपना 46वां स्थापना दिवस, शहीदों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के दानापुर में बिहार रेजीमेंट केंद्र में सोमवार को 21वीं बिहार बटालियन का 46वां स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और गरिमा के साथ मनाया गया। यह अवसर न केवल बटालियन की गौरवशाली यात्रा को याद करने का था, बल्कि उन वीर शहीदों को नमन करने का भी था, जिन्होंने राष्ट्र की रक्षा में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया।

20 जुलाई 1981 को दानापुर छावनी में लेफ्टिनेंट कर्नल मोहम्मद मनसूर मलिक के नेतृत्व में स्थापित इस बटालियन का इतिहास शौर्य और पराक्रम से भरा है। स्थापना के बाद से ही बटालियन ने ऑपरेशन बजरंग, ऑपरेशन रक्षक (उरी) और ऑपरेशन अलर्ट जैसे चुनौतीपूर्ण अभियानों में अद्वितीय साहस का परिचय दिया है। कठिन परिस्थितियों में भी अपनी निष्ठा और कर्तव्यपरायणता से बटालियन ने कई वीरता पुरस्कार और सम्मान अर्जित किए हैं। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में रेजीमेंट स्थित वीर स्मृति स्थल पर एक विशेष श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बिहार रेजीमेंट के समादेष्टा ब्रिगेडियर राकेश कुमार बोरा ने कर्नल ऑफ द बिहार रेजीमेंट की ओर से अमर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान लेफ्टिनेंट कर्नल अंकुर कुमार मिश्रा, सूबेदार मेजर नारायण प्रधान सहित सेना के कई अधिकारी, जेसीओ और जवानों ने शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा। सेना के बैंड की देशभक्ति धुनों के बीच उपस्थित सभी लोगों ने वीर योद्धाओं के बलिदान को नमन किया। यह आयोजन बटालियन के सैनिकों में राष्ट्रभक्ति और गौरव की भावना को और भी सुदृढ़ कर गया।

## पटना के मनेर पासपोर्ट कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी, मचा हड़कंप

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ राजधानी से सटे मनेर नगर परिषद क्षेत्र में सोमवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब स्थानीय थाना के समीप स्थित उप-डाकघर और पासपोर्ट सेवा केंद्र को बम से उड़ाने की धमकी मिली। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा भेजे गए एक ईमेल ने प्रशासन और स्थानीय लोगों के बीच हड़कंप मचा दिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, अज्ञात तत्व ने वरीय डाक अधीक्षक (पासपोर्ट) की आधिकारिक ईमेल आईडी पर एक धमकी भरा संदेश भेजा, जिसमें मनेर स्थित पासपोर्ट कार्यालय को बम से उड़ाने की बात कही गई थी। धमकी की सूचना मिलते ही डाक विभाग और स्थानीय पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में मनेर पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए एहतियात के तौर पर पूरे डाकघर परिसर को खाली करवा दिया और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए। घटना की सूचना मिलते ही मनेर थाना की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर दी। फिलहाल पुलिस वहां मौजूद हर व्यक्ति की सघन जांच कर रही है और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है। सुरक्षा के मद्देनजर पटना से बम निरोधक दस्ते की टीम को मौके पर भेजा गया है, जो डाकघर के अंदर और आसपास गहन तलाशी अभियान चलाएगी। इस घटना की खबर फैलते ही डाकघर के बाहर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जुट गई। हालांकि, पुलिस ने सुरक्षा कारणों से घटनास्थल से लोगों को दूर रखा है। पुलिस का कहना है कि यह धमकी किसी की शरारत है या इसके पीछे कोई गहरी साजिश, इसका पता लगाने के लिए तकनीकी टीम की मदद ली जा रही है। ईमेल भेजने वाले की पहचान सुनिश्चित करने के लिए साइबर सेल की मदद से छानबीन शुरू कर दी गई है। स्थानीय प्रशासन ने लोगों से धैर्य बनाए रखने और किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की है।

## पटना में रैपिडो कार से शराब की तस्करी का भंडाफोड़, जांच के दौरान तस्कर फरार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ राजधानी पटना में शराब माफिया अब नए-नए हथकंडे अपना रहे हैं। पटना जंक्शन गोलंबर के समीप पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक रैपिडो कार से भारी मात्रा में शराब की खेप बरामद की है। हालांकि, मौके का फायदा उठाकर शराब तस्कर पुलिस को चकमा देकर फरार होने में सफल रहा। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस जंक्शन गोलंबर के पास वाहनों की सघन जांच कर रही थी। इसी क्रम में एक रैपिडो कार को रुकवाया गया। पुलिस की टीम जब कार की डिक्की की तलाशी ले रही थी, तभी कार में सवार एक युवक तेजी से वहां से भाग निकला। पुलिस ने जब डिक्की में रखे एक बड़े ब्रीफकेस की जांच की, तो उसमें से शराब की बोतलें बरामद हुईं।पूछताछ के दौरान रैपिडो चालक ने पुलिस को बताया कि उसने महज एक सवारी के तौर पर उस युवक को बुक किया था। युवक ने पहले ही अपना सामान डिक्की में रख दिया था और उसे इस बात की कोई जानकारी नहीं थी कि बैग के अंदर शराब की खेप है। चालक के बयानों और प्राथमिक जांच के बाद पुलिस ने उसे निर्दोष मानते हुए छोड़ दिया है। कोतवाली थाना पुलिस ने मौके से शराब जब्त कर ली है और मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब उस मोबाइल नंबर और ऐप आईडी की जांच कर रही है, जिसके जरिए रैपिडो कार बुक की गई थी। अधिकारियों का कहना है कि बुकिंग डिटेल के आधार पर तस्कर की पहचान कर ली गई है और उसे गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी की जा रही है।

## पटना के बिहटा में भैंस चोरी का खुलासा

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के बिहटा थाना क्षेत्र में भैंस चोरी कर अंतरराज्यीय गिरोह को बेचने वाले एक बड़े रैकेट का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। बिहटा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए झारखंड के जसीडीह से चोरी की गई चार भैंसों को सुरक्षित बरामद कर लिया है। मामले में मनेर निवासी दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है। मामला बिहटा के पाण्डेयचक-बेंदौल गांव का है, जहां 6 जुलाई की रात पीड़ित संतलाल यादव के घर से चार भैंसें चोरी हो गई थीं। इस घटना के बाद पीड़ित ने स्थानीय थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू की और तकनीकी अनुसंधान के जरिए आरोपियों तक पहुंचने में सफलता प्राप्त की। अनुसंधान के दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि चोरी की गई भैंसों को मनेर के कुछ अपराधियों के माध्यम से झारखंड के जसीडीह ले जाकर बेच दिया गया है। सूचना मिलते ही बिहटा पुलिस की एक विशेष टीम ने जसीडीह में छापेमारी की और चोरी की गई चारों भैंसों को बरामद कर लिया।

# विकसित भारत में छात्रों का योगदान एवं महामना प्रेरणा सम्मान समारोह का आयोजन

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी। महामना वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में वाराणसी में स्थित होटल में आयोजित विकसित भारत में छात्रों का योगदान एवं महामना प्रेरणा सम्मान समारोह का आयोजन सोसाइटी के अध्यक्ष विवेक सिंह महानगर मंत्री भाजयुमो वाराणसी द्वारा किया गया। जिसके मुख्य अतिथि अशोक चौरसिया, क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा काशी क्षेत्र, विशिष्ट अतिथि डॉक्टर उत्तम ओझा प्रदेश संयोजक दिव्यांग प्रकोष्ठ भाजपा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।अपने संबोधन में विवेक सिंह ने कहा मालवीय जी ने इस संस्थान की स्थापना करने का मुख्य उद्देश्य यही था कि सभी को सामान शिक्षा मिल सके और यहां से शिक्षा हासिल कर युवा देश और




अपने परिवार का नाम रोशन कर सके।आज आयोजित कार्यक्रम में कुल 12 छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रोफेसर प्रशांत श्रीवास्तव आई ई एस डी बी एच यू ,हिंदी विभाग के प्रोफेसर प्रभाकर सिंह समन्वयक भोजपुरी अध्ययन केंद्र, अमन सोनकर जिला अध्यक्ष भाजयुमो वाराणसी, रोहित सिंह महानगर मंत्री एवं अन्य गणमान्य के उपस्थिति में सम्पन्न हुआ एवं संचालन डॉक्टर सम्मी सिंह ने किया गया है। कार्यक्रम में मयंक भूषण सिंह, दिव्यांशु सिंह, विपुल सिंह,अमित जायसवाल,शुभम सिंह,शाहिल सोनकर, मोहित गुप्ता,शिवम सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# किसानो की शक्ति और समृद्धि का उपकरण है सहकारिता: अवधेश कुमार सिंह

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी। सहायक आयुक्त कार्यालय विकास भवन मे सहकारी प्रबंधन के प्रशिक्षणार्थियो को सोमवार को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण देते हुए अपर जिला सहकारी अधिकारी अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि किसानो की शक्ति और समृद्धि का उपकरण है सहकारिता।सहकारिता और किसानो का अस्तित्व एक दूसरे के बगैर निष्प्राण है।उन्होने प्रशिक्षणार्थियो को सहकारी नियमो,उपविधि,समितियो के गठन, सदस्यता, अंशपूँजी ,ऋणवितरण इत्यादि के बारे मे विस्तार से बताया। उल्लेखनीय है कि प्रधानाचार्या सहकारी प्रबंध प्रशिक्षण संस्थान वाराणसी के आदेश पर सात प्रशिक्षणार्थियो ने विकास भवन स्थित जनपदीय सहकारिता कार्यालय मे सोमवार को सुबह योगदान किया था।

ये सभी प्रशिक्षणार्थी दो सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम के पश्चात सहायक आयुक्त कार्यालय से कार्यमुक्त होंगे।

सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक वाराणसी सुरेंद्र कुमार मौर्य के निदेर्शानुसार ये सभी प्रशिक्षणार्थी इस अवधि में जिला सहकारीबैंक, जिला सहकारीफेडरेशन, पीसीएफ, होलसेल सेंट्रल कन्जूमर स्टोर, चौबेपुर बीपैक्स इत्यादि संस्थाओ मे भी प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

प्रशिक्षण के अवसर पर एडीसीओ लालजी, माधवराम ,वरिष्ठ सहायक तस्लीम फातिमा, प्रशिक्षार्थी शशिशेखर यादव ,मालविका तिवारी, अर्पित यादव, मस्तान अली, शिवाँगी प्रजापति, अनिमेष तिवारी, तारा प्रजापति इत्यादि उपस्थित रहे।

# ब्लाक प्रमुख हरहुआ के प्रशासक के रूप में किया गया सम्मान

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। प्रदेश सरकार ने ग्राम प्रधानों और जिला पंचायत अध्यक्षो के बाद ब्लाक प्रमुख( क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष )को भी उनके कार्यकाल समाप्त होने के बाद प्रशासक नियुक्त किये जाने पर आज हरहुआ ब्लाक प्रमुख



विनोद कुमार उपाध्याय 'बब्बू' का प्रशासक/ग्रामप्रधान व ब्लॉक कर्मियों ने औपचारिक सम्मान किया गया।

बीडीओ हरहुआ छोटेलाल तिवारी ,जिला ग्राम प्रधान संघ के जिलामहामंत्री मधुवन यादव मय प्रधानों,बीडीसी सदस्यों व ब्लाक कर्मियों ने प्रशासक/ब्लाक प्रमुख विनोद कुमार उपाध्याय 'बब्बू' का सम्मान किया।

उपाध्याय ने कहा कि भाजपा सरकार जनप्रतिनिधियों के मान -सम्मान का सदैव ध्यान देते हुए विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य किया है। प्रशासक बनाकर सभी पर भरोसा जताया है। अब हम सबकी जिम्मेदारी है कि ईमानदारी और पूरी मेहनत ,निष्ठा से ग्रामीण क्षेत्रो में विकास कार्यो की प्रगति को आगे बढ़ाएं तथा सरकार के प्रति निष्ठा जताएं।

सम्मान कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बीडीओ छोटेलाल तिवारी ,जिलामहामंत्री प्रधान संघ मधुवन यादव ,एडीओ पंचायत कमलेश कुमार सिंह , वरिष्ठ लिपिक रविन्द्र यादव ,प्रशासक आशीष राजभर ,प्रतिनिधि भगत यादव, राजनारायण पटेल सहायक विकास अधिकारी गण, सचिव (सेक्रेटरी) बन्धु, बीडीसी सदस्यगण एवं ब्लाक के अन्य कर्मचारी शामिल रहे। खुशी में स्वल्पाहार कर एक दूसरे को बधाई दी।

# शिवपाल यादव पहुंचे तूफानी सरोज के आवास, बंद कमरे में आधे घंटे चली चर्चा

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री शिवपाल सिंह यादव सोमवार को करखियाव स्थित केराकत विधायक एवं पूर्व सांसद तूफानी सरोज के आवास पहुंचे। उनके आगमन से सपा कार्यकताओं में उत्साह का माहौल रहा।

शिवपाल यादव के पहुंचने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में समर्थक आवास पर जुट गए। कार्यकताओं ने ढोल-नगाड़ों, मालाओं और नारेबाजी के साथ उनका भव्य स्वागत किया। विधायक तूफानी सरोज ने उन्हें बुके भेंट कर स्वागत किया।

सूत्रों के अनुसार, शिवपाल यादव और तूफानी सरोज के बीच करीब आधे घंटे तक बंद कमरे में बातचीत हुई। हालांकि दोनों नेताओं ने इसे शिष्टाचार भेंट बताया, लेकिन राजनीतिक हलकों में इस मुलाकात को संगठन की मजबूती और प्रदेश की राजनीतिक रणनीति से जोड़कर देखा जा रहा है।



कार्यकताओं ने दोनों नेताओं की मुलाकात को पार्टी के लिए सकारात्मक बताते हुए कहा कि इससे क्षेत्र में संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुजीत यादव 'लक्कड़', पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. अवधनाथ पाल, पूर्व विधायक लाल बहादुर यादव, पूर्व विधायक उदय लाल मौर्य, चेयरमैन सरफराज खान, ज्ञानू यादव, रविंद्र यादव, भगवती सरोज, राजेंद्र पटेल, प्रेमकुमारी, मनोज यादव सहित बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इससे पहले जनपद की सीमा पर कार्यकताओं ने शिवपाल यादव का ढोल-नगाड़ों और मालाओं के साथ स्वागत किया तथा जुलूस के रूप में उन्हें तूफानी सरोज के आवास तक लेकर पहुंचे।

उल्लेखनीय है कि तूफानी सरोज की पुत्री एवं मछलीशहर की सांसद प्रिया सरोज इन दिनों दिल्ली में हैं। वह जंतर-मंतर पर विपक्ष के प्रदर्शन में शामिल हुई थीं, जहां अन्य नेताओं के साथ उन्हें हिरासत में भी लिया गया था।

# रिशतेदार के घर से निकला किशोर रहस्यमय ढंग से लापता, गुमशुदगी दर्ज

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी क्षेत्र के उमरहा गांव से घर लौटने के लिए निकला 15 वर्षीय किशोर रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों की सूचना पर चौबेपुर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार, मिजार्पुर जनपद के अहरौरा थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका 15 वर्षीय पुत्र 11 जुलाई को उमरहा स्थित अपने बहनोई के घर आया था। दो दिन वहां रहने के बाद वह एक अन्य रिश्तेदार के घर चला गया। 14 जुलाई को दोपहर भोजन करने के बाद वह अपने घर अहरौरा जाने की बात कहकर निकला, लेकिन घर नहीं पहुंचा।

परिजनों ने रिश्तेदारों और परिचितों से संपर्क कर उसकी काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। पुत्र के लापता होने से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। किशोर का रंग गेहुआं, कद लगभग पांच फीट तथा शरीर इकहरा है। लापता होने के समय उसने सफेद पैंट-शर्ट पहन रखी थी और गमछा साथ में था।

थाना प्रभारी चौबेपुर अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर किशोर की गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। पुलिस संभावित स्थानों पर उसकी तलाश कर रही है। साथ ही सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी माध्यमों से भी जांच की जा रही है। जल्द ही किशोर का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

# किसानों को मिला धान और ढेंचा का बीज

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी। यूपी एग्रीज योजना के तहत ग्राम सभा सहजौर के किसानों काचयन किया गया है। वहां के किसानों लगभग पचास किसान को धान और ढैंचा का बीज मुहैया कराया गया। समूचे कार्यक्रम के संचालन की जिम्मेदारी यूपी



एग्री परियोजना के तहत किसानों को उपलब्ध कराया गया। तकनीकी सहायक निशांत मिश्रा ने बताया धान की खेती में कम लागत में अधिकतम उत्पादन हासिल करने के बावत यूपी एग्रीज योजना का संचालन किया जा रहा है। योजना के तहत किसानों को धान और ढैंचा का बीज मुहैया कराया जाएगा। इसके अलवा किसानों को धान की रोपाई के बजाए सीधी बुआई पर जोर दिया जा रहा है, ताकि कम लागत में बेहतर उत्पादन हो सके।आयोजित धान और ढेंचा बीज वितरण में गुलजार,किशन पटेल,संजय कुमार,शशि कांत,गुलाब सहित अन्य किसान उपस्थित रहे।

# महिलाओं किशोरियों में खून की कमी एक गंभीर समस्या:डा. हर्षिता राय

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। काशी सेवा शोध समिति और काशी हॉस्पिटल भिखारीपुर डीएलडब्लू की ओर से एनीमिया जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।इस दौरान यहां उपस्थित महिलाओं और किशोरियों को जागरुक करते हुए डॉक्टर हर्षिता राय ने कहा कि महिलाओं में रक्ताल्पता एक गंभीर चिंता की का विषय है।रक्ताल्पता से महिलाओं को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। महिलाएं खुद कमजोर रहती हैं। बार-बार चक्कर आता है और अक्सर बीमार रहती है।भविष्य में उनके द्वारा उत्पन्न संतानों में भी रक्त की कमी होती है।जच्चा और बच्चा को भी खतरे की संभावना बनी रहती है।इस दौरान इस




जागरूकता कार्यक्रम को काशी हॉस्पिटल के निदेशक डॉक्टर टी पी सिंह, पूजा पांडेय ने भी संबोधित किया।

जागरूकता शिविर में सैकड़ो महिलाओं की हीमोग्लोबिन जांच की गई। आयरन तथा विटामिन के टेबलेट प्रदान किया गये। स्वास्थ्य परामर्श के साथ ही सभी को डाइट चार्ट भी दिया गया ताकि महिला तथा किशोरी अपने स्वास्थ्य के प्रति स्वयं सचेत हो सके।इस दौरान शिविर में सैकड़ो महिलाएं उपस्थित रही। समाज में एनिमिया के लिए जागरुकता कार्य करने वाली किशोरियों को एनीमिया योद्धा का प्रशस्ति पत्र भी काशी सेवा शोध समिति की ओर से प्रदान किया गया। इस दौरान यहां पर गुड़िया,प्रीति, पिंकी,अनुकंपा आदि रही।

# सोशल ऑडिट टीम सदस्यों का 05 दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास (ग्रा0) तथा राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम अन्तर्गत लाभार्थियों को दी जा रही सेवाओं और ग्राम स्तर पर वित्तीय वर्ष 2025-26 में कराए गए कार्यों की सोशल ऑडिट ग्राम सभा आयोजित कराने में सहयोगी की भूमिका निभाएंगे प्रशिक्षित सोशल ऑडिट टीम के सदस्य।

उक्त बातें जिला ग्राम्य विकास संस्थान परमानंदपुर में आयोजित 05 दिवसीय सोशल ऑडिट विषयक प्रशिक्षण सत्र के शुभारंभ अवसर पर प्रतिभागियों संबोधित करते हुए जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ0 अनिल कुमार सिंह ने कही।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के पांच दिवसों में प्रतिभागियों को सामाजिक अंकेक्षण की अवधारणा, उद्देश्य, मनरेगा से



संबंधित अभिलेखों, सामाजिक जवाबदेही के सिद्धांत, लेखा परीक्षा नियमावली-2011, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास (ग्रा0) व राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम योजना की सोशल ऑडिट के प्रारूप तथा विकसित भारत - जी राम जी अधिनियम-2025 का परिचय आदि के बारे में प्रशिक्षकों द्वारा जानकारी दी जाएगी।

इस अवसर पर सत्र प्रभारी संजय कुमार, मास्टर ट्रेनर सुरेश पाण्डेय, नीलू श्रीवास्तव, सुरेश तिवारी, नीरज कुमार, अजीत, ब्लॉक कॉर्डिनेटर अवधेश कुमार, प्रतिभा मौर्या, अपर्णा, सोशल ऑडिट टीम सदस्य सोनी गौतम, प्रमोद, श्यामरथी, नीलम, मनीषा, ममता, योगेंद्र, बरुन कुमार, जितेंद्र, राजकुमारी आदि सहित विकास खंड आरजीलाइन, बड़ागांव, पिंडरा से चयनित 45 प्रतिभागियों की उपस्थिति रही।

# छात्रों को स्काउट के लाभ व महत्व के बारे में दे जानकारी -जिलाधिकारी

**- शासकीय स्कूलो/कालेजों के साथ ही प्राइवेट स्कूलों में भी स्काउट के लिए चलाया जाए विशेष अभियान, नामांकन बढ़ाने के निर्देश**

**- जिलाधिकारी ने स्काउट गाइड के गतिविधियों में सुधार लाने के दृष्टिगत स्काउट व शिक्षा अधिकारियों के साथ की बैठक**

**समाज जागरण**

मीरजापुर / जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के विभिन्न स्कूलों में संचालित स्काउट गाइड के गतिविधियों को सुदृढ़ करने के लिए शिक्षा विभाग एवं स्काउट गाइड के पदाधिकारियो के साथ बैठक की। जिलाधिकारी ने कहा कि शासकीय, अर्द्धशासकीय व वित्त विहीन स्कूलों में नामांकन के सापेक्ष पुनः नवीनीकरण की प्रगति काफी दयनीय है इसमें सुधार लाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक अपने-अपने अधीनस्थ विद्यालयों के कक्षाओं के विद्यार्थियों



का अधिक से अधिक पंजीकरण स्काउट गाइड का कराएं तथा विभिन्न कार्यक्रमो में जागरूकता रैलियां, शपथ कार्यक्रम, प्रशिक्षण शिविर आदि का कार्यक्रम आयोजित कर स्काउट के बच्चों को स्काउट से लाभ व उसके महत्व के बारे में जानकारी दे तथा आयोजन में उनके उत्साहवर्धन हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि स्काउट के माध्यम से छात्रो में अनुशासन, समय की पाबंदी आत्मनिर्भरता, देश भक्ति और समाज सेवा की भावना भी विकसित की जाए। आपदा के समय राहत कार्य, स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिगत भी संरक्षित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासकीय विद्यालयों के अतिरक्त सी0बी0एस0सी0, आई0सी0 एस0 सी0 विद्यालयों में भी स्काउट गाइड में छात्रो को जोड़ा जाए तथा विद्यालयों में स्काउट मास्टर, गाइड कैप्टन आदि नियुक्त करते हुए यूनिक रूप से विभिन्न गतिविधियां कराए जाए। बैठक में प्राचार्य महेन्द्र सोनकर के अलावा अन्य स्काउट गाइड के पदाधिकारी व प्राचार्य उपस्थित रहे।

# नेताओं और अधिकारियों की आंखों का पानी मरने से जलभराव की चपेट में कानपुर

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

लगातार भीषण बारिश ने कानपुर के हाल बहुत बुरे कर रखे हैं। ऐसा कोई एकाध को छोड़कर ऐसा कोई क्षेत्र नहीं जहां उसे जलभराव की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इससे यहां के निवासियों को भी भारी दिक्कत हो रही है जिसकी वजह है जिम्मेदार विभाग के लोगों और जनप्रतिनिधियों की आंखो का पानी मर जाना बताया जाता है।

वैसे विभिन्न इलाकों में जल निकासी के लिए छोटे बड़े नालों की संख्या भी इस महानगर में दर्जनों में है लेकिन अधिकांश नालों को समय रहते साफ नहीं किया गया, जिसके फलस्वरूप जलभराव की समस्या का सामना लगभग हर इलाके को करना पड़ रहा है।



चकेरी ,लाल बंगला ,यशोदा नगर, नौबस्ता, बर्रा , दबौली, गुजैनी , पनकी, रावतपुर, बाबू पुरवा , कोतवाली, छावनी, रेल बाजार रायपुरवा, खलवा पुल और किदवईनगर समेत दर्जनों ऐसे इलाके हैं, जहां जलभराव की समस्या हर साल उत्पन्न होती है और अब इस साल भी इन्हीं हालातों का सामना करना पड़ रहा है ,जिसको लेकर क्षेत्रीय लोगों में जबरदस्त रोष भी व्याप्त है।

कुल मिलाकर जिम्मेदार अधिकारीऔर पार्षद से लेकरसांसद विधायक तक इस महानगर में जलभराव की समस्या से निजात दिलाने में सफल नहीं हो पा रहे हैं। कई इलाकों की नालियां और मेनहोल भी जाम पड़े हैं, जिसकी वजह से भी लोग परेशान हैं।

# श्रावण मास में कांवड़ यात्रा को लेकर मीरजापुर में हाई अलर्ट, सोशल मीडिया पर 24 घंटे निगरानी के निर्देश

## डीएम ने सुरक्षा, सफाई, यातायात, पेयजल और कानून व्यवस्था के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई, अफवाह फैलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

**समाज जागरण मीरजापुर**

श्रावण मास में शिव मंदिरों में जलाभिषेक और कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने व्यापक तैयारियों के निर्देश दिए हैं। गंगा घाटों, कांवड़ मार्गों और प्रमुख शिवालयों पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करते हुए विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही सोशल मीडिया पर 24 घंटे निगरानी रखने तथा अफवाह फैलाने और आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के विरुद्ध तत्काल दंडात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

जिलाधिकारी ने नगर पालिकाओं, जिला पंचायत राज विभाग तथा संबंधित अधिकारियों को कांवड़ मार्गों पर साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी ड्यूटी पर तैनात अधिकारी अपने प्रतिस्थानी के आने तक ड्यूटी स्थल नहीं छोड़ेंगे तथा प्रतिदिन व्यवस्थाओं की रिपोर्ट देंगे।

गंगा घाटों पर बैरिकेडिंग, महिला चेंजिंग रूम, पेयजल, मोबाइल शौचालय, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए जाएंगे। नाव संचालन केवल प्रशिक्षित और लाइसेंसी नाविकों द्वारा ही कराया जाएगा तथा क्षमता से अधिक यात्रियों को नाव में बैठाने की अनुमति नहीं होगी।

जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को सभी जर्जर पोल और लटकते तारों की मरम्मत, लोक निर्माण विभाग को कांवड़ मार्गों की मरम्मत, पुलिस विभाग को 24 घंटे पेट्रोलिंग, ड्रोन निगरानी तथा प्रमुख मार्गों पर यातायात प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा खुले में मांस बिक्री पर प्रतिबंध, खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच, एटीएम में नकदी उपलब्धता और छुट्टा पशुओं को मार्ग से हटाने जैसी व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित करने को कहा गया है।

# योगी सरकार की योजना से बदली किस्मत, डेयरी से सालाना हो रही 20 लाख की कमाई

**समाज जागरण**

लखनऊ, 20 जुलाई : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना ग्रामीण युवाओं के लिए सिर्फ सरकारी योजना नहीं, बल्कि जिंदगी बदलने का माध्यम बन रही है। प्रतापगढ़ के सांड़वा चंडिका गांव निवासी शिवम सिंह इसकी जीवंत मिसाल हैं। पांच वर्ष पहले उनके पिता को एक घायल देसी गाय मिली थी। परिवार ने उसकी सेवा-भाव से देखभाल शुरू की और यही गोसेवा आगे चलकर सफलता का आधार बन गई। बाद में योगी सरकार की मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना का लाभ मिला, आधुनिक डेयरी स्थापित हुई और आज उसी सफर ने परिवार को सालाना 20 लाख रुपये से अधिक आय, 25 गोवंश और गांव के अन्य लोगों को भी रोजगार देने वाले डेयरी उद्यमी के रूप में पहचान दिलाई है।

**गोसेवा से शुरू हुआ सफर, योजना ने दी नई उड़ान**

शिवम बताते हैं कि उनके पिता राकेश सिंह को रास्ते में एक घायल देसी गाय मिली, जिसे घर लाकर उसकी सेवा की। उसी गाय की देखभाल करते-करते पिता-पुत्र दोनों का लगाव गोपालन से बढ़ता गया। धीरे-धीरे गोवंश की संख्या बढ़ती गई और देखते ही देखते यह 25 तक पहुंच गई। इसी दौरान उन्हें यूट्यूब पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना की जानकारी मिली।

# योगी सरकार में बिना भेदभाव सभी जिलों में निर्धारित शेड्यूल से अधिक की जा रही विद्युत आपूर्ति

**- 2017 से पहले चंद जिलों तक सीमित थी बिजली की तय आपूर्ति, योगी सरकार ने आते ही समाप्त किया वीआईपी कल्चर**

**- निर्बाध बिजली के लिए अब गर्मी, बारिश और तेज हवाओं के बीच भी फील्ड में डटे रहते बिजलीकर्मी**

**- बरसात के मौसम को देखते हुए सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश जारी**

**समाज जागरण**

लखनऊ 20 जुलाई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश की बिजली व्यवस्था में पिछले नौ वर्षों में उल्लेखनीय बदलाव हुआ है। साल 2017 से पहले प्रदेश में घंटों बिजली कटौती आम बात थी, जबकि आज सभी 75 जिलों में शहरों से लेकर गांवों तक निर्धारित शेड्यूल से अधिक बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। भीषण गर्मी, उमस, तेज बारिश और खराब मौसम के बावजूद प्रदेशवासियों को लगातार बिजली मिल रही है, जिससे आम जनजीवन, कृषि, व्यापार और उद्योगों को बड़ी राहत मिली है।

योगी सरकार के कार्यकाल में बिजली व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए उत्पादन, पारेषण और वितरण तीनों स्तरों पर व्यापक सुधार किए गए हैं। परिणामस्वरूप प्रदेश में बिजली आपूर्ति पहले की तुलना में अधिक विश्वसनीय, पारदर्शी और उपभोक्ता केंद्रित बनी है। सरकार का लक्ष्य केवल बिजली उपलब्ध कराना ही नहीं, बल्कि सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण और निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करना भी है।

**2017 से पहले चंद जिले थे वीआईपी, अन्य जिलों में तरसती रहती थी जनता**

2017 से पहले प्रदेश में जनपद मुख्यालयों पर औसतन 17 घंटे, तहसील मुख्यालयों पर 12 घंटे और ग्रामीण क्षेत्रों में मात्र 11 घंटे बिजली आपूर्ति का प्रावधान था। हालांकि तय किए गए समय में भी लंबी कटौती होती रहती थी। इतना ही नहीं, पिछली सरकारों के दौरान कुछ चुनिंदा वीआईपी जिलों में ही निर्बाध बिजली आपूर्ति होती थी, जबकि अधिकांश जिलों के लोग लंबे समय तक बिजली कटौती से परेशान रहते थे। योगी सरकार ने इस व्यवस्था को पूरी तरह बदलते हुए पूरे प्रदेश में समान और बेहतर बिजली आपूर्ति की व्यवस्था लागू की। वर्तमान में जनपद मुख्यालयों पर 24 घंटे, तहसील मुख्यालयों पर 21.30 घंटे और ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे बिजली आपूर्ति का शेड्यूल निर्धारित है। विशेष बात यह है कि गांव से लेकर महानगर तक में निर्धारित शेड्यूल से भी अधिक बिजली उपलब्ध कराई जा रही है।

**भीषण गर्मी के बीच योगी सरकार में रिकॉर्ड बिजली आपूर्ति**

प्रदेश की बढ़ती बिजली मांग को पूरा करने में भी योगी सरकार ने नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। वर्ष 2014 में जहां प्रदेश की अधिकतम पीक डिमांड 12,327 मेगावाट थी और वर्ष 2017 में यह 16,110 मेगावाट तक पहुंची थी, वहीं अब उत्तर प्रदेश लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है। 24 जून 2026 को प्रदेश में रिकॉर्ड 32,673 मेगावाट की पीक डिमांड की सफलतापूर्वक आपूर्ति की गई है। वहीं लगातार और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड की टीमें प्रदेशभर में नियमित अनुरक्षण और निरीक्षण कार्य कर रहीं हैं।

**बिजली कर्मी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ फील्ड में डटे**

बारिश, तेज हवाओं और खराब मौसम जैसी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी बिजलीकर्मी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ फील्ड में डटे हैं। उनका उद्देश्य किसी भी स्थिति में उपभोक्ताओं तक सुरक्षित, विश्वसनीय और निर्बाध बिजली पहुंचाना है।

# एक बेटी, पांच बड़ी सफलताएं: शुभांगी मिश्रा ने रचा नया कीर्तिमान, विंध्य का बढ़ाया गौरव

## NEET में 570 अंक हासिल करने के बाद भी नहीं टूटी हिम्मत, अब मध्य प्रदेश पुलिस और केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण सेवाओं में चयन से रचा नया इतिहास

**समाज जागरण/शहडोल।** कहते हैं कि सच्ची मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती। इस कहावत को चरितार्थ कर दिखाया है पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय में पदस्थ प्रधान आरक्षक श्याम मिश्रा की सुपुत्री शुभांगी मिश्रा ने। अपनी अथक मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयास के दम पर शुभांगी ने एक साथ पांच प्रतिष्ठित सरकारी सेवाओं में चयनित होकर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे शहडोल संभाग और विंध्य क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। शुभांगी मिश्रा का चयन मध्य प्रदेश पुलिस एवं केंद्र सरकार के विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर हुआ है। उनकी उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत ईमानदारी से की जाए, तो सफलता अवश्य मिलती है।

शुभांगी का चयन इन पदों पर हुआ है– पुलिस आरक्षक, जिला शहडोल (मध्य प्रदेश पुलिस) एसएससी स्टेनोग्राफर, रक्षा मंत्रालय (केंद्र सरकार) उप निरीक्षक (मध्य प्रदेश पुलिस) सहायक उपनिरीक्षक (स्टेनो) उप निरीक्षक (सूबेदार) शुभांगी की सफलता की कहानी केवल प्रतियोगी परीक्षाओं तक सीमित नहीं है। उन्होंने इससे पहले ठएएळ परीक्षा में 570 अंक अर्जित कर चिकित्सा क्षेत्र में भी अपनी प्रतिभा का परिचय दिया था। हालांकि एमबीबीएस में प्रवेश नहीं मिल पाने के कारण उन्होंने डेंटल कॉलेज में प्रवेश लेने के बजाय स्वयं को नई दिशा दी और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी जारी रखी। आज उसी दृढ़ निश्चय का परिणाम है कि उन्होंने एक के बाद एक कई प्रतिष्ठित परीक्षाओं में सफलता हासिल की।

मूल रूप से शाहपुर, जिला उमरिया की निवासी शुभांगी ने अपनी स्कूली एवं उच्च शिक्षा शहडोल से प्राप्त की। उनके बड़े भाई कुलदीप मिश्रा, जो वर्तमान में जैतहरी में इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं, ने बताया कि शुभांगी बचपन से ही पढ़ाई के प्रति बेहद गंभीर और अनुशासित रही हैं। उन्होंने कहा कि ठएएळ में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने के बावजूद शुभांगी ने परिस्थितियों से समझौता नहीं किया, बल्कि स्वयं को और अधिक मजबूत बनाते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी जारी रखी। आज उनकी मेहनत का परिणाम पूरे परिवार के लिए गर्व का विषय है।

शुभांगी की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर पुलिस विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों, समाज के प्रबुद्धजनों एवं क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। उनका मानना है कि शुभांगी की सफलता प्रदेश के हजारों युवाओं, विशेषकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। शुभांगी मिश्रा ने यह साबित कर दिया कि असफलता अंत नहीं होती, बल्कि वह नई और बड़ी सफलता की शुरूआत भी बन सकती है।

# पेंशन भुगतान को लेकर भ्रम की स्थिति, हितग्राहियों की शिकायतों के बीच प्रशासनिक प्रक्रिया भी बनी चर्चा का विषय

## ऑनलाइन जीवित प्रमाण पत्र, तकनीकी प्रक्रिया और भुगतान चक्र को लेकर अलग-अलग दावे; स्पष्ट जानकारी का इंतजार

**समाज जागरण**

मानपुर। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत वृद्धावस्था, दिव्यांग एवं विधवा पेंशन के भुगतान को लेकर क्षेत्र में अलग-अलग तरह की जानकारियां सामने आ रही हैं। जहां कुछ हितग्राही पिछले कई महीनों से पेंशन नहीं मिलने की शिकायत कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर यह भी बताया जा रहा है कि पेंशन भुगतान शासन स्तर से निर्धारित प्रक्रिया और पात्रता सत्यापन के बाद ही किया जाता है। सूत्रों के अनुसार नई व्यवस्था के तहत ऑनलाइन जीवित प्रमाण पत्र की प्रक्रिया लागू होने के बाद पात्र हितग्राहियों का सत्यापन किया जा रहा है। जिन मामलों में प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है या तकनीकी कारणों से जानकारी लंबित है, वहां भुगतान प्रभावित होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। हालांकि इस संबंध में आधिकारिक स्तर पर विस्तृत जानकारी सामने आना बाकी है। जानकारों का कहना है कि कई बार बैंक खाते, आधार सीडिंग, ई-केवाईसी, जीवित प्रमाण पत्र अथवा पोर्टल पर तकनीकी त्रुटियों के कारण भी भुगतान में विलंब हो सकता है। इसलिए प्रत्येक प्रकरण की अलग-अलग जांच आवश्यक है।

वहीं हितग्राहियों का कहना है कि यदि किसी कारण से भुगतान रुका है तो संबंधित विभाग को इसकी स्पष्ट जानकारी सार्वजनिक करनी चाहिए, ताकि लोगों में भ्रम की स्थिति समाप्त हो सके।

स्थानीय नागरिकों का भी मानना है कि पंचायत स्तर पर विशेष शिविर लगाकर ऑनलाइन जीवित प्रमाण पत्र और अन्य लंबित औपचारिकताओं को पूरा कराया जाए, जिससे पात्र हितग्राहियों को समय पर योजना का लाभ मिल सके। अब सभी की निगाहें संबंधित विभाग पर हैं कि वह शिकायतों की जांच कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट करे और यदि कहीं तकनीकी या प्रशासनिक कारणों से भुगतान लंबित है तो उसका शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करे।

# बरगवां-अमलाई में गोंड जनजाति की उपेक्षा के आरोप, भाजपा के भीतर बढ़ सकती है नाराजगी

## निकाय चुनाव से लेकर संगठन और मनोनीत पार्षद की नियुक्ति तक प्रतिनिधित्व नहीं मिलने पर उठे सवाल, आगामी चुनावों में दिख सकता है असर

**समाज जागरण**

अमलाई। अनूपपुर विधानसभा क्षेत्र में गोंड जनजाति की बड़ी आबादी होने के बावजूद नगर परिषद बरगवां- अमलाई की स्थानीय राजनीति और संगठनात्मक नियुक्तियों में इस वर्ग से जुड़े नेताओं एवं कार्यकताओं को पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं मिलने के आरोप सामने आ रहे हैं। स्थानीय स्तर पर गोंड समाज से जुड़े कुछ नेताओं और कार्यकताओं में इसे लेकर नाराजगी की चर्चा है। बताया जा रहा है कि करीब चार वर्ष पूर्व हुए नगरीय निकाय चुनाव में नगर परिषद बरगवां-अमलाई के कुल 15 वार्डों में से तीन वार्ड अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित थे। आरोप है कि इनमें वार्ड क्रमांक 1 एवं 10 में बैगा जनजाति तथा वार्ड क्रमांक 5 में कोल जनजाति से आने वाले नेताओं को चुनावी मैदान में अवसर दिया गया, जबकि गोंड जनजाति से जुड़े स्थानीय नेताओं को प्रतिनिधित्व नहीं मिल सका।

मामला केवल नगरीय निकाय चुनाव तक सीमित नहीं बताया जा रहा है। आरोप है कि भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा की जिला कार्यकारिणी में भी नगर परिषद क्षेत्र के गोंड जनजाति से आने वाले भाजपा नेताओं और सक्रिय कार्यकताओं को अपेक्षित स्थान नहीं मिला। इससे समाज के कुछ लोगों और पार्टी से जुड़े कार्यकताओं में असंतोष की स्थिति बनने की बात कही जा रही है।

हाल ही में मनोनीत पार्षद की नियुक्ति को लेकर भी इसी तरह के सवाल उठाए जा रहे हैं। स्थानीय नेताओं का आरोप है कि इस बार गोंड जनजाति से जुड़े किसी कार्यकर्ता को अवसर मिलने की उम्मीद थी, लेकिन नियुक्ति बैगा जनजाति वर्ग से आने वाले कार्यकर्ता की कर दी गई। इसके बाद गोंड समाज के राजनीतिक प्रति निधित्व को लेकर चर्चा एक बार फिर तेज हो गई है।

नाम प्रकाशित नहीं करने की शर्त पर कुछ स्थानीय नेताओं ने कहा कि गोंड जनजाति से जुड़े नेताओं और कार्यकताओं की लगातार अनदेखी की भावना यदि बनी रही तो इसका राजनीतिक असर आगामी नगरीय निकाय और विधानसभा चुनावों में देखने को मिल सकता है। उनका कहना है कि क्षेत्र में बड़ी संख्या में गोंड

समाज के मतदाता निवास करते हैं, ऐसे में राजनीतिक दलों को संगठन और सत्ता में सभी जनजातीय वर्गों को संतुलित प्रतिनिधित्व देने पर विचार करना चाहिए। फिलहाल इन आरोपों को लेकर भाजपा संगठन या संबंधित पदाधिकारियों की आधि कारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। उनका पक्ष सामने आने पर स्थिति और स्पष्ट हो सकेगी।

# नगर परिषद में मनोनीत किए गए चार पार्षद

**समाज जागरण**

अमलाई। नगर परिषद बरगवां (अमलाई) में एल्डरमैन के रूप में संदीप पुरी (वार्ड क्रमांक 06), अनिल बैगा (वार्ड क्रमांक 11),सुभाष मिश्रा (वार्ड क्रमांक 02),अजय सिंह परिहार (वार्ड क्रमांक 12) के नाम राज्य सरकार द्वारा मनोनीत किए गए हैं।

सभी मनोनीत पार्षदों को बधाई देते हुए भाजपा के युवा नेता एवं पार्षद पवन कुमार चीनी ने कहा कि पूर्ण विश्वास है कि आप सभी अपने अनुभव, ईमानदारी एवं जनसेवा की भावना से नगर परिषद बरगवां (अमलाई) को विकास, पारदर्शिता और जनहित के नए मुकाम तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे।तथा नगर के प्रत्येक नागरिक की अपेक्षाओं पर खरे उतरें।

# धनपुरी नगर के वार्ड नंबर 24 में आम जनमानस के सहयोग से किया गया घाट निर्माण!!

**समाज जागरण धनपुरी --**

धनपुरी नगर पालिका अंतर्गत वार्ड क्रमांक 24 ज्वालामुखी मन्दिर के समीप कुदराटोला में वर्षों से छोटा तालाब है स्थानीय लोगो का कहना है कि यह तालाब से आस पास के लोगों के लिए गर्मियों के मौसम में पानी उपयोग हेतु व जानवरों को पानी पीने के लिए काम आता है जब इस तालाब घाट निमार्ण के लिए नगर परिषद को सूचना दी गई पर कोई भी सहानभूति प्राप्त नहीं हुई!!! स्थानीय लोगो का कहना है कि यह तालाब लोधी परिवार की पुस्तैनी जमीन का है परन्तु सार्वजनिक तौर पर उपयोग किया जाता है।।



**जनप्रतिनिधि पर लगे आरोप**

स्थानीय लोगों का कहना कि तालाब के घाट का निर्माण कार्य के लिए कई बार वार्ड के जनप्रतिनिधि को भी जानकारी से अवगत कराया पर वहा से भी सहानभूति प्राप्त नहीं हुई लोगो का यह भी कहना है कि यदि अगर जनप्रतिनिधी द्वारा अपने प्रयास से घाट निर्माण का प्रस्ताव नगर परिषद के समक्ष रखी जाती तोह बहोत पहले तालाब का सौंदर्यीकरण हो जाता पर ऐसा प्रयास ही नहीं किया गया धनपुरी नगर में इतने विकास के कार्य हो रहे है यह भी छोटा सा घाट का निर्माण कार्य कराया जा सकता था परन्तु आयशा कुछ भी प्रयास जनप्रतिनिधि के द्वारा नहीं किया गया।। अंततः आम जनमानस लोगो के द्वारा स्वयं चंदा इकट्ठा करके सभी के सहयोग से तालाब में एक बड़े घाट का निर्माण कार्य किया जिसमें सभी वार्ड के लोगों ने बढ़ चढ़ कर सहयोग किया और घाट निर्माण कार्य को पूरा किया गया ।। चर्चा का विषय जब बना जब इस घाट निर्माण के उद्घाटन में एक गरीब बैगा से फीता कटवाया गया जिसने अपने मजदूरी के कुछ पैसे घाट निर्माण के लिए दिया था

इस मार्मिक भाव को देखते हुए वॉर्ड के लोगों ने उसके कर्म कमलों से फीता काट कर पूरे नगर में बड़ी संख्या में उपस्थित हो कर गाजे बाजे के साथ कार्यक्रम और भंडारे का आयोजन किया गया जिससे हजारों लोगों ने इस भंडारे का प्रसाद गृहण किया नगर में चर्चा का विषय बन गया कि जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी से भागते नजर आ रहे है यह चर्चा बनी रही इस पूरे कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले समाजसेवी वार्ड के काली चरण लोधी,जीवन लोधी, सज्जू लोधी , मुनू लोधी , राहुल लोधी, काशी लोधी, अरविन्द रजक,सुजीत लोधी, नमर्दा सिंह, मनोज कुशवाहा, जयदीप कुशवाहा, ज्वाला लोधी अन्य लोगों ने अपना अमूल्य सहयोग किया।।

# विकास के दावों पर भारी बदहाल रास्ता, दलदल पार कर आंगनबाड़ी पहुंचने को मजबूर नौनिहाल

**चंदिया से महज 10 किलोमीटर दूर कोयलारी के तेंदुवा गांव का हाल, बारिश में कीचड़ और जलभराव से बढ़ी परेशानी; आंगनबाड़ी केंद्र में करीब 65 बच्चे दर्ज**

**समाज जागरण विजय तिवारी**

चंदिया। क्षेत्र में विकास के तमाम दावों के बीच ग्राम कोयलारी के तेंदुवा गांव की तस्वीर जिम्मेदार व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। चंदिया से महज 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित इस गांव में आंगनबाड़ी केंद्र तक पहुंचने वाला मार्ग लंबे समय से बदहाल बताया जा रहा है। बरसात के दिनों में स्थिति इतनी खराब हो जाती है कि यह रास्ता सड़क कम और दलदल ज्यादा नजर आता है।

बताया जाता है कि गांव के आंगनबाड़ी केंद्र में करीब 65 नौनिहाल दर्ज हैं। इन मासूम बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र तक पहुंचने के लिए इसी कीचड़ और जलभराव से भरे रास्ते से होकर गुजरना पड़ता है। बारिश होते ही मार्ग पर जगह-जगह पानी भर जाता है और मिट्टी कीचड़ में तब्दील हो जाती है। कई स्थानों पर पैदल चलना तक मुश्किल हो जाता है, जिससे बच्चों के फिसलकर गिरने और चोटिल होने का खतरा बना रहता है।

मासूमों की सुरक्षा पर उठ रहे सवाल आंगनबाड़ी केंद्र छोटे बच्चों के पोषण, प्रारंभिक शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल से जुड़ी महत्वपूर्ण व्यवस्था का हिस्सा है। ऐसे में केंद्र तक पहुंचने के लिए सुरक्षित और सुगम मार्ग का होना आवश्यक है। लेकिन तेंदुवा गांव की मौजूदा स्थिति सरकारी व्यवस्थाओं और जमीनी हकीकत के बीच अंतर को उजागर करती दिखाई दे रही है।

एक ओर शासन स्तर पर बच्चों के बेहतर पोषण, शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य को लेकर विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं, वहीं दूसरी ओर आंगनबाड़ी तक पहुंचने के लिए नौनिहालों को कीचड़ और जलभराव से जूझना पड़ रहा है। ग्रामीणों के लिए भी बारिश के दौरान इस मार्ग से आवागमन परेशानी का सबब बना हुआ है। क्या जिम्मेदारों तक पहुंचेगी नौनिहालों की परेशानी?

अब बड़ा सवाल यह है कि संबंधित विभाग और जिम्मेदार अधिकारी इस समस्या पर कब ध्यान देंगे। क्या अधिकारी मौके पर पहुंचकर मार्ग की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण करेंगे और बच्चों के सुरक्षित आवागमन के लिए सड़क अथवा वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे, या फिर ग्रामीणों और नौनिहालों को इसी तरह बदहाल रास्ते से गुजरने के लिए मजबूर होना पड़ेगा?

तेंदुवा गांव के आंगनबाड़ी मार्ग की यह स्थिति विकास के दावों पर सवाल खड़े कर रही है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि जिम्मेदार अधिकारी मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द आवश्यक कदम उठाएंगे, ताकि मासूम बच्चों को आंगनबाड़ी तक पहुंचने के लिए हर दिन दलदल से जंग न लड़नी पड़े।

# नगर परिषद की सफाई व्यवस्था चौपट, क्या फिर पवन कुमार चीनी बनेंगे जनता का सहारा?

## बरसात के बीच गंदगी से बढ़ा मच्छरों और जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा, स्थानीय लोगों ने नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

**समाज जागरण**

बरगवां-अमलाई। नगर परिषद बरगवां-अमलाई क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े होने लगे हैं। बरसात का मौसम शुरू होने के साथ ही विभिन्न वार्डों और मोहल्लों में नियमित सफाई नहीं होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश के दिनों में जगह-जगह जमा गंदगी और जलभराव के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ने के साथ डेंगू एवं अन्य मौसमी बीमारियों का खतरा भी बढ़ सकता है। वहीं झाड़ियों और गंदगी के कारण घरों के आसपास सांप एवं अन्य जहरीले जीव-जंतुओं के निकलने की आशंका भी बनी हुई है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी साफ-सफाई जैसी बुनियादी व्यवस्था को लेकर अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। लोगों का कहना है कि नगर परिषद के गठन के बाद से ही क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को लेकर समय-समय पर शिकायतें सामने आती रही हैं, लेकिन इसके बावजूद व्यवस्था में अपेक्षित सुधार दिखाई नहीं दे रहा है। सरकारी बजट और सफाई अमला होने के बावजूद व्यवस्था पर सवाल सबसे बड़ा सवाल यह उठाया जा रहा है कि जब नगर परिषद के पास साफ-सफाई के लिए सरकारी बजट, संसाधन और कर्मचारी उपलब्ध हैं, तो फिर वार्डों एवं मोहल्लों में नियमित और प्रभावी सफाई क्यों नहीं हो पा रही है? बरसात जैसे संवेदनशील मौसम में सफाई व्यवस्था में लापरवाही नागरिकों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए गंभीर समस्या बन सकती है।

इसी बीच नगर परिषद क्षेत्र में पार्षद एवं समाजसेवी पवन कुमार चीनी की सक्रियता भी चर्चा का विषय बनी हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, पवन कुमार चीनी समय-समय पर अपने स्तर पर क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए आगे आते रहे हैं। साफ-सफाई से लेकर नल-जल, प्रकाश व्यवस्था तथा वार्ड और मोहल्लों की अन्य आवश्यक समस्याओं को लेकर शिकायत मिलने पर वह संबंधित व्यवस्था कराने का प्रयास करते हैं।

बताया जाता है कि कई मौकों पर साफ-सफाई की समस्या सामने आने पर पवन कुमार चीनी द्वारा स्वयं के स्तर पर संसाधनों की व्यवस्था कर सफाई कार्य कराया गया है। स्थानीय स्तर पर उनकी इसी सक्रियता को देखते हुए अब लोगों के बीच यह चर्चा जोर पकड़ रही है कि यदि नगर परिषद द्वारा समय रहते सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई, तो क्या एक बार फिर पवन कुमार चीनी को स्वयं मैदान में उतरकर सफाई व्यवस्था संभालनी पड़ेगी?

सवाल–जब सरकारी व्यवस्था मौजूद है तो निजी स्तर पर क्यों करानी पड़ रही सफाई? यह स्थिति नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल खड़ा करती है। यदि कोई जनप्रतिनिधि अथवा समाजसेवी अपने निजी संसाधनों से क्षेत्र में साफ-सफाई और अन्य बुनियादी व्यवस्थाएं कराने के लिए आगे आ सकता है, तो सरकारी बजट, संसाधनों और कर्मचारियों से संचालित नगर परिषद नियमित रूप से अपनी जिम्मेदारी क्यों नहीं निभा पा रही है? स्थानीय नागरिकों की मांग है कि बरसात के मौसम को देखते हुए नगर परिषद तत्काल विशेष सफाई अभियान चलाए। नालियों की नियमित सफाई, कचरे का समय पर उठाव, झाड़ियों की कटाई, जलभराव वाले स्थानों की पहचान तथा मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि क्षेत्रवासियों को गंदगी और संभावित बीमारियों के खतरे से राहत मिल सके।

फिलहाल नगर परिषद की सफाई व्यवस्था को लेकर उठ रहे सवालों के बीच लोगों की निगाहें जिम्मेदार अधिकारियों पर टिकी हैं। अब देखना यह होगा कि नगर परिषद स्वयं अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए सफाई व्यवस्था दुरुस्त करती है या फिर क्षेत्र की जनता को राहत दिलाने के लिए एक बार फिर पवन कुमार चीनी को अपने स्तर पर मैदान में उतरना पड़ेगा।

# कन्या क्रीड़ा परिसर शहपुरा की अधीक्षक निलंबित, वैकल्पिक प्रभार सौंपा गया

**समाज जागरण जबलपुर**

जबलपुर संभाग की डिंडौरी जिला कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने कन्या क्रीड़ा परिसर शहपुरा की अधीक्षक श्रीमती रमा साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश जारी किए हैं।

जारी आदेशानुसार, कन्या क्रीड़ा परिसर शहपुरा के प्राचार्य द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में अधीक्षक श्रीमती रमा साहू की कार्यशैली संतोषजनक नहीं पाए जाने, संस्था में उपस्थिति कम रहने तथा संस्था के संचालन में अनियमितताओं का उल्लेख किया गया था। इस संबंध में पूर्व में कारण बताओ सूचना पत्र भी जारी किया गया था, किंतु प्रस्तुत जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने पर यह कार्यवाही की गई। कलेक्टर ने जारी आदेश में मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के नियम-9 के अंतर्गत श्रीमती रमा साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधि कारी कार्यालय, शहपुरा निर्धारित किया गया है तथा नियमानुसार उन्हें जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। संस्था के सुचारु संचालन की व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से प्राथमिक शिक्षक एवं अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास शहपुरा की अधीक्षक श्रीमती मीना मरावी को उनके वर्तमान दायित्वों के साथ कन्या क्रीड़ा परिसर शहपुरा का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

# जबेरा में दिव्यांगों एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए नि:शुल्क शिविर, 258 पंजीयन, 205 का स्वास्थ्य परीक्षण

**23 सहायक उपकरण वितरित, 24 नए दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी**

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

जबेरा। जनपद पंचायत जबेरा के मंगल भवन सभागार में दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण, प्रशिक्षण एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों ने पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त किया। शिविर के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) प्रवीण कुमार फुलपगारे ने व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को हितग्राहियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शिविर



समाज के जरूरतमंद एवं कमजोर वर्गों तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने का प्रभावी माध्यम हैं। शिविर में अलग-अलग पंजीयन एवं स्वास्थ्य परीक्षण काउंटर बनाए गए थे, जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं मेडिकल टीम द्वारा दिव्यांगों और वरिष्ठ नागरिकों का परीक्षण किया गया। शिविर में कुल 258 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया, जिनमें से 205 दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जांच के उपरांत एडिप योजना के अंतर्गत 74 दिव्यांगजन तथा वायोश्री योजना के तहत 37 वरिष्ठ नागरिकों को विभिन्न सहायक उपकरणों के लिए पात्र चिन्हित किया गया। शिविर में 10 कृत्रिम हाथ, 12 कैलिपर सहित कुल 23 सहायक उपकरणों का वितरण भी किया गया, जिससे लाभार्थियों को दैनिक जीवन में सुविधा मिलेगी।

मेडिकल बोर्ड द्वारा शिविर के दौरान 24 नए दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी किए गए, जबकि 20 दिव्यांग प्रमाण पत्रों का अद्यतन भी किया गया। इससे हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ लेने में सुविधा होगी। शिविर में अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. हेमराज सिंह, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी भरत नेमा,

सहायक लेखाधिकारी किशोरीलाल सेन, प्रभारी लिपिक मनीष पटेल, एलिम्को टीम, मेडिकल बोर्ड के सदस्य तथा ग्राम पंचायतों के कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर में पहुंचे हितग्राहियों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए काफी उपयोगी हैं और उन्हें एक ही स्थान पर स्वास्थ्य परीक्षण, प्रमाण पत्र एवं सहायक उपकरण जैसी सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं।

# भूमि संसाधन विभाग ने गोवा में 'नक्शा' पायलट परियोजना से संबंधित तथ्यों को स्पष्ट किया; मूल भूमि अभिलेख के पूर्णतया संरक्षण की पुष्टि की

भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के भूमि संसाधन विभाग ने गोवा सरकार के बंदोबस्त एवं भूमि अभिलेख निदेशालय

(डीएसएलआर) के समन्वय से राष्ट्रीय भू-स्थानिक ज्ञान आधारित शहरी बस्तियों के भूमि सर्वेक्षण (नक्शा) नामक पायलट परियोजना के संबंध में निराधार अफवाहों को दूर करने के लिए एक आधिकारिक स्पष्टीकरण जारी किया है। सरकार ने दृढ़ता से दोहराया है कि सभी मौजूदा संपत्ति के स्वामित्व प्रमाणपत्र, सीमाएं और आधिकारिक भूमि अभिलेख पूरी तरह से सुरक्षित हैं और मौजूदा मानचित्रण क्रियाकलाप से अप्रभावित हैं। राष्ट्रीय डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम (डीआईएलआरएमपी) के तहत कार्यान्वित, नक्शा एक जीआईएस-आधारित शहरी भूमि पार्सल मानचित्रण पहल है जिसे कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में नगर नियोजन को बढ़ाने, भूमि प्रशासन का आधुनिकीकरण करने और सार्वजनिक उपयोगिता लेआउट को अनुकूलित करने के लिए डिजाइन किया गया है।

विभाग ने स्पष्ट किया कि अनिवासी भूस्वामियों और विदेश में रहने वाले व्यक्तियों के अधिकारों की पूर्ण सुरक्षा की जाती है। सर्वेक्षण के दौरान व्यक्तिगत अनुपस्थिति से संपत्ति पर कोई खतरा नहीं होता और न ही कानूनी स्वामित्व अधिकारों पर कोई प्रभाव पड़ता है। कार्यक्रम के ढांचे में कई सत्यापन चरण और औपचारिक रूप से अधिसूचित सार्वजनिक अवलोकन अवधि शामिल हैं ताकि अनुपस्थित मालिकों को पूर्ण कानूनी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि संपत्ति का स्वामित्व स्थापित कानूनी प्रोटोकॉल और मौजूदा वैध भूमि दस्तावेजों का सख्ती से पालन करता है, जिसका अर्थ है कि सर्वेक्षण के दौरान व्यक्तिगत उपस्थिति के आधार पर कोई तीसरा पक्ष या पड़ोसी भूमि पर दावा नहीं कर सकता।

इसके अलावा, जनता को सूचित किया जाता है कि नक्शा एक विशुद्ध डेटा-मैपिंग प्रक्रिया है

और भूमि अधिग्रहण प्रक्रियाओं से पूरी तरह भिन्न है। सरकार इस परियोजना के माध्यम से निजी भूमि का अधिग्रहण नहीं कर रही है, न ही सर्वेक्षण का उद्देश्य स्थानीय संपत्ति करों में वृद्धि करना है। यह केवल भूमि के वर्तमान स्वरूप को दस्तावेजित करता है, जिसका अर्थ है कि मौजूदा कानूनी और सीमा विवाद अप्रभावित रहेंगे और उचित न्यायिक एवं प्रशासनिक न्यायालयों द्वारा उनका निपटारा किया जाता रहेगा।

भौतिक भू-सत्यापन चरण के सफल समापन के बाद, औपचारिक जांच प्रक्रिया 16 जुलाई से 14 अगस्त, 2026 तक आयोजित की जाएगी। संपत्ति मालिकों को निर्देश दिया जाता है कि वे अपने संपत्ति स्वामित्व संबंधी दस्तावेजों के साथ, सर्वेक्षण एवं भूमि अभिलेख निरीक्षक कार्यालय( आईएसएलआर),

ओसिया कमर्शियल आर्केड, एसजीपीडीए मार्केट, मारगाओ में संबंधित निरीक्षक के समक्ष उपस्थित हों। नागरिकों को भाग लेने के लिए तकनीकी सर्वेक्षण विशेषज्ञता की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि नियुक्त अधिकारी चरण-दर-चरण मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। विभाग नागरिकों से आग्रह करता है कि वे केवल आधिकारिक माध्यमों पर भरोसा करें और इस पारदर्शिता अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें।

# जनशिकायतों की सुनवाई में अब नहीं चलेगी लापरवाही, प्रतिदिन सुबह 10 से 12 बजे तक ऑनलाइन समीक्षा करेंगे जिलाधिकारी

## अनुपस्थित या शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों का वेतन होगा अवरुद्ध

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी**



सोनभद्र। जनपद में जनसुनवाई व्यवस्था को पूरी तरह जवाबदेह एवं परिणाममुखी बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने निर्देश जारी किया हैं। उन्होंने कहा है कि आमजन की शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर शिथिलता, विलंब अथवा लापरवाही अब किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है कि प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक जिला स्तरीय, तहसील स्तरीय, विकास खण्ड, नगर पालिका, नगर पंचायत एवं अन्य संबंधित कार्यालयों में प्राप्त जनशिकायतों का उसी समय प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। इस पूरी व्यवस्था की स्वयं जिलाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) के माध्यम से प्रतिदिन ऑनलाइन निगरानी एवं समीक्षा करेंगे।

उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों, उप जिलाधिकारियों, खण्ड विकास अधिकारियों, अधिशासी अधिकारी नगर निकाय तथा विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि निर्धारित समय पर अपने-अपने कार्यालयों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर शिकाय तकताओं की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा है कि ऑनलाइन समीक्षा के दौरान यदि कोई अधिकारी अनुपस्थित पाया जाता है अथवा शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही, उदासीनता या अनावश्यक विलंब करता है तो वेतन अवरुद्ध करने के साथ ही प्रशासनिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है

कि आम नागरिकों को उनकी शिकायतों का त्वरित, निष्पक्ष एवं संतोषजनक समाधान उपलब्ध कराया जाए। सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि जनसुनवाई केवल औपचारिकता न रहे, बल्कि प्रत्येक शिकायत का प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण समयबद्ध ढंग से किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी स्वयं उत्तरदायी होंगे।

# जुगैल में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

जुगैल/सोनभद्र। जनपद के जुगैल थाना क्षेत्र स्थित जमुअल गांव में रविवार रात एक 27 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान बृजेश पुत्र लाल बिहारी के रूप में हुई है। वह अपने पीछे 7 और



5 वर्ष के दो मासूम बेटों को छोड़ गया है। परिजनों और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, मृतक बृजेश की पत्नी उर्मिला (25) का मायका शिल्पी गांव में है। बताया जा रहा है कि उर्मिला अधिकतर अपने मायके में रहती थी। सूत्रों का दावा है कि ससुराल पक्ष में किसी बात को लेकर विवाद होने के बाद बृजेश अपने गांव जमुअल लौट आया। यहीं उसने घर के कच्चे मकान की तरक (छाजन की लकड़ी) में कपड़े की रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। हालांकि, पुलिस ने इस विवाद की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। पुलिस के अनुसार, रविवार रात करीब 9:40 बजे उन्हें जमुअल गांव में एक व्यक्ति द्वारा फांसी लगाए जाने की सूचना मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस ने बताया कि फिलहाल इस मामले में कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। मामले की जांच जारी है।

# शक्तिनगर पुलिस द्वारा 02 पुराने वाहनों की नियमानुसार नीलामी कराकर किया अवमुक्त

**समाज जागरण/ अकबर अली**



शक्तिनगर/ सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा जनपद में लम्बित मालों के शीघ्र एवं नियमानुसार निस्तारण हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ऋषभ रुणवाल एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के निर्देशन में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना शक्तिनगर सत्येन्द्र कुमार राय के नेतृत्व में थाना शक्तिनगर पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए थाना परिसर में काफी समय से खड़े 02 पुराने वाहनों का नियमानुसार नीलामी की कार्यवाही कराकर अवमुक्त किया गया। उल्लेखनीय है कि उक्त दोनों वाहन उप सम्भागीय परिवहन अधिकारी, सोनभद्र द्वारा पूर्व में सीज कर थाना शक्तिनगर परिसर में खड़े कराये गये थे। वाहनों के निस्तारण हेतु नियमानुसार पत्राचार करते हुए उप सम्भागीय परिवहन अधिकारी सोनभद्र के सहयोग से नीलामी प्रक्रिया सम्पन्न करायी गयी, जिसमें नीलामी स्वामी शनी गुप्ता पुत्र शिवशंकर गुप्ता निवासी वार्ड नं0-14 नई बस्ती धर्मशाला बाईपास, रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र के पक्ष में वाहन अवमुक्त किये गये। नीलाम किये गये वाहनों का विवरण- 1. मैजिक वाहन संख्या- UP 64 H 4680 (वर्ष 2016 से सीज) 2. ऑटो तीन पहिया वाहन संख्या- UP 64 H 5134

(वर्ष 2014 से सीज)। जनपद में लम्बित मालों के शीघ्र एवं नियमानुसार निस्तारण हेतु निरन्तर प्रभावी कार्यवाही कर रही है।

# जिलाधिकारी ने की कर-करेत्तर की मासिक समीक्षा बैठक, राजस्व वसूली में तेजी लाने के दिये निर्देश

### पी0एम0 स्वनिधि योजना में लक्ष्य के अनुरूप आवेदन नहीं किये जाने पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारियों नगर पालिका/नगर पंचायत के वेतन भुगतान पर लगायी रोक

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी**



सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व कार्यक्रमों व कर-करेत्तर की मासिक समीक्षा बैठक की, जिलाधिकारी ने मानक के मुताबिक वसूली के लक्ष्य को पूरा करने, तहसील स्तरों पर बकायेदारों पर वसूली की कार्यवाही करने, आर0सी0 का नियमित मिलान करने के साथ ही सरकारी जमीनों को सुरक्षित करते हुए जन शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश सम्बन्धितों को दिये गये। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित महीने के अनुरूप लक्ष्य वसूली के कार्य में तेजी लाया जाये, जिससे राजस्व वसूली के प्रगति में तेजी लाया जा सकें, इस कार्य में शिथिलता न बरती जायें, लक्ष्य पूरा न करने वालों की जिम्मेदारी तय की जाये। उन्होंने कहा कि तहसीलों का काम समयबद्ध और बेहतर तरीके से करने के लिए कड़ाई के साथ उप जिलाधिकारी व तहसीलदार राजस्व कार्मिक अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि राजस्व मुकदमों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से किया जाय, जमीनी विवादों का निस्तारण मौके पर जाकर किया जाये, किसी भी हाल में जनता के साथ अन्याय न होने पायें, इसका भी ध्यान दिया जाये। पी0एम0 स्वनिधि योजना में लक्ष्य के अनुरूप आवेदन नहीं किये जाने व ऋण वितरण न किये जाने पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारियों

नगर पालिका परिषद/नगर पंचायतों का वेतन भुगतान पर रोक लगाने के निर्देश दिये है। बैठक के दौरान खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग को जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि बाजार में बिकने वाले खाद्य सामग्री की जॉच कराते रहें, ताकि किसी प्रकार प्रकार की मिलावटी की स्थिति न आने पायें, इसके लिए छापेमारी की कार्यवाही में तेजी लाया जायें और जो भी शासन द्वारा मानक व फामूर्ला निर्धारित किया गया है, उसका अक्षरशः अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगें। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 वागीश कुमार शुक्ला, उप जिलाधिकारी दुद्धी रवि पासवान, उप जिलाधिकारी मुख्यालय आकांक्षा गौतम, उप जिलाधिकारी सदर आशीष त्रिपाठी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, जिला पूर्ति अधिकारी ध्रुव गुप्ता, सदर तहसीलदार अमित कुमार सिंह, प्रशासनिक अधिकारी रामलाल यादव सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

# दुद्धी पुलिस ने डीपी एक्ट से संबंधित एक नफर वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**समाज जागरण/ अकबर अली**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ऋषभ रुणवाल एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी *श्री विनय प्रभाकर साहनी के कुशल पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक दुद्धी के नेतृत्व में थाना दुद्धी पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। थाना दुद्धी पुलिस द्वारा मु0नं0-2786/2023, धारा 323, 504, 506, 498ए भा.दं.वि. एवं 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम से संबंधित वारंटी अभियुक्त शिवप्रसाद को उसके घर से गिरफ्तार कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए आज दिनांक 20.07.2026 को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। सोनभद्र पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सतत जारी है।



# आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय अवधि में करे सुनिश्चित- जिलाधिकारी

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी**



सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त होने वाली जन शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ ही अन्य सम्बन्धित अधिकारियों के उपस्थिति में बैठक की गयी। इस दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के मा0 मुख्यमंत्री जी की मंशा है कि जनता दर्शन, तहसील दिवस, आई0जी0आर0एस0, थाना समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण ससमय व गुणवत्ता पूर्ण तरीके से सुनिश्चित किया जाये, जिससे कि जन मानस की समस्याओं का ससमय निस्तारण हो सकें। उन्होंने कहा कि आई0जी0 आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायातों के निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारी स्थल पर जाकर शिकायतकर्ता का फीडबैक प्राप्त करते हुए शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करें, निस्तारण के दौरान स्थल पर कार्यवाही सम्बन्धी जी0 पी0एस0 फोटोग्राफ्स अपलोड करना सुनिश्चित करें, सम्बन्धित अधिकारी प्रतिदिन आई0 जी0 आर0एस0 पोर्टल को लागिन करते हुए प्राप्त होने वाली शिकायतों का फीडबैक भी प्राप्त करते रहें और प्राप्त शिकायतों का निस्तारण भी ससमय कराना सुनिश्चित करें, उन्होनें कहा कि जिन भी अधिकाररियों के शिकायतें डिफाल्टर की श्रेणी में प्राप्त होगीं उन अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि दी जायेगी। अंतिम दिवस में शिकायतों के निस्तारण करने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 वागीश कुमार शुक्ला, जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, जिला अल्प संख्यक अधिकारी सुधांशू शेखर शर्मा सहित जिला स्तरीय अधिका रीगण उप स्थित रहें।

# भूमि एवं जल संरक्षण योजनाओं से किसानों को मिलेगा लाभ, 1000 हेक्टेयर क्षेत्र का होगा उपचार

## जिलाधिकारी बोलेकृपारदर्शिता के साथ होगा योजनाओं का क्रियान्वयन, 50 खेत तालाबों का निर्माण भी होगा

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी**



सोनभद्र। जनपद में भूमि एवं जल संरक्षण कार्यों को गति देने तथा किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला भूमि एवं जल संरक्षण समिति, जिला मिशन समिति एवं डब्ल्यूसीडीसी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए महत्वपूर्ण प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में भूमि संरक्षण अधिकारी, रॉबर्ट्सगंज ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना के अंतर्गत जनपद में 1000 हेक्टेयर बीहड़, बंजर एवं जलभराव प्रभावित क्षेत्रों का उपचार कराया जाएगा। साथ ही राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (खेत तालाब योजना) के अंतर्गत 50 लघु खेत तालाब का निर्माण कराया जाएगा। खेत तालाब योजना के लाभार्थियों का चयन विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण के उपरांत ई-लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि इन योजनाओं का उद्देश्य जल संरक्षण को बढ़ावा देना, अनुपयोगी एवं बंजर भूमि को कृषि योग्य बनाना तथा किसानों की सिंचाई सुविधा को सुदृढ़ करना है। खेत तालाबों के निर्माण से वर्षा जल का संरक्षण होगा, भूजल स्तर में सुधार आएगा और किसानों को खेती के लिए अतिरिक्त जल उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने कहा कि लाभार्थियों का चयन पूरी तरह पारदर्शी प्रक्रिया से किया जाएगा तथा पात्र किसानों को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ कराया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। बैठक में प्रस्तुत सभी प्रस्तावों को जिला भूमि एवं जल संरक्षण समिति द्वारा अनुमोदित किया गया।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, उप कृषि निदेशक राजकुमार, उपायुक्त स्वतः रोजगार सरिता सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, जिला कृषि अधिकारी वीरेन्द्र कुमार, सहायक अभियंता (लघु सिंचाई) तथा भूमि संरक्षण अधिकारी रॉबर्ट्सगंज एवं चोपन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# वनाधिकार अधिनियम-2006 पर एक्शनएड द्वारा प्रशिक्षण आयोजित, अधिकारों के प्रति जागरूक होने का आह्वान

**समाज जागरण/ अकबर अली**




सोनभद्र। एक्शनएड के सहयोग से विकास खण्ड नगवा के खलियारी स्थित पंडित जगमोहन विद्यालय में अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य आदिवासी एवं अन्य परंपरागत वन निवासियों को वनाधिकार कानून, उसके प्रावधानों, दावा प्रक्रिया तथा ग्राम सभा की भूमिका के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में मानवाधिकार रक्षक कमलेश कुमार ने मुख्य प्रशिक्षक के रूप में वनाधिकार अधिनियम, 2006 की प्रमुख धाराओं, व्यक्तिगत एवं सामुदायिक वन

अधिकारों, सामुदायिक वन संसाधन अधिकार, दावा प्रस्तुत करने की प्रक्रिया तथा कानून के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वनाधिकार कानून आदिवासी समुदाय के ऐतिहासिक अधिकारों को मान्यता देने वाला महत्वपूर्ण कानून है और इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए समुदाय की जागरूकता एवं ग्राम सभा की सक्रिय भूमिका आवश्यक है। तौहीद अली ने प्रशिक्षण के दौरान अधिनियम के व्यावहारिक पहलुओं पर चर्चा करते हुए कहा कि वनाधिकार केवल भूमि का अधिकार नहीं, बल्कि आजीविका, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और समुदाय के सम्मान से जुड़ा अधिकार है। प्रशिक्षण में उपस्थित सोनभद्र मनरेगा लेखपाल ने मनरेगा सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि वनाधिकार प्राप्त परिवार इन योजनाओं का लाभ लेकर अपनी आजीविका को सुदृढ़ बना सकते हैं। ग्राम प्रधान भुनेश्वर ने कहा कि ग्राम सभा वनाधिकार कानून के क्रियान्वयन की सबसे महत्वपूर्ण इकाई है। उन्होंने ग्रामीणों से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिवाकांत ने बताया कि वनाधिकार से मालिकाना हक लेने हेतु संगठन मजबूत करना बहुत जरूरी है।

कार्यक्रम में आदिवासी समुदाय के महिला-पुरुष, ग्राम प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं विभिन्न गांवों से आए प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंत में सभी ने वनाधिकार अधिनियम, 2006 के प्रभावी क्रियान्वयन तथा पात्र परिवारों को उनका अधिकार दिलाने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। इस मौके पर आदिवासी विकास संगठन के साथी फूलमती, गुलाबी, गुजराती, राजमती, पांचू खरवार, विमलेश आदि सैकड़ों साथियों ने प्रतिभाग किया।

# धर्म प्रसार यात्रा के साथ शुरू हुआ विश्व शांति महायज्ञ, चोपन में सात दिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

चोपन/ सोनभद्र। विश्व शांति महायज्ञ एवं सात दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन सोनभद्र के चोपन क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गड़ईडीह में किया जा रहा है। कथा का वाचन पूज्य श्री दिलीप कृष्ण भारद्वाज द्वारा किया जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन के मुख्य आयोजक शिवकुमार पहाड़ी बाबा एवं विश्व हिंदू महासंघ धर्म प्रकोष्ठ हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ चोपन बैरियर से मेड़र माता मंदिर तक निकाली गई भव्य धर्म प्रसार यात्रा के साथ हुआ। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, संत-महात्मा, मातृशक्ति एवं विश्व हिंदू महासंघ के पदाधिकारी शामिल हुए। पूरे मार्ग में जय श्रीराम, हर-हर महादेव और सनातन धर्म के जयघोष गूंजते रहे। धर्म प्रसार यात्रा के दौरान रास्ते में कई जगह जलपान की व्यवस्था वरिष्ठ समाजसेवी एवं भाजपा के नेता प्रदीप अग्रवाल के सौजन्य से की गईं थी। कार्यक्रम में विश्व हिंदू महासंघ किन्नर प्रकोष्ठ की काशी एवं प्रयाग संभाग की क्षेत्रीय अध्यक्ष किरन नंद गिरी भी शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि उन्हें 21 जिलों में सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी मिली है और वह समाज के सभी वर्गों को जोड़ने का कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि विश्व हिंदू महासंघ किसी जाति या वर्ग का नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति और समाज सेवा का संगठन है। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा किन्नर कल्याण बोर्ड और किन्नर प्रकोष्ठ के गठन का उल्लेख करते हुए कहा कि समाज में एकता और धार्मिक जागरूकता के लिए सभी को मिलकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म का संदेश समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही उनका उद्देश्य है। जहां भी उन्हें आमंत्रित किया जाएगा, वहां वह धर्म प्रचार और समाज सेवा के लिए अवश्य पहुंचेंगी। उन्होंने लोगों से सामाजिक समरसता बनाए रखने और सनातन संस्कृति को मजबूत करने की अपील की। इस दौरान मीडिया से बातचीत में उन्होंने अयोध्या राम मंदिर चंदा प्रकरण और बुलडोजर कार्रवाई से जुड़े सवालों पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि जो भी दोषी होगा, उसे कानून के अनुसार सजा मिलनी चाहिए और गलत कार्य करने वालों के खिलाफ निष्पक्ष कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं आयोजन समिति के प्रमुख शिवकुमार पहाड़ी बाबा ने बताया कि विश्व शांति, मानव कल्याण और सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से सात दिवसीय श्रीराम कथा एवं महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कथा में जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। प्रतिदिन धार्मिक अनुष्ठान, यज्ञ और श्रीराम कथा का आयोजन होगा। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण करने और पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की।

इस दौरान भाजपा नेता सुनील सिंह ने कहा की वर्तमान समय में बिगड़ते हालत और धर्म के प्रति बच्चों में जिज्ञासा पैदा करने के लिए खासतौर से यह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। धर्म आस्था के प्रतीक को सभी ने देखा, जो कभी कुछ दूरी भी पैदल नहीं चलते थे। धर्म के लिए 5 से 6 किलोमीटर दूर तक की यात्रा बिना रुके भक्तों ने किया।

# बाजारीकरण एवं पेपर लीक के खिलाफ चल रहे आंदोलन के समर्थन मे भाकपा का जबरदस्त प्रदर्शन

### विद्यालय के तीन साल से ध्वस्त भवन और आंगनबाड़ी केंद्र के पुनर्निर्माण की उठी आवाज

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। शिक्षा के बाजारीकरण, परीक्षाओं में लगातार हो रहे पेपर लीक तथा शिक्षा व्यवस्था की बदहाली के खिलाफ दिल्ली के जंतर-मंतर पर चल रहे आंदोलन एवं अनशन को समर्थन देते हुए बभनी की स्थानीय शिक्षा व्यवस्था के गंभीर सवालों को लेकर सोमवार को खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बभनी पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी प्रदर्शन करते हुए धरना दिया गया। जहां भाकपा नेताओं ने कहा कि शिक्षा के बाजारीकरण और पेपर लीक ने देश के करोड़ों छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। दिल्ली के जंतर-मंतर पर पेपर लीक और शिक्षा के बाजारीकरण के खिलाफ चल रहे आंदोलन को भाकपा पूर्ण समर्थन देती है। बभनी क्षेत्र की बदहाल शिक्षा व्यवस्था के खिलाफ भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेतृत्व में बीआरसी कार्यालय बभनी के समक्ष धरना प्रदर्शन किया गया। ग्राम पंचायत बरवा टोला (क) के टोला सालेनाग में लगभग तीन वर्ष पूर्व ध्वस्त कराए गए प्राथमिक विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्र का अब तक पुनर्निर्माण नहीं होने तथा विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन में लापरवाही के खिलाफ प्रदर्शनकारियों ने जोरदार आवाज उठाई। धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि सालेनाग में लगभग तीन वर्ष पूर्व प्राथमिक विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्र का जर्जर भवन ध्वस्त करा दिया गया था, लेकिन आज तक दोनों भवनों का पुनर्निर्माण नहीं कराया गया। तीन वर्षों से बच्चों को शिक्षा और आंगनबाड़ी की मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा जाना शासन और प्रशासन की गंभीर लापरवाही है।भाकपा नेताओं ने कहा कि सरकार बाल वाटिका और आंगनबाड़ी के माध्यम से बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा से जोड़ने की बात करती है, लेकिन बभनी क्षेत्र में कई स्थानों पर बाल वाटिका और आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन कागजों तक सीमित दिखाई दे रहा है। कई विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में शिक्षकों और कार्यकत्रियों की समय से उपस्थिति सुनिश्चित नहीं हो रही है, जिससे बच्चों की शिक्षा और देखभाल प्रभावित हो रही है।धरना प्रदर्शन में विद्यालयों में शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति, विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों का समय से नियमित संचालन तथा मध्यान्ह भोजन योजना के अंतर्गत बच्चों को नियमित फल एवं दूध वितरण सुनिश्चित कराने की मांग की गई।

धरना प्रदर्शन के माध्यम से सालेनाग के ध्वस्त प्राथमिक विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्र का तत्काल पुनर्निर्माण, निर्माण की समयबद्ध कार्ययोजना जारी करने, बभनी क्षेत्र में राजकीय कन्या महाविद्यालय की स्थापना तथा ग्राम पंचायत संवरा में वर्ष 2022 से निमार्णाधीन मिनी आंगनबाड़ी केंद्र को तत्काल पूर्ण कराने की मांग की गई। साथ ही निर्माण में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदार के विरुद्ध विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई की मांग उठाई गई। चेतावनी दी कि यदि बभनी क्षेत्र में बच्चों की शिक्षा और विद्यालयों से जुड़े इन गंभीर सवालों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को बड़े पैमाने पर और तेज किया जाएगा। कार्यक्रम में अकबर गोंड, द्वारिका प्रसाद, चंद्रवंशी, अमरनाथ, सूर्य, सालेनाग गांव से जगन्नाथ, बाबूलाल खरवार, हरि प्रसाद, राजाराम, रामविचार, राजन, सुमन देवी, फुलबासिया, सुंदरी देवी, भगमानिया, ऋतु, फूलमती देवी, सुमन देवी, राजकुमारी, कुमारी सुनीता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता धनुक प्रसाद ने की तथा संचालन देव कुमार विश्वकर्मा ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं जिला सचिव कामरेड आर.के. शर्मा रहे। उनके साथ जिला सहायक सचिव कामरेड बसवन्ना गुप्ता भी मौजूद रहे।

# स्कूल बस की चपेट में आने से तीन वर्षीय मासूम की मौत, परिवार में मचा कोहराम

## -बड़े भाई को बस में बैठाने पहुंची थी मां, पीछे से दौड़कर आया मासूम हादसे का शिकार

**समाज जागरण खेकड़ा।**

सुभानपुर क्षेत्र में जिला जेल रोड पर सोमवार सुबह हुए दर्दनाक हादसे में स्कूल बस की चपेट में आने से तीन वर्षीय मासूम की मौत हो गई। बड़े भाई को स्कूल बस में बैठाने पहुंची मां के पीछे-पीछे आया मासूम अचानक बस की चपेट में आ गया। गंभीर हालत में परिजन उसे दिल्ली के जीटीबी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। नोरसपुर गांव निवासी पवन की पत्नी सोमवार सुबह अपने करीब पांच वर्षीय बड़े बेटे पर्व को स्कूल बस में बैठाने के लिए जिला जेल रोड पर पहुंची थी। बताया गया कि उसका करीब तीन वर्षीय छोटा बेटा प्रणव घर पर था। बड़े बेटे को बस में बैठाने के बाद जैसे ही स्कूल बस आगे बढ़ी, तभी प्रणव पीछे से दौड़ता हुआ बस के पास पहुंच गया। बताया



गया कि इसी दौरान मासूम अचानक लड़खड़ाकर सड़क पर गिर पड़ा और बस की चपेट में आ गया। चालक ने तत्काल बस रोक दी, लेकिन तब तक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो चुका था। परिजन आनन-फानन में उसे दिल्ली के जीटीबी अस्पताल लेकर पहुंचे,

जहां चिकित्सकों ने उपचार के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही खेकड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और स्कूल बस को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मासूम की मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम पसर गया। मां और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पीड़ित परिवार ने थाने में तहरीर देकर बस चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पाठशाला रोड पर आमने-सामने भिड़ीं दो बाइक, दो युवक गंभीर घायल

**- टक्कर की जोरदार आवाज सुनकर मौके पर जुटे लोग, पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया**

**समाज जागरण खेकड़ा।**

पाठशाला रोड पर सोमवार दोपहर पुराने सिनेमा हॉल के पास दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे




और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी खेकड़ा में भर्ती कराया। घायलों की पहचान खेकड़ा निवासी फिरोज और घिटोरा निवासी नितिन के रूप में हुई है। बताया गया कि फिरोज फैक्ट्री में सिलाई का काम करता है। सोमवार दोपहर करीब दो बजे वह स्प्लेंडर बाइक से काम खत्म कर घर लौट रहा था। वहीं नितिन खेकड़ा में बैंक संबंधी कार्य निपटाने के बाद बुलेट बाइक से अपने गांव घिटोरा जा रहा था। पुराने सिनेमा हॉल के पास दोनों बाइक आमने-सामने आ गईं और जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में फिरोज के सिर में गंभीर चोट आई है, जबकि नितिन भी कई जगह चोटिल हुआ है। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और कुछ देर तक मार्ग पर यातायात प्रभावित रहा। सूचना मिलते ही पुलिस और 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। दोनों घायलों को तत्काल सीएचसी खेकड़ा ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उनका उपचार शुरू किया। पाठशाला चौकी प्रभारी कपिल कुमार ने बताया कि घायलों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

# खेकड़ा क्षेत्र में चातुर्मास को लेकर जैन समाज में उत्साह

## - बड़ागांव, मंडोला और खेकड़ा में होंगे धार्मिक आयोजन, साधु-संतों के प्रवचन से गूंजेगा क्षेत्र

**समाज जागरण खेकड़ा।**

वर्ष 2026 के चातुर्मास को लेकर खेकड़ा क्षेत्र के जैन समाज में श्रद्धा और उत्साह का माहौल है। बड़ागांव, मंडोला और खेकड़ा स्थित विभिन्न जैन मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों पर साधु-संतों और आर्यिकाओं के चातुर्मास प्रवास को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। चातुर्मास के दौरान धार्मिक प्रवचन, पूजा-अर्चना, आध्यात्मिक कार्यक्रम और धर्म प्रभावना के आयोजन होंगे।

त्रिलोक तीर्थ बड़ागांव में 2 अगस्त




को एलाचार्य त्रिलोक भूषण जी के साथ आर्यका चंद्रमती माता, मुक्तिभूषण, अनुभूतिभूषण और दृष्टिभूषण की चातुर्मास स्थापना होगी। त्रिलोक तीर्थ पर होने वाले इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। इसी क्रम में शांति निकेतन दिगंबर जैन मंदिर मंडोला में 26 जुलाई को एलक विज्ञान सागर जी महाराज की चातुर्मास स्थापना होगी। आयोजन को लेकर जैन समाज और मंदिर प्रबंधन तैयारियों में जुटा है। वहीं पारसनाथ दिगंबर जैन साधुवृत्ति आश्रम बड़ागांव में आर्यका दर्शनमति माता का चातुर्मास प्रस्तावित है। उनकी स्थापना की तिथि अभी निर्धारित नहीं हुई है। पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर, निर्भय एन्क्लेव खेकड़ा में 9 अगस्त को आर्यका सरस्वती माता की चातुर्मास स्थापना होगी। चातुर्मास के दौरान जैन साधु-संत और आर्यिकाएं एक ही स्थान पर रहकर श्रद्धालुओं को धर्म, संयम, त्याग और अहिंसा का संदेश देते हैं। इस दौरान होने वाले धार्मिक आयोजनों से क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण बनेगा और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है।

# जिला जज ने वितरित किए प्रमाण-पत्र, सीपीआर प्रशिक्षण का हुआ समापन

## समय पर दिया गया सीपीआर किसी का भी जीवन बचा सकता है - मनोज कुमार

**समाज जागरण**

बागपत। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा बागपत द्वारा आयोजित तीन दिवसीय प्राथमिक उपचार एवं सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम का रविवार को सफल समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार रहे। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता रेड क्रॉस के उपसभापति हंसराज गुप्ता ने की। मुख्य अतिथि मनोज कुमार ने कहा कि प्राथमिक उपचार और सीपीआर का ज्ञान हर नागरिक के लिए जरूरी है। समय पर



दिया गया सही प्राथमिक उपचार किसी भी व्यक्ति का जीवन बचा सकता है। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे विद्यालयों, परिवारों और समाज में इस जानकारी का प्रचार करें ताकि अधिक से अधिक लोगों का जीवन सुरक्षित हो सके। उपसभापति हंसराज गुप्ता ने कहा कि रेड क्रॉस मानव सेवा के लिए समर्पित है। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आपदा और आपातकाल में मददगार साबित होते हैं। प्रतिभागियों से अपील की कि वे इस प्रशिक्षण का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं।

डॉ. दीपक कुमार ने कहा कि दुर्घटना के शुरूआती मिनट सबसे महत्वपूर्ण होते हैं। यदि आसपास मौजूद व्यक्ति को सीपीआर का प्रशिक्षण हो तो एंबुलेंस आने से पहले ही पीड़ित की जान बचाई जा सकती है। ऐसे प्रशिक्षण हर विद्यालय और संस्थान तक पहुंचने चाहिए। रेड क्रॉस सचिव अभिमन्यु गुप्ता ने कहा कि रेड क्रॉस का उद्देश्य हर नागरिक को जीव नरक्षक कौशल से प्रशिक्षित करना है। भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम संयोजक डॉ. मयंक गोयल ने बताया कि प्रशिक्षण में प्राथमिक उपचार, सीपीआर, रक्तस्राव नियंत्रण, फ्रैक्चर प्रबंधन, जलने, बेहोशी और चोकिंग जैसी आपात स्थितियों का सैद्धांतिक और व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। आगे प्रत्येक विद्यालय से अधिक शिक्षकों और विद्यार्थियों को जोड़ा जाएगा। प्रशिक्षिका आरती श्रीवास्तव ने तीन दिन तक प्रतिभागियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। संचालन डॉ. सतवीर सिंह ने किया।

इस अवसर पर अभिमन्यु गुप्ता, डॉ. मयंक गोयल, डॉ. दीपक कुमार, अमन गोयल, आरती श्रीवास्तव सहित रेड क्रॉस पदाधिकारी, विद्यालयों के शिक्षक और बड़ी संख्या में प्रतिभागी मौजूद रहे।

# सिद्धपीठ श्री शनि धाम एवं श्री खाटू श्याम मंदिर का वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न

**समाज जागरण बागपत।**

जनपद बागपत के अग्रवाल मंडी टटीरी स्थित सिद्धपीठ श्री शनि धाम एवं श्री खाटू श्याम मंदिर का वार्षिकोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के वातावरण में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान श्री खाटू श्याम एवं श्री शनिदेव का आशीर्वाद प्राप्त किया। वार्षिकोत्सव का आयोजन वृंदावन के पूज्य स्वदेश स्वरूप जी महाराज के पावन सान्निध्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ विशेष पूजा-अर्चना से हुई। मंदिर में आचार्य पंडित मनोहर लाल जी निबाली वाले, मुख्य पुजारी अनिल तथा अवधेश द्विवेदी जी क्यामपुर वालों ने धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न कराये। श्रद्धालुओं ने भगवान श्री खाटू श्याम एवं श्री शनिदेव के दर्शन कर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। वार्षिकोत्सव का मुख्य आकर्षण भगवान श्री खाटू श्याम जी की भव्य रथ यात्रा रही। सुसज्जित रथ में



विराजमान बाबा श्याम की शोभायात्रा टटीरी नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई। यात्रा के दौरान श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए नृत्य करते चले, जबकि नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। शोभायात्रा के उपरांत मंदिर परिसर में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें भजनों की मधुर प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर वृंदावन से पधारे स्वदेश जी महाराज, मंदिर अध्यक्ष प्रवीण गोयल, सचिव अंकुर पंडित, समाजसेवी संजीव शर्मा, प्रमोद चेयरमैन, पंडित मनोहर लाल, पुजारी अनिल,

उपाध्यक्ष विनोद गोयल, कोषाध्यक्ष नितिन मानव, राजीव गोयल, मास्टर हरिओम, राजीव गोयल सभासद, मनोज मित्तल, मितलेश राजपूत, बागपत से नंदलाल डोगरा, लवी जैन, विनोद गुप्ता, अमित अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सीपीआर प्रशिक्षण का दूसरा दिन सम्पन्न

**हर व्यक्ति को होना चाहिए प्राथमिक उपचार और सीपीआर का ज्ञान - अस्मिता लाल**

**समाज जागरण**

बागपत। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा बागपत द्वारा आयोजित प्राथमिक उपचार एवं सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम का दूसरा दिन जिलाधिकारी अस्मिता लाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षिका आरती श्रीवास्तव ने प्रतिभागियों को सीपीआर का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि सड़क, घर,



विद्यालय या किसी अन्य स्थान पर कोई व्यक्ति अचेत अवस्था में मिले या उसे कार्डियक अरेस्ट हो जाए तो सबसे पहले उसकी प्रतिक्रिया, सांस और नाड़ी की जांच करें। यदि सांस और धड़कन बंद हो तो छाती के मध्य भाग पर दोनों हथेलियों से लगभग 2 इंच गहराई तक प्रति मिनट 100 से 120 बार दबाव देना चाहिए। उन्होंने कहा कि नवीनतम दिशा-निर्देशों के अनुसार सामान्य नागरिक केवल हैंड्स-ओनली सीपीआर से भी जीवन बचा सकते हैं। यह प्रक्रिया तब तक जारी रखें जब तक सांस न लौटे या एम्बुलेंस न पहुंच जाए। रेड क्रॉस बागपत के सचिव अभिमन्यु गुप्ता ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य तभी सफल होगा जब शिक्षक अपने विद्यालय और परिवारों में सीपीआर की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं। एक प्रशिक्षित व्यक्ति कई लोगों का जीवन बचा सकता है। कार्यक्रम संयोजक डॉ. मयंक गोयल ने कहा कि प्रत्येक विद्यालय से कम से कम 50 छात्र और शिक्षक सीपीआर प्रशिक्षण प्राप्त करें। उन्होंने सभी शिक्षकों से अधिक से अधिक पंजीकरण कराने का आह्वान किया ताकि जिले में सीपीआर के प्रति जनजागरूकता बढ़े। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सतवीर सिंह ने किया। इस अवसर पर नीरज मोगा, राजेश कुमार, सरोज, विकास कुमार मानव, सीमा, खुशबू शुक्ला, उषा द्विवेदी, प्रीति यादव,

विजय कुमार, सोहनलाल, आज्ञाराम, कासिम अली, हुकम सिंह, अरुणा कुमारी, सचिन कुमार गुप्ता, अंकिता सिंह, आशा सहित अनेक शिक्षक और प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# रमाला थाना प्रभारी विनोद कुमार को उद्योग व्यापार मंडल ने प्रतीक चिन्ह देकर किया सम्मानित

**नए प्रभारी ने कहा- क्षेत्र में गुंडागर्दी और तस्करी बर्दाश्त नहीं होगी, जनता से मांगा सहयोग**

**समाज जागरण बड़ौत।**

बड़ौत तहसील क्षेत्र के रमाला थाना के नव नियुक्त प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल पंजीकृत द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल पंजीकृत के जिला अध्यक्ष बागपत भूपेश बब्बर, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष एवं भाजपा



नेता डॉ. देवेंद्र पवार, शोबी मलिक, मनोज जैन, अविराज तोमर सहित व्यापार मंडल के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर थाना प्रभारी विनोद कुमार ने कहा कि रमाला क्षेत्र में पुलिस प्रशासन लोगों के साथ कुशलतापूर्वक व्यवहार करेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में गुंडागर्दी, हुड़दंगबाजी और किसी भी प्रकार की तस्करी करने वाले व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

उन्होंने क्षेत्रवासियों से आह्वान किया कि सभी लोग पुलिस प्रशासन का साथ देकर जिम्मेदारी के साथ कार्य करें, ताकि क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनी रहे।

# नीरा आर्य की पुण्यतिथि पर स्वतंत्रता सेनानी परिवारों का होगा सम्मान

## - २६ जुलाई को खेकड़ा में आयोजित होगा भव्य कार्यक्रम, आयोजन को लेकर बैठक में बनी रणनीति

**समाज जागरण खेकड़ा।**

देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले स्वतंत्रता सेनानी परिवारों को सम्मानित करने की पहल की गई है। क्रांतिकारी नीरा आर्य की पुण्यतिथि के अवसर पर आगामी 26 जुलाई को नीरा आर्य स्मारक पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में क्षेत्र के स्वतंत्रता सेनानी परिवारों को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर हुई बैठक में आयोजन को सफल बनाने, मुख्य अतिथियों के स्वागत और स्वतंत्रता सेनानी परिवारों को आमंत्रित करने सहित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में सभी प्रस्तावों को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई।

वक्ताओं ने कहा कि देश की आजादी के लिए अपने प्राणों और परिवारों का बलिदान देने वाले स्वतंत्रता



सेनानी परिवार राष्ट्र की अमूल्य धरोहर हैं। ऐसे परिवारों का सम्मान करना केवल उनका सम्मान नहीं, बल्कि देश के स्वतंत्रता संग्राम और बलिदान की परंपरा को नमन करना है। कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए विशेष कार्य समिति का गठन किया गया है। आयोजन हरवीर सिंह, तेजपाल सिंह और समस्त खेकड़ा वासियों के सौजन्य से होगा। कार्यक्रम के संयोजक की जिम्मेदारी प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता हरपाल सिंह जटराणा (दिल्ली) को सौंपी गई है। बैठक में दिल्ली के एनसीसी अधिकारी गजेंद्र कौशिक, डॉ. राघवेंद्र चौधरी, मनोज जैन, नरेश शर्मा, कवि इकबाल, देवेंद्र भगत, अधिवक्ता हर्ष शर्मा, अमित धामा, निकिता, शिवानी, हरियाणा के पूर्व प्रोफेसर ओमप्रकाश तोमर, महेश धामा सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सम्मानित हुई खेकड़ा की बेटी नेशनल शूटर पर्ल जैन

**सलवान पब्लिक स्कूल में मिला सम्मान**

**समाज जागरण खेकड़ा।**

कस्बे की होनहार बेटी और नेशनल शूटर पर्ल जैन को खेल क्षेत्र में लगातार शानदार प्रदर्शन करने पर सम्मानित किया गया। पर्ल की उपलब्धि से कस्बावासियों में खुशी का माहौल है। कस्बे के युवा व्यापारी अंकित जैन की बेटी पर्ल जैन ट्रॉनिका सिटी स्थित सलवान पब्लिक स्कूल की छात्रा हैं। वह राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न शूटिंग प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक जीत चुकी हैं। उनकी निरंतर सफलताओं को देखते हुए सोमवार



को स्कूल परिसर में आयोजित समारोह में उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सीबीएसई नई दिल्ली की असिस्टेंट सेक्रेटरी डॉ. पूजा अक्षय ने पर्ल जैन को सम्मानित किया। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या सुनीता मदान सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# आम आदमी पार्टी ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**सोनम वांगचुक के साथ दुर्व्यवहार और पेपर लीक पर कार्रवाई की मांग**

**समाज जागरण**

बागपत। आम आदमी पार्टी ने जंतर-मंतर पर अनशन कर रहे शिक्षाविद सोनम वांगचुक के साथ हुए पुलिस दुर्व्यवहार और युवाओं की मांगों को लेकर राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा है। जिला अध्यक्ष ओमबीर सिंह सैन के नेतृत्व में ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा गया। पार्टी पदाधिकारियों ने बताया कि सोनम वांगचुक पिछले 21 दिनों से जंतर-मंतर पर अनशन कर रहे थे। उनकी मांग थी कि ठएएळ पेपर लीक मामले में छात्रों को न्याय मिले और शिक्षा मंत्री इस्तीफा दें।18 जुलाई को पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे युवाओं पर लाठीचार्ज किया। अनशन के कारण कमजोर हो चुके सोनम वांगचुक को जबरन उठाकर अस्पताल में भर्ती कराया गया। 20 जुलाई को प्रस्तावित संसद मार्च से पहले यह कार्रवाई की गई। इस दौरान कार्यकर्ता अभिजीत दीपके को भी हिरासत में लिया



गया। ज्ञापन में पार्टी ने मांग की कि शिक्षा मंत्री का इस्तीफा लिया जाए, लाठीचार्ज की उच्चस्तरीय जांच हो, पेपर लीक रोकने के लिए सख्त कानून बने और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाए जाएं। साथ ही शांतिपूर्ण प्रदर्शन के संवैधानिक अधिकार की रक्षा की जाए।पार्टी ने कहा कि पेपर लीक और बेरोजगारी से युवा परेशान हैं। ऐसे में उनके मुद्दों पर सरकार को तुरंत ध्यान देना चाहिए।

# राष्ट्रीय लोक दल के नेता ओमवीर ढाका ने नीट में सफल देवांश ढाका को दी बधाई

**पहले ही प्रयास में हासिल की ऑल इंडिया 16,145वीं रैंक**

**समाज जागरण**

बागपत। राष्ट्रीय लोक दल के वरिष्ठ नेता ओमवीर ढाका ने बागपत-मेरठ रोड स्थित तरुण ढाका के आवास पर पहुंचकर उनके सुपुत्र देवांश ढाका को नीट-यूजी परीक्षा में प्रथम प्रयास में शानदार सफलता पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। देवांश ढाका ने 10वीं और 12वीं की शिक्षा संस्कार



गुरुकुल, रोहतक से प्राप्त की। उन्होंने 10वीं में 90.8 प्रतिशत और 12वीं में 80.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। 12वीं उत्तीर्ण करने के तुरंत बाद पहले ही प्रयास में NEET-UG परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 16,145 और ओबीसी श्रेणी में 7,582वीं रैंक हासिल कर परिवार, विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। इस अवसर पर परिवार के सम्मानित सदस्य भी उपस्थित रहे। सभी ने देवांश ढाका की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके सफल चिकित्सकीय जीवन की कामना की।

# महत्वपूर्ण खबर दोनों फोटो खबर के साथ में लगे

## बोढा गांव में विकास कार्यों का हुआ निरीक्षण, ग्राम प्रधान द्वारा कराए गए कार्य सही पाए गए

**गन्ना और जल निगम के अधिकारियों ने की जांच, ग्रामीणों ने भी विकास कार्यों को बताया सही**

**समाज जागरण बड़ौत।**

तहसील क्षेत्र के बोढा गांव में ग्राम प्रधान मौसम रानी द्वारा कराए गए विकास कार्यों को लेकर चल रहे विवाद के बाद सोमवार को बागपत के जिला गन्ना अधिकारी अशर्फी लाल, जिला जल निगम अधिकारी चंद्रहास सिंह, अनुज कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने गांव पहुंचकर कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्राम प्रधान द्वारा कराए गए अधिकतम कार्यों में कोई खामी नहीं मिली। अधिकारियों ने मौके पर विकास कार्यों की समीक्षा की और ग्रामीणों से भी बातचीत की। ग्रामीणों ने अधिकारियों के सामने विकास कार्यों को सही बताया। गौरतलब है कि करीब 15 दिन पहले ग्राम पंचायत सचिवालय में ग्राम प्रधान और ग्राम वासियों के बीच विवाद हो गया था। उस दौरान आपस में गाली-गलौज और कुर्सियां भी



एक-दूसरे पर फेंकी गई थीं। तभी से गांव में विकास कार्यों को लेकर विवाद चल रहा था, जिसकी जांच की जा रही थी।ग्राम प्रधान मौसम रानी ने कहा कि गांव के ही कुछ दबंग लोग विकास कार्यों में बाधा डाल रहे हैं। उन्होंने बताया कि हमारे द्वारा कराए जा रहे सभी विकास कार्यों से ग्राम वासी संतुष्ट हैं। हमने ही अधिकारियों से गांव में आकर जांच कराने की मांग की थी। आज हुई जांच में सभी विकास कार्य ठीक पाए गए।ग्राम वासियों ने बैठक कर कहा कि गांव की राजनीति के कारण विकास कार्य में बाधा आ रही है। उन्होंने उच्च अधिकारियों से विकास कार्यों में बाधा डालने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस मौके पर कालूराम, प्रवेश कुमार, मुखिया कृष्णदत्त शर्मा, मयंक चौधरी, जयवीर चौधरी, वीरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# छतरियां हत्याकांड का खुलासाः पांच आरोपी गिरफ्तार, पुरानी रंजिश में युवक की हत्या ।

**समाज जागरण**

सिरसा/कालांवाली (सुरेश जोरा सिया) गांव छतरियां में युवक अशोक कुमार की हत्या के मामले में बड़ागुड़ा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के निर्देश पर गठित टीमों ने की। बड़ागुड़ा थाना प्रभारी ने बताया कि 12 जुलाई को गांव छतरियां निवासी अशोक कुमार की हत्या के संबंध में उसके भाई मुकेश कुमार की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार, घटना वाले दिन मृतक अशोक कुमार, उसका भाई मुकेश और उनका चाचा खेत से पशुओं के लिए हरा चारा लेकर लौट रहे थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे आरोपियों ने उनका रास्ता रोक लिया। जान बचाने के लिए मुकेश और उसका चाचा वहां से निकल गए, जबकि हमलावरों ने अशोक को पकड़ लिया और लाठियों व लोहे के पाइपों से बेरहमी से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उपचार के दौरान सिविल अस्पताल में अशोक की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों पक्षों के बीच 2/3 महिनों से 1000 रुपये के लेन-देन को लेकर विवाद चल रहा था। हालांकि इस विवाद को लेकर ग्राम पंचायत में



समझौता भी हुआ था, लेकिन दोनों पक्षों के बीच तनाव बना रहा। परिजनों का आरोप है कि आरोपियों ने पुरानी रंजिश के चलते सुनियोजित तरीके से वारदात को अंजाम दिया। इस मामले में पुलिस में बड़ागुढा थाना पुलिस ने 16/17 नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी । बड़ागुढ़ा थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर लाभ सिंह ने बताया कि जांच के दौरान पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है ।गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान साहब राम पुत्र ताराचंद,संजय पुत्र साहब राम, यशपाल उर्फ काकू पुत्र रणजींत सिंह,विनय उर्फ सोनू पुत्र जयसिंह व संदीप उर्फ दीपू पुत्र पृथ्वी राज निवासियानं गांव छतरियां जिला सिरसा के रुप में हुई है। गिरफ्तार आरोपियों को आज अदालत में पेश कर रिंमाड लिया जाएगा और रिमांड अवधि के दौरान आरोपियों से पूछताछ कर अन्य लोगों के बारे पुछताछ कर वारदात में प्रयुक्त हथियारों की बरामदगी के प्रयास किए जाएगें । वहीं, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए उनके संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन ने कहा कि हत्या जैसे गंभीर मामलों में किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। पुलिस मामले के हर पहलू की गहनता से जांच कर रही है।

# किसान महापंचायत - अमेरिका-भारत ट्रेड डील के विरोध में किसानों का शक्ति प्रदर्शन

**दैनिक समाज जागरण,**
**जिला संवाददाता,**
**( महेन्द्र जावला बहल )**



बहल, 20 जुलाई। "देश बचाओ मोर्चा" के आह्वान पर आगामी 21 जुलाई मंगलवार को किसान घाट, नई दिल्ली में एक विशाल "किसान महापंचायत" का आयोजन किया जा रहा है। यह महापंचायत प्रस्तावित अमेरिका-भारत ट्रेड डील के विरोध में आयोजित की जा रही है, जिसे किसान संगठन किसानों के हितों के विपरीत मानते हैं।

देश बचाओ मोर्चा के आह्वान पर किसान नेता रवि आजाद की धर्मपत्नी मंजू आजाद महापंचायत में उपस्थित रहेंगी। मोर्चा ने स्पष्ट किया है कि यह किसानों के अधिकारों की लड़ाई है, जिसमें प्रत्येक किसान की सहभागिता आवश्यक है।

मोर्चा का स्पष्ट कहना है कि देश के व्यापक हित की अनदेखी करते हुए यदि कोई ट्रेड डील की जाती है, तो यह देश के किसानों, कृषि क्षेत्र और आम जनता के लिए दीर्घकालिक रूप से हानिकारक सिद्ध होगी। मोर्चा ने केंद्र सरकार से मांग की है कि किसी भी अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौते में देश के किसानों के हितों को सर्वोपरि रखा जाए और उनके अधिकारों से कोई समझौता न किया जाए। देश बचाओ मोर्चा के आह्वान पर आस-पास के क्षेत्रों – दिल्ली, हरियाणा और समीपवर्ती राज्यों – के समस्त किसान साथियों, महिलाओं और युवाओं से पुरजोर अपील की गई है कि वे भारी संख्या में किसान घाट पहुंचकर इस ऐतिहासिक महापंचायत को सफल बनाएं। संगठन का मानना है कि किसानों की व्यापक और एकजुट भागीदारी ही उनके अधिकारों की सबसे बड़ी रक्षक है।

# चौथे दिन भी उमड़ा जनसैलाब, काले कंबल वाले बाबा के निःशुल्क आरोग्य शिविर में बढ़ा विश्वास

**सुबह से देर शाम तक उपचार के लिए लगी रही मरीजों की कतारें, दूर-दराज क्षेत्रों से भी पहुंचे लोग**
**प्रवीन गोदारा बोले— जनसेवा के इस अभियान को मिल रहा क्षेत्रवासियों का अपार स्नेह और सहयोग**

**दैनिक समाज जागरण,**
**जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

लोहारू। अनाज मंडी रोड, लोहारू में काले कंबल वाले बाबा गणेश यादव के सानिध्य में चल रहे आठ दिवसीय निःशुल्क आरोग्य शिविर के चौथे दिन भी मरीजों की भारी भीड़ देखने को मिली। सुबह से ही लोहारू, बहल तथा आसपास के गांवों के अलावा दूर-दराज क्षेत्रों से लोग उपचार एवं स्वास्थ्य परामर्श के लिए शिविर में पहुंचे। लगातार बढ़ती मरीजों की संख्या शिविर के प्रति लोगों के बढ़ते विश्वास और सकारात्मक अनुभव को दर्शा रही है। समाजसेवी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता प्रवीन गोदारा हांसीवाले ने बताया कि बहल में आयोजित सफल शिविर के बाद क्षेत्रवासियों की मांग पर लोहारू में इस स्वास्थ्य सेवा अभियान का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा



कि चौथे दिन भी बड़ी संख्या में मरीजों की उपस्थिति इस बात का प्रमाण है कि जनसेवा के इस प्रयास को समाज का भरपूर सहयोग और विश्वास मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि शिविर का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद लोगों तक निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं उपचार की सुविधा पहुंचाना है।

उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि अधिक से अधिक लोग शिविर में पहुंचकर इस सेवा का लाभ उठाएं। आयोजकों के अनुसार शिविर में गठिया, सर्वाइकल, उच्च रक्तचाप (बीपी), मधुमेह (शुगर), लकवा, पोलियो, निसंतान दंपतियों की समस्याएं, जोड़ों का दर्द सहित विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी रोगों का निःशुल्क परीक्षण, परामर्श एवं उपचार किया जा रहा है। शिविर में मरीजों को आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी मार्गदर्शन भी दिया जा रहा है।

# 22 जुलाई को अरिहंत नगर, दिल्ली में होगा पूज्य गुरुनी मैया श्री किरण जी महाराज साहब का चातुर्मास मंगल प्रवेश

**समाज जागरण**

धर्मसभा, प्रवचन एवं दर्शन का मिलेगा पुण्य लाभ,श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील कालांवाली 20 जुलाई (सुरेश जोरासिया) संथारा साधिका गुरूनी मैया श्री स्वर्णकांता जी महाराज जी की पौत्र शिष्या, उत्तर भारतीय प्रवर्तनी श्री सुधा जी महाराज साहब जी की सुशिष्या, स्वर्ण संघ गौरव मणि, पंजाब वीरांगना, कोकिल कंठी पूज्य गुरूनी मैया श्री किरण जी महाराज साहब आदि ठाणा-9 का वर्ष 2026 का चातुर्मास एस.एस. जैन सभा, अरिहंत नगर, पंजाबी बाग, दिल्ली में संपन्न होगा। चातुर्मास के लिए 22 जुलाई (बुधवार) को भव्य मंगल प्रवेश समारोह आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी गुरु भक्त नरेश गर्ग जैन ने देते हुए बताया कि पूज्य गुरूनी मैया श्री किरण जी महाराज साहब अपने साध्वी मंडल सहित जम्मू के ऐतिहासिक चातुर्मास के सफल समापन के बाद जम्मू-कश्मीर,



हिमाचल प्रदेश, पंजाब तथा हरियाणा में धर्म प्रचार करते हुए अब दिल्ली पहुंच चुके हैं। विहार के दौरान उन्होंने विभिन्न नगरों एवं क्षेत्रों में प्रवचन देकर जैन धर्म के सिद्धांतों का प्रचार-प्रसार किया तथा लोगों को अहिंसा, सदाचार, संयम का सन्देश दिता वही नशा जैसे कुव्यश्नो और सामाजिक बुराइयों का त्याग कर आदर्श जीवन अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने बताया कि दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में विहार के पश्चात अब पूज्य गुरूनी मैया श्री किरण जी महाराज साहब का चातुर्मास के लिए अरिहंत नगर में प्रवेश होगा। जिसमे हजारों कि संख्या में जैन श्रदांलू शिरकत करेंगे। नरेश गर्ग जैन ने बताया कि 22 जुलाई बुधवार को प्रातः अखिलेश जैन एवं किरण जैन के निवास, मकान नंबर-7, रोड नंबर-63 से भव्य मंगल विहार प्रारंभ होगा, जो विभिन्न मार्गों से होता हुआ एस.एस. जैन सभा, अरिहंत नगर, पंजाबी बाग, दिल्ली पहुंचेगा। यहां विधिवत मंगल प्रवेश के साथ चातुर्मास का शुभारंभ होगा।

उन्होंने समस्त जैन समाज एवं धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर मंगल प्रवेश के साक्षी बनें, पूज्य गुरूनी मैया श्री किरण जी महाराज साहब के दर्शन एवं प्रवचनों का लाभ लें तथा धर्म आराधना कर अपने जीवन को पुण्यमय बनाएं।

# सीआईए स्टाफ ने अवैध देशी पिस्टल सहित युवक को किया गिरफ्तार

**गुप्त सूचना पर 152डी रोड पुल के नीचे दबिश, झज्जर निवासी आरोपी से हथियार बरामद**
**शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज, कोर्ट में पेशी के बाद भेजा गया न्यायिक हिरासत में**

**दैनिक समाज जागरण,**
**जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

चरखी दादरी। जिला पुलिस द्वारा अवैध हथियारों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सीआईए स्टाफ ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध देशी पिस्टल सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

पुलिस प्रवक्ता योगेश कुमार ने बताया कि रविवार को सीआईए स्टाफ की टीम गश्त एवं अपराध रोकथाम के दौरान समसपुर चौक पर मौजूद थी। इसी दौरान टीम को विश्वसनीय सूचना मिली कि अमित उर्फ जाट निवासी गांव कडौदा, थाना बेरी,



जिला झज्जर दादरी-झज्जर रोड स्थित 152डी रोड के पुल के नीचे अवैध हथियार के साथ खड़ा है।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर बताए गए हुलिये के अनुसार युवक को काबू कर लिया। पूछताछ के दौरान उसने अपनी पहचान अमित उर्फ जाट निवासी कडौदा, जिला झज्जर के रूप में बताई। नियमानुसार तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अवैध देशी पिस्टल बरामद हुई। जांच के दौरान पिस्टल को अनलोड करने पर उसकी मैगजीन खाली मिली।

पुलिस ने आरोपी से हथियार का लाइसेंस या अन्य वैध दस्तावेज मांगे, लेकिन वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद बरामद देशी पिस्टल को कब्जे में लेकर सील किया गया तथा थाना सदर चरखी दादरी में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां माननीय मजिस्ट्रेट के आदेश पर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जिला पुलिस चरखी दादरी ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति के पास अवैध हथियार होने या किसी अन्य आपराधिक गतिविधि की जानकारी हो तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

# बस अड्डा चौकी पुलिस की तत्परता से 12 वर्षीय गुमशुदा बालक सकुशल बरामद

## तलाशी अभियान चलाकर आर्यन को खोजा, आवश्यक औपचारिकताओं के बाद परिजनों को सौंपा

**परिजनों ने जिला पुलिस की त्वरित कार्रवाई और संवेदनशील कार्यशैली की सराहना की**

**दैनिक समाज जागरण,**
**जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**



चरखी दादरी। जिला पुलिस चरखी दादरी ने एक बार फिर अपनी तत्परता और संवेदनशील कार्यशैली का परिचय देते हुए 12 वर्षीय गुमशुदा बालक को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों को सौंप दिया। बच्चे के सुरक्षित मिलने पर परिजनों ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया। पुलिस के अनुसार 19 जुलाई 2026 को वीटी कंट्रोल रूम, चरखी दादरी से सूचना प्राप्त हुई कि आर्यन (12 वर्ष) पुत्र नरेंद्र, निवासी गांव अटेला बिना किसी को बताए घर से कहीं चला गया है। सूचना मिलते ही मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित पुलिस इकाइयों को तुरंत अलर्ट किया गया और बालक की तलाश शुरू कर दी गई।

सूचना मिलने के बाद बस अड्डा पुलिस चौकी प्रभारी विनोद कुमार एवं उनकी टीम ने बस अड्डा परिसर और आसपास के क्षेत्रों में गहन तलाशी अभियान चलाया। पुलिस ने संभावित स्थानों पर लगातार खोजबीन की और सतत प्रयासों के बाद गुमशुदा बालक आर्यन को सकुशल बरामद कर लिया।

आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद बालक को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। अपने बच्चे के सुरक्षित मिलने पर परिजनों ने जिला पुलिस चरखी दादरी एवं बस अड्डा चौकी पुलिस की त्वरित कार्रवाई, संवेदनशीलता और अथक प्रयासों की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

# बहल से तोशाम मार्ग पर हुआ भयानक सड़क हादसा

## डमफर व ट्राले की टक्कर के बाद लगी डमफर व ट्राले में लगी आग, एक ड्राइवर की जलकर मौत,दूसरा गंभीर

**दैनिक समाज जागरण,**
**जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 20 जुलाई। ईशरवाल-तोशाम मार्ग पर रोढ़ा मोड़ के पास डंपर व ट्राले की जबरदस्त टक्कर से दोनों वाहनों में भयंकर आग लग गई। आग में ट्राला चालक की जिंदा झुलसने से मौत हो गई। जबकी दूसरे डंपर चालक को दुकानदार कड़ी मशक्कत कर बचाने में कामयाब रहे। डंपर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसको मौके से एंबुलेंस के माध्यम से उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया। आग लगने की सूचना के बाद डीएसपी दलीप सिंह व पुलिस टीम मौके पर पहुंची। शव को बाहर निकालने के लिए एचडीआरएफ की टीम व एफएसएल की टीम भी मौके पर पहुंची। समाचार लिखे जाने तक पुलिस कार्रवाई में जुटी हुई थी।

सोमवार दोपहर करीबन ढाई बजे ईशरवाल- तोशाम मार्ग पर रोढ़ा मोड़ के पास डंपर व ट्राले की टक्कर हो जाने पर आग लग गई। ट्राला चालक लोहारू की तरफ से ईशरवाल आ रहा था वहीं डंपर चालक ईशरवाल से लोहारू की तरफ जा रहा था। ट्राला चालक काफी तेज स्पीड में बताया जा रहा है। ट्राला चालक यूपी के अलीगढ़ के नजदीक छारा मंडी से मक्का भरकर ईशरवाल आ रहा था। जबकि डंपर चालक मंढान के नजदीक चल रहे रास्ते के काम पर रोड़ी खाली कर लौट रहा था। तेज स्पीड होने के कारण ट्राला चालक अपनी गाड़ी को काबू नहीं कर पाया। जिसके कारण यह हादसा हो गया। हादसे में राजस्थान के खेतड़ी के नजदीक गांव का 40 वर्षीय ट्राला चालक मुन्नाराम आग लगने के कारण केबिन के अंदर ही झुलस गया। मृतक दो बच्चों का पिता बताया जा रहा है।

हादसे से करीबन 8 किलोमीटर पहले ट्रक से गिरे मक्का के बैग---



-प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो हादसे से करीबन 8 किलोमीटर पहले ट्राले से मक्का से भरे हुए करीबन 15 बैग गिर गए। बैग गिरने के बाद वह उनको दोबारा लोड कर चल पड़ा। अनहोनी को ही मंजूर था कि दोबारा बैग लोड करके 8 किलोमीटर की दूरी ही तय की और हादसे की जगह से करीबन 500 मीटर की दूरी पर ही उसको अपनी गाड़ी से बैग खाली करने थे। हादसे में डंपर चालक को बचाकर दुकानदारों ने दी इंसानियत की मिसाल-----

दुकानदारों ने बताया कि टक्कर जबरदस्त थी। टक्कर लगते ही ट्राले के केबिन में आग लग गई। जबकि डंपर तक आग की कम लपटे पहुंची। दुकानदारों ने इंसानियत की मिसाल कायम कर डंपर चालक को जेसीबी की सहायता से बचा लिया। डंपर चालक नवीन बचाव के लिए चिल्लाता रहा। दुकानदारों ने उसकी मदद कर उसको निकाल तुरंत एंबुलेंस की सहायता से अस्पताल भिजवाया गया। आग तेज होने के कारण दूसरे को बचा नहीं पाए।

करीबन 19 मिनट में सिवानी से ईशरवाल पहुंची अग्निशमन की गाड़ी----

हादसे की सूचना मिलते ही अग्निशमन की गाड़ी करीबन 22 किलोमीटर का सफर तय कर 19 मिनट में सिवानी से ईशरवाल पहुंची। करीबन 20 मिनट बाद आग पर काबू पाया। दोनों तरफ लगा लंबा जाम---- हादसे के बाद ईशरवाल, लोहारू व तोशाम की ओर लंबा जाम लग गया था। जो कि करीबन आधे घन्टे बाद आग पर काबू पाने के बाद खुल गया।

इस बारे में डीएसपी दलीप सिंह ने बताया कि पुलिस टीम मौके पर पहुंची हुई है। कार्रवाई की जा रही है। जाम खुलवा दिया गया है।

# टीम इंडिया के सभी 4 छात्रों ने ताशकंद, उज्बेकिस्तान में आयोजित 58 वें अंतर्राष्ट्रीय रसायन विज्ञान ओलंपियाड में स्वर्ण पदक जीते

## ताशकंद, उज्बेकिस्तान में 10 से 19 जुलाई २०२६ तक आयोजित 58वें अंतर्राष्ट्रीय रसायन विज्ञान ओलंपियाड (आईसीएचओ) २०२६ में भारत ने शानदार प्रदर्शन किया। टीम के सभी चारों छात्रों ने स्वर्ण पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया।

इन छात्रों के नाम हैंः देबदत्त प्रियदर्शी (स्वर्ण), भुवनेश्वर, ओडिशा हर्षित सिंगला (स्वर्ण), मंडी गोबिंदगढ़, पंजाभ कबीर छिल्लर (स्वर्ण), दिल्ली संदीप कुची (स्वर्ण), हैदराबाद, तेलंगाना भारत से चार जूरी सदस्य थे जिनमें प्रो. सुभजीत बंद्योपाध्याय प्रमुख सलाहकार के रूप में, डॉ. इंद्राणी सेन (एचबीसीएसई, मुंबई) सलाहकार के रूप में, डॉ. अनुबेंदु अधिकारी (आईआईटी खड़गपुर) और डॉ. जयश्री गोपालकृष्णन (एनईएस रत्नम कॉलेज ऑफ आर्ट्स, साइंस एंड कॉमर्स, मुंबई) वैज्ञानिक पर्यवेक्षकों के रूप में शामिल थे। देश के हिसाब पदक तालिका में भारत ने चीन, वियतनाम तथा रूस के व्यक्तिगत प्रतिभागी समूह ग्रुप बी के साथ संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस वर्ष 93 देशों के 363 छात्रों ने अंतर्राष्ट्रीय रसायन विज्ञान ओलंपियाड में हिस्सा लिया, जिससे यह अब तक का सबसे बड़ा आईसीएचओ बन गया। सभी चारों छात्रों द्वारा स्वर्ण पदक जीतने के साथ यह आईसीएचओ में भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और पहली बार सभी स्वर्ण पदक जीतने की ऐतिहासिक उपलब्धि है। इस प्रतियोगिता में प्रायोगिक एवं सैद्धांतिक, दोनों पहलू शामिल थे। सैद्धांतिक परीक्षा में कुल 9 प्रश्न शामिल थे। इनमें पौधों के अर्क से बने एक नीले विलयन तथा कोयला भंडार में मिले एक पीले पत्थर (जो कथित रूप से एविसेना की प्रयोगशाला में भी मिला था) की संरचना की पहचान, दोलनशील बीजेड अभिक्रिया की गतिकी, विभिन्न क्रियात्मक कार्बनिक यौगिकों का उपयोग करके छिद्रयुक्त ढांचा सामग्री का निर्माण तथा उटार्बुलक में तीन वर्षों तक जलती रही प्राकृतिक गैस की आग बुझाने के लिए वर्ष 1966 में किए गए ऐतिहासिक विस्फोट में प्रयुक्त यूरेनियम के द्रव्यमान का अनुमान लगाना; चार समान वसीय अम्ल अवशेषों वाले एक किराल कार्डियोलिपिन (जो फॉस्फोएस्टर का एक प्रकार है तथा कोशिका के भीतर की झिल्लियों का महत्त्वपूर्ण घटक है) की संरचना का निर्धारण, नवीन कार्बन अपररूपों, साइक्लोकार्बन,का उपयोग कर मैक्रोसाइक्लिक धातु कॉम्प्लेक्स की सहायता से उन्हें स्थिर बनाते हुए नैनो आकार की आणविक बेल्ट का निर्माण, संक्रमण धातु उत्प्रेरकों की सहायता से अमोनिया उत्पादन संयंत्रों में नाइट्रोजन स्थिरीकरण, वायुमंडलीय कार्बन डाइऑक्साइड का उत्प्रेरक अपचयन



तथा दक्षता बढ़ाने के लिए प्रकाश संवेदी पदार्थों का उपयोग, और साइक्लोडेक्स्ट्रिन के कृत्रिम समरूपों की अभिक्रियाओं के माध्यम से विद्यार्थियों की स्टीरियो रसायन एवं क्षेत्र-विशिष्ट रूपांतरणों की समझ की परख जैसे विषय शामिल थे।

प्रायोगिक परीक्षा में कुल 3 प्रश्न शामिल थे। इनमें (i) दिए गए (अज्ञात अभिकर्मकों) का उपयोग करके एक मेटल कॉम्प्लेक्स का संश्लेषण और गुणात्मक विश्लेषण तथा कॉम्प्लेक्सोमेट्रिक अनुमापन द्वारा इसकी संरचना का विश्लेषण;, (ii) पांच दिए गए एंजाइम मिश्रणों की सहायता से सूक्ष्म-स्तरीय परीक्षणों के माध्यम से 20 जैव-रासायनिक मिश्रणों (जैसे ग्लूकोज, यूरिया, यूरिक अम्ल, कोलेस्ट्रॉल का एस्टर तथा एक तेल) की पहचान, तथा (iii) पीएच -मीट्रिक अनुमापन द्वारा तीन अम्लीय मिश्रणों की संरचना का निर्धारण और इसके बाद दो सूचक विलयनों, एक लाल पत्तागोभी से प्राप्त प्राकृतिक सूचक तथा दूसरा दो सूचकों के मिश्रण,का पीएच मीट्रिक के माध्यम से विश्लेषण शामिल था।

हम सभी छात्रों तथा प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्यों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर हार्दिक बधाई देते हैं। साथ ही, एचबीसीएसई की रसायन विज्ञान ओलंपियाड प्रकोष्ठ तथा बाहरी शिक्षकों एवं मार्गदर्शकों के संसाधन समूह की भी सराहना करते हैं, जिन्होंने एचबीसीएसई में आयोजित अभिमुखीकरण एवं प्रस्थान-पूर्व प्रशिक्षण शिविरों के दौरान टीम को उत्कृष्ट रूप से तैयार किया।

यह आईसीएचओ में भारत की 27वीं भागीदारी थी। इन सभी वर्षों में भारत के 32% छात्रों ने स्वर्ण पदक, 51% छात्रों ने रजत पदक और 17% छात्रों ने कांस्य पदक प्राप्त किए हैं।